बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
विजया VIJAYA
देना DENA

# डिजिटल माध्यम से प्रभावी और सुविधाजनक बैंकिंग

# MAKING BANKING EFFECTIVE AND CONVENIENT DIGITALLY



## वार्षिक रिपोर्ट
## ANNUAL REPORT
## 2020-21

# विषयसूची

# Index


| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| अध्यक्ष का संदेश | 06 |
| प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधकारी का वक्तव्य | 10 |
| निदेशकों की रिपोर्ट | 16 |
| कार्पोरेट गवर्नेनन्स पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण–पत्र | 68 |
| कार्पोरेट गवर्नेन्स रिपोर्ट | 70 |
| एमडी व सीईओ द्वारा घोषणा | 109 |
| सचिवालीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट | 110 |
| महत्वपूर्ण वित्तीय सूचक | 113 |
| तुलन पत्र | 116 |
| लाभ व हानि खाता | 117 |
| महत्वपूर्ण लेखा नीतयां | 129 |
| नकदी–प्रवाह विवरण | 222 |
| लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट | 224 |
| अपरिवर्तित अभिमत सहित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा | 239 |
| सीईओ / सीएफओ प्रमाणीकरण | 240 |
| समेकित वित्तीय विवरणियां | 241 |
| अपरिवर्तित अभिमत सहित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा – समेकित | 316 |
| सीईओ / सीएफओ प्रमाणीकरण | 317 |
| लाभांश संवितरण नीति | 318 |
| नोटिस | 320 |
| हरित पहल – शेयरधारकों सेअपील | 370 |

| Contents | Page |
|---|---|
| Chairman's Statement | 08 |
| MD & CEO's Statement | 13 |
| Directors' Report | 42 |
| Auditors' Certificate on Corporate Governance | 68 |
| Corporate Governance Report | 70 |
| Declaration by MD & CEO | 109 |
| Secretarial Audit Report | 110 |
| Key Financial Indicators | 113 |
| Balance Sheet | 116 |
| Profit & Loss Account | 117 |
| Significant Accounting Policies | 129 |
| Cash Flow Statement | 222 |
| Auditors' Report | 224 |
| Declaration of Unmodified Opinion | 239 |
| CEO / CFO Certification | 240 |
| Consolidated Financial Statement | 241 |
| Declaration of Unmodified Opinion - Consolidated | 316 |
| CEO / CFO Certification | 317 |
| Dividend Distribution Policy | 318 |
| Notice | 320 |
| Green Initiative Appeal | 370 |


**नोट :** शेयरधारक "व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट" और "बासेल-III प्रकटीकरण" को बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर देख सकते हैं / डाउनलोड कर सकते हैं.

**Note:** The Shareholders can view / download "Business Responsibility Report" and "Basel–III Disclosures" from Bank's Website www.bankofbaroda.in

# DIGITAL BANKING




बैंक बैंकिंग सेवाओं के डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी समर्थित बैंकिंग को संवर्धित ग्राहक अनुभूति हेतु आवश्यक कदम मानता है. वर्ष के दौरान ग्राहकों को आवश्यकतानुसार सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई डिजिटल पहलें शुरू की गई हैं.

बैंक ने पूर्व-अनुमोदित वैयक्तिक ऋण, यूपीआई, पासबुक और अन्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने मोबाइल ऐप्लिकेशन को संवृद्ध किया है. अब मोबाइल बैंकिंग हमारे ग्राहकों को डिजिटल समाधान प्रदान करने का केंद्र बिंदु है. नए जमाने का बैंकिंग चैनल - 'व्हाट्सऐप बैंकिंग' भी तकनीकी जानकारी रखने वाले ग्राहकों के लिए एक और टच पॉइंट के रूप में आरंभ किया गया है.

टैबलेट (टैब बैंकिंग) का प्रयोग कर बचत बैंक ग्राहकों को कागज रहित फॉर्मेट में ऑनबोर्ड किया गया है और अब यह सुविधा चालू खाता ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध करा दी गई है. डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म के निर्माण के साथ ही अब आस्तियों के लिए भी डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं, जिसमें सोर्सिंग से लेकर मंजूरी और मंजूरी से संवितरण तक की ग्राहक सुविधाओं की पूरी प्रक्रिया डिजिटलीकृत की गई है.

प्रथम चरण के रूप में, काफी कम टर्नअराउंड समय सहित सूक्ष्म वैयक्तिक ऋणों के लिए अब एंड-टू-एंड डिजिटलीकृत ऋण प्रोसेसिंग हो रही है. और आगे इसी श्रृंखला में, रिटेल और एमएसएमई उत्पादों के लिए भी डिजिटल सुविधाएं प्रदान की जाएंगी.

The Bank considers digitisation of banking services and technology enabled banking as a necessary step for enhanced customer experience. A number of digital initiatives have been launched to provide tailor-made services to the customers during the year.

The Bank has revamped its mobile application to offer services such as pre-approved personal loans, UPI and passbook among others. Mobile banking is now the centrepiece for offering digital solutions to customers. New-age banking channel – 'WhatsApp Banking' has also been launched adding one more touchpoint for tech savvy customers.

Savings bank customers are on-boarded in paperless format using tablets (TAB Banking) and now this facility is extended to current account customers as well. On the asset side, digital journeys are being extended by building a digital lending platform wherein end-to-end customer journey from sourcing to sanction to disbursement is completely digitised.

As a first step, end-to-end digitised loan processing is now functional for Micro Personal Loans, with significantly reduced turnaround time. Going forward, digital journey will be extended to Retail and MSME products.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

## Bank of Baroda secures FIRST position in Top Performing Bank category under 'EASE Reforms Index Award - Overall' basis EASE 2.0 Index Rankings

भारत सरकार के ईज 2.0 सूचकांक में, बैंक ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों में "प्रथम" स्थान प्राप्त किया है. इस सूचकांक के अनुसार, बैंक में छह मानकों 'जिम्मेदारीपूर्ण बैंकिंग', 'गवर्नेंस और मानव संसाधन', 'एमएसएमई के लिए उद्यमी मित्र के रूप में पीएसबी', 'क्रेडिट ऑफ-टेक', 'वित्तीय समावेशन और डिजिटलीकरण' तथा 'त्वरित ग्राहक सेवा' पर महत्वपूर्ण प्रगति देखी गई है. बैंक द्वारा प्राप्त इस शीर्ष रैंक ने इस दिशा में वर्षों से किए गए प्रयासों को रेखांकित किया है.

ईज 1.0 के तहत भी बैंक "द्वितीय" स्थान पर रहा, जो यह दर्शाता है कि बैंक सभी क्षेत्रों में तकनीक समर्थित, स्मार्ट बैंकिंग को अपना रहा है. उदाहरण के लिए, रिटेल और एमएसएमई सेगमेंट हेतु बैंक की संवर्धित ऋण प्रबंधन प्रणाली से टर्नअराउंड टाइम में कमी आई है. बैंक डिजिटल लेंडिंग के लिए PSBloansin59minutes एवं TReDS प्लेटफॉर्म के अग्रणियों में से एक है. शाखा-आधारित अधिकांश सेवाएं अब घर और मोबाइल से स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध हैं.

In Government of India's EASE 2.0 index, Bank secured the "First" position among all Public Sector Banks. As per the index, significant progress is seen in the Bank across six themes 'Responsible Banking', 'Governance and HR', 'PSBs as Udyamimitra for MSMEs', 'Credit off-take', 'Financial Inclusion and Digitisation' and 'Customer Responsiveness'. The top rank secured by the Bank entrenches the efforts undertaken over the years in this direction.

Even under EASE 1.0, the Bank ranked "Second", which shows that the Bank is adopting tech-enabled, smart banking in all areas. For instance, the Bank's revamped loan management system for Retail and MSME segment has led to reduced turnaround time. The Bank is one of the leaders in the PSBloansin59minutes and TReDS platform for digital lending. Most branch-based services are now accessible from home and mobile in local languages.

# FINANCIAL INCLUSION










बैंक वित्तीय समावेशन (एफआई) को एक सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ-साथ व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल के माध्यम से व्यवसाय सृजन हेतु एक महत्वपूर्ण उपाय मानता है. वर्ष के दौरान बीसी नेटवर्क में 5,200 की वृद्धि हुई है. वित्त वर्ष 2021 में एफआई खातों की कुल राशि में 26% की वृद्धि हुई है और इन खातों में औसत शेष राशि ₹ 3,985 है. बैंक समाज के सभी वर्गों विशेष रूप से ग्रामीण, अर्ध शहरी और शहरी गरीबों को सस्ती कीमत पर यूनिवर्सल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है. बैंक के पास व्यापक ग्रामीण और अर्ध-शहरी नेटवर्क है जो कुल शाखाओं का क्रमशः 35% और 25% है.

Bank considers Financial Inclusion (FI) as a social commitment as well as a value proposition to tap business through Business Correspondent (BC) Model. The BC network has increased by 5,200 during the year. The total balance in FI accounts has increased by 26% and the average balance in these accounts stands at ₹ 3,985 in FY 2021. The Bank provides universal banking services to all sections of the society especially to rural, semi urban and urban poor at an affordable cost. The Bank has an extensive rural and semi urban network constituting 35% and 25% of the total branches, respectively.

# BOB-NOWW – NEW OPERATING MODEL AND WAYS OF WORKING







बॉब-नाऊ बैंक की रूपान्तरण यात्रा है जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्राहक को बेहतर सेवा प्रदान करना है. यह यात्रा पांच स्तंभों के माध्यम से संचालित हो रही है. ये चार स्तम्भ हैं 'मोबाइल प्रथम', 'डिजिटल संचालित अनुभूति, 'पुनर्कल्पित नेटवर्क', 'उन्मुक्त कारोबारी अवसर' और 'नई कार्य प्रणाली'.

ये पहलें कारोबारी अवसर को उन्मुक्त करने और सभी हितधारकों को महत्व देने पर केंद्रित हैं.

बैंक का मोबाइल ऐप्लिकेशन ग्राहकों का प्राथमिक इंटरफेस होगा. कुछ सेवाओं को छोड़कर, जोकि शाखा में सर्वोत्तम रूप से प्रदान की जाती हैं, ग्राहक बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु मोबाइल फोन का अधिक से अधिक प्रयोग करेंगे.

प्रयास यह है कि भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे का सही सम्मिश्रण हो. बैंक नए बीसी और सरल प्रारूपों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर अपनी उपस्थिति का अधिक विस्तार करने पर विचार कर रहा है. कॉर्पोरेट बैंकिंग ग्राहकों के लिए, उनकी आवश्यकताओं की समग्र समझ के आधार पर बैंक के उपयुक्त उत्पाद और सेवाएं ऑफर की जाएंगी, जिससे पूर्ण सेवा समाधान उपलब्ध होगा.

कर्मचारियों को चुनिंदा भूमिकाओं हेतु रिमोट वर्किंग सहित एक फ्लेक्सिबल कामकाजी वातावरण का सुअवसर प्राप्त होगा. यह बैंक को सभी प्रकार के उपलब्ध कौशल समूह को आकर्षित करने और प्रतिस्पर्धी बने रहने में सहायक होगा.

BOB-NOWW is Bank's transformation journey aimed to better serve every customer. The journey is driven through five pillars. They are 'Mobile first', 'Digital-led experience', 'Reimagined network', 'Unlocked growth potential' and 'New ways of working'.

These initiatives are focused on unlocking the growth potential and creating value for all stakeholders.

Bank's mobile application will be the primary interface for customers. Apart from a few services which are best delivered at a branch, customers will increasingly be using mobile phones for meeting banking requirements.

The endeavour is to have a right mix of physical and digital infrastructure. The Bank is looking at significantly expanding its presence across locations through new BCs and lighter formats. For the corporate banking customers, suitable products and services would be offered based on holistic understanding of their needs, thereby providing a full-service solution.

Employees will enjoy a flexible working environment with remote working for select roles. This will also allow the Bank to attract all types of talent pool available and remain competitive.

## लेखापरीक्षक / AUDITORS

दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
Dass Gupta & Associates
Chartered Accountants

आर देवेन्द्र कुमार एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
R Devendra Kumar & Associates
Chartered Accountants

जे काला एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
J Kala & Associates
Chartered Accountants

व्यास एंड व्यास
सनदी लेखाकार
Vyas & Vyas
Chartered Accountants

दस्सानी एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
Dassani & Associates
Chartered Accountants

### प्रधान कार्यालय
बड़ौदा भवन, अलकापुरी, वडोदरा 390 007

### कॉर्पोरेट कार्यालय
बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26, जी-ब्लॉक,
बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (पू.),
मुंबई 400051

### निवेशक सेवाएं विभाग
7वां तल, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर,
सी-26, जी-ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (पू.),
मुंबई 400051

### रजिस्ट्रार एंड अंतरण एजेंट
**केफिन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड**
(यूनिट: बैंक ऑफ़ बड़ौदा)
सेलेनियम बिल्डिंग, टावर बी, प्लाट नं. 31 व 32,
फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा, सेरिलिंगमपल्ली,
हैदराबाद 500032

### डिबेंचर न्यासी
**आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि.**
एशियन बिल्डिंग, भू-तल,17, आर कमानी मार्ग,
बेलार्ड एस्टेट, मुंबई – 400 001
टेलीफोन: 022-40807000, ई-मेल: itsl@idbitrustee.com

**केनरा बैंक**
एफ एम एवं एस विंग, प्रधान कार्यालय नं. 112,
जे सी रोड, बेंगलुरु – 560002
टेलीफोन: 080-22223165/080-22223170
ई-मेल: hoett@canarabank.com;

**कैटलिस्ट ट्रस्टीशिप लि.**
जीडीए हाउस, प्लॉट नं. 85, भुसारी कॉलोनी (राइट),
पौड रोड, पुणे - 411 038
टेलीफोन: 020-2528 0081 ई-मेल: dt@ctltrustee.com

**सेंटबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लि.**
सेंट्रल बैंक – एमएमओ बिल्डिंग, तीसरा तल (पूर्व विंग)
55 एमजी रोड, फोर्ट, मुंबई 400001
टेलीफोन: 022- 2261 6217, फैक्स: (022) 2261 6208
ई-मेल: hv.kamdar@cfsl.in; md@cfsl.in

### Head Office
Baroda Bhavan, Alkapuri, Vadodara 390 007

### Corporate Office
Baroda Corporate Centre, C-26, G-Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai 400051

### Investor Services Department
7th Floor, Baroda Corporate Centre,
C-26, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai 400051

### Registrars & Transfer Agent
**KFin Technologies Private Limited**
(Unit: Bank of Baroda)
Selenium Building, Tower B, Plot Nos. 31 & 32,
Financial District, Nanakramguda, Serilingampally,
Hyderabad 500032

### Debenture Trustees
**IDBI Trusteeship Services Ltd.**
Asian Building, Ground Floor, 17, R Kamani Marg,
Ballard Estate, Mumbai – 400001.
Tel: 022-40807000 E-mail: itsl@idbitrustee.com

**Canara Bank**
FM&S Wing, Head Office, No. 112,
JC Road, Bangalore – 560002.
Tel: 080-22223165/080-22223170
E-mail: hoett@canarabank.com;

**Catalyst Trusteeship Ltd**
GDA House, Plot No. 85, Bhusari Colony (Right),
Paud Road, Pune - 411 038
Tel: 020 - 2528 0081 E-mail: dt@ctltrustee.com

**Centbank Financial Services Ltd**
Central Bank - MMO Bldg, 3rd Floor (East Wing)
55 MG Road, Fort, Mumbai 400001
Tel: 022- 2261 6217, Fax: (022) 2261 6208
E-mail: hv.kamdar@cfsl.in; md@cfsl.in

# निदेशक मंडल | BOARD OF DIRECTORS

डॉ. हसमुख अढिया
गैर–कार्यपालक अध्यक्ष
**Dr. Hasmukh Adhia**
Non-Executive Chairman

श्री संजीव चड्ढा
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
**Shri Sanjiv Chadha**
Managing Director & CEO

श्री शांति लाल जैन
कार्यपालक निदेशक
**Shri Shanti Lal Jain**
Executive Director

श्री विक्रमादित्य सिंह खीची
कार्यपालक निदेशक
**Shri Vikramaditya Singh Khichi**
Executive Director

श्री अजय के. खुराना
कार्यपालक निदेशक
**Shri Ajay K. Khurana**
Executive Director

श्री देबदत्त चाँद
कार्यपालक निदेशक
**Shri Debadatta Chand**
Executive Director

# निदेशक मंडल | BOARD OF DIRECTORS

**श्री अमित अग्रवाल**
भारत सरकार के नामित निदेशक
**Shri Amit Agrawal**
GOI Nominee Director

**श्री अजय कुमार**
भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक
**Shri Ajay Kumar**
RBI Nominee Director

**श्रीमती सौंदरा कुमार**
शेयरधारक निदेशक
**Smt. Soundara Kumar**
Shareholder Director

**श्री श्रीनिवासन श्रीधर**
शेयरधारक निदेशक
**Shri Srinivasan Sridhar**
Shareholder Director

| सीवीओ | CVO |
|---|---|
| श्री कौशिक शिव नारायण | MR. KAUSHIK SHIV NARAIN |
| **मुख्य महाप्रबंधक / कार्य प्रमुख** | **CGM/FUNCTIONAL HEADs** |
| श्री शर्मा रजनीश | MR. SHARMA RAJNEESH |
| डॉ. यादव रामजस | DR. YADAV RAMJASS |
| श्री मल्होत्रा राजेश | MR. MALHOTRA RAJESH |
| श्री श्रीवास्तव सुनील कुमार | MR. SRIVASTAVA SUNIL KUMAR |
| श्री रॉय जयदीप दत्ता | MR. ROY JOYDEEP DUTTA |
| श्री पुरुषोत्तम | MR. PURSHOTAM |
| श्री डुडेजा विनीत कुमार | MR. DUDEJA VINEET KUMAR |
| श्री कुमार सुब्रत | MR. KUMAR SUBRAT |
| श्री मेनन वेणुगोपाल | MR. MENON VENUGOPAL |
| श्री राठी प्रकाश वीर | MR. RATHI PRAKASH VIR |
| श्री एम जगन मोहन | MR. M JAGAN MOHAN |
| श्री एलांगो बालासुब्रमण्यम | MR. ELANGO BALASUBRAMANIAM |
| **महाप्रबंधक-मुख्य समन्वयन/महाप्रबंधक/कार्य प्रमुख** | **GM-CC/GMs/FUNCTIONAL HEADs** |
| सुश्री चक्रबर्ती डे जया | MS. CHAKRABORTY DE JAYA |
| श्रीमती रवि उषा - सीवीओ, आईडीबीआई बैंक (प्रतिनियुक्ति पर) | MRS. RAVI USHA - CVO, IDBI Bank (On Deputation) |
| श्री नामदेव दिनेश कुमार - सीवीओ, आईएफसीआई (प्रतिनियुक्ति पर) पीएफआरडीए एवं ओआईसीएल में सीवीओ के रूप में अतिरिक्त प्रभार | MR. NAMDEO DINESH KUMAR - CVO, IFCI (On Deputation) additional charge as CVO in PFRDA & OICL |
| श्री ए सुदर्शन एस | MR. A SUDARSAN S |
| श्री गुप्ता मन मोहन | MR. GUPTA MAN MOHAN |
| श्री देव हेमन्त कुमार | MR. DEO HEMANT KUMAR |
| श्री देवरकोण्डा आनंद कुमार | MR. DEVARAKONDA ANANDA KUMAR |
| श्री डोभाल संजीव | MR. DOBHAL SANJEEV |
| श्री खोसला अजय के | MR. KHOSLA AJAY K |
| श्री रमेश गोपालरत्नम | MR. RAMESH GOPALARATNAM |
| श्री ह्यांकी महिराज सिंह | MR. HYANKEY MAHIRAJ SINGH |
| श्री गुप्ता सर्वेश कुमार | MR. GUPTA SARVESH KUMAR |
| श्री ग्रोवर संजय कुमार | MR. GROVER SANJAY KUMAR |
| श्रीमती पाण्डेय अर्चना | MRS. PANDEY ARCHANA |
| श्री एल श्रीधर इनुमेल्ला वी | MR. L SRIDHAR INUMELLA V |
| श्री दास तपन कुमार | MR. DAS TAPAN KUMAR |
| श्री वेणुगोपाल एन | MR. VENUGOPAL N |
| श्री पानेरी गजेन्द्र कुमार | MR. PANERI GAJENDRA KUMAR |
| श्री गग्गड़ रमेश चंद्र | MR. GAGGAR RAMESH CHANDRA |
| श्री गुप्ता अमर नाथ | MR. GUPTA AMAR NATH |
| श्री बेहरा नित्यानंद | MR. BEHERA NITYANANDA |
| श्री ग्रोवर देवेन्दर पाल | MR. GROVER DEVINDER PAL |
| डॉ. एम कृष्णमचारी | DR M KRISHNAMACHARY |
| श्री रोहिल्ला मोहन लाल | MR. ROHILLA MOHAN LAL |
| श्री रंजन निशांत | MR. RANJAN NISHANT |
| श्री शर्मा प्रभात के | MR. SHARMA PRABHAT K |
| श्री पोलुरी श्रीनिवास रेड्डी | MR. POLURI SRINIVASA REDDY |
| श्री सिंह शैलेन्द्र एच | MR. SINGH SHAILENDRA H |

| | |
|---|---|
| श्री चौधरी कमलेश कुमार | MR. CHOUDHARY KAMLESH KUMAR |
| श्री धीरेंद्र सेट्टीपल्ली | MR. DHEERENDRA SETTIPALLI |
| श्री नायक ए सुधाकर डी | MR. NAYAK A SUDHAKARA D |
| श्री मुदलियार संजय विनायक | MR. MUDALIAR SANJAY VINAYAK |
| श्री कृष्णा एम वेंकट मुरली | MR. KRISHNA M VENKAT MURALI |
| श्री श्रीजित कोट्टाराथिल | MR. SREEJITH KOTTARATHIL |
| श्री महनोत महेन्द्र सिंह | MR. MAHANOT MAHENDRA SINGH |
| श्री के वेंकटेशन | MR. K VENKATESAN |
| श्री चोपड़ा जेठा नंद - सलाहकार, सीवीसी (प्रतिनियुक्ति पर) | MR. CHOPRA JETHA NAND - Advisor, CVC (On Deputation) |
| श्री कुमार मधुर | MR. KUMAR MADHUR |
| श्रीमती सचदेव सम्मिता | MRS. SACHDEV SAMMITA |
| श्री त्यागी ललित | MR. TYAGI LALIT |
| श्री दिनेश पंत | MR. DINESH PANT |
| श्री कुमार अश्विनी | MR. KUMAR ASHWINI |
| श्री डालाकोटी गिरीश सी | MR. DALAKOTI GIRISH C |
| श्रीमती गायत्री आर | MRS. GHAYATHRI R |
| श्री सिंह ब्रजेश कुमार | MR. SINGH BRAJESH KUMAR |
| श्री सिंह सुधांशु कुमार | MR. SINGH SUDHANSHU KUMAR |
| श्री सीताराम बुलुसु सूर्या | MR. SITARAM BULUSU SURYA |
| सुश्री केणी सविता दत्तात्रेय | MS. KENI SAVITA DATTATRAYA |
| श्री खंडेलवाल वीरेंद्र कुमार | MR. KHANDELWAL VIRENDRA KUMAR |
| श्री बंसल महेश मिठूलाल | MR. BANSAL MAHESH MITHOOLAL |
| श्री डी दास | MR. D DAS |
| श्री सुशांत कुमार मोहंती | MR. SUSHANTA KUMAR MOHANTY |
| श्री सिंह इंदर मोहन | MR. SINGH INDER MOHAN |
| श्री सोलंकी हर्षदकुमार टी | MR. SOLANKI HARSHADKUMAR T |
| श्री शर्मा सुनील कुमार | MR. SHARMA SUNIL KUMAR |
| श्री भगोलीवाल संजय | MR. BHAGOLIWAL SANJAY |
| श्री चयानी मनोज सुंदर | MR. CHAYANI MANOJ SUNDAR |
| श्री शुक्ल सौरभ रविशंकर | MR. SHUKLA SAURABH RAVISHANKAR |
| श्री नेगी रवीन्द्र सिंह | MR. NEGI RAVINDRA SINGH |
| सुश्री शेट्टी सुजया यू - एडिशनल सीवीओ, एसबीआई (प्रतिनियुक्ति पर) | MS. SHETTY SUJAYA U - Additional CVO, SBI (on Deputation) |
| श्री राव सिद्देला प्रसाद | MR. RAO SIDDELA PRASAD |
| श्री कौरा मनीष | MR. KAURA MANISH |
| श्री मित्तल पंकज | MR. MITTAL PANKAJ |
| सुश्री एम मिनी टी | MS. M MINI T |
| श्री तुली अमित | MR. TULI AMIT |
| **मुख्य वित्त अधिकारी** | **CHIEF FINANCIAL OFFICER** |
| श्री डिसूज़ा इयान गेरार्ड | MR. DESOUZA IAN GERARD |
| **निदेशक मंडल के सचिव** | **SECRETARY TO BOARD** |
| श्री डंगायच आनंद | MR. DANGAICH ANAND |
| **कंपनी सचिव** | **COMPANY SECRETARY** |
| श्री अग्रवाल प्रशांत कमल | MR. AGARWAL PRASHANT KAMAL |

## अध्यक्ष का संदेश

**डॉ. हसमुख अढ़िया**
अध्यक्ष

**प्रिय हितधारकों,**

मुझे आपके समक्ष वित्तीय वर्ष 2020-21 (विव 2021) के दौरान बैंक के कार्यनिष्पादन की प्रमुख विशेषताओं को प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है. वित्तीय वर्ष 2021 कई मायनों में एक असाधारण वर्ष रहा. कोविड-19 महामारी के प्रकोप ने इलाज के अभाव में स्वास्थ्य और आजीविका के लिए संकट उत्पन्न किया. हम उन सभी नागरिकों और सहयोगी बैंक कर्मचारियों के दु:ख की इस घड़ी में साथ खड़े हैं जिन्होंने इस महामारी में अपने प्रियजनों को खोया है. इस कठिन समय में लोगों को सेवाएं प्रदान करने में बैंक कर्मचारियों की भूमिका की मैं बड़े गर्व के साथ प्रशंसा करता हूं.

जब स्वास्थ्य संबंधी इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रणालियों में सुधार किया जा रहा था उस समय दुनिया भर के देशों ने लॉकडाउन लगाए. लॉकडाउन से आर्थिक गतिविधियाँ प्रतिकूलत: प्रभावित हुईं. संपर्क आधारित सेवाओं को सबसे अधिक नुकसान हुआ. उपभोक्ताओं को बाहर से ज्यादा घर पर समय बिताना पड़ा. परिणामस्वरूप, घरेलू सामानों और डिजिटल रूप से दी जा रही सेवाओं की मांग बढ़ गई.

लॉकडाउन से पैदा हुए आउटपुट गैप को विस्तारवादी मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों से पूरा किया गया. विश्व स्तर पर, यूएस फेडरल रिजर्व की अगुवाई में केंद्रीय बैंकों ने ब्याज दरों को कम किया और अर्थ-सुलभता को बढ़ाने के लिए आस्ति खरीदी कार्यक्रम आयोजित किए. महामारी के कारण उत्पन्न हुए आर्थिक प्रभावों को कम करने के लिए त्वरित रूप से राजकोषीय नीति लागू की गई.

भारत सरकार ने सीमांत परिवारों को नकद ट्रांसफर से लेकर खाद्यान्न बांटने, ग्रामीण रोजगार खर्च में वृद्धि, उच्च पूंजी निवेश और एमएसएमई तथा महामारी से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों के लिए ऋण गारंटी योजना जैसे आर्थिक उपायों की घोषणा की. अपनी काउंटर साइक्लिकल राजकोषीय नीति के हिस्से के रूप में केंद्र ने वित्त वर्ष 2021 में अपने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 9.5% तक बढ़ा दिया.

भारतीय रिजर्व बैंक ने न केवल अपनी नीतिगत दर को 115 आधार अंक घटाकर 4% किया, बल्कि अर्थ-सुलभता बढ़ाने जैसे उपाय भी किए. भारतीय रिज़र्व बैंक ने कुल मिलाकर 15.7 लाख करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की जो जीडीपी का 8% है. इसने बैंकों को महामारी से प्रभावित ग्राहकों को मॉरिटोरियम का विकल्प देने के लिए भी कहा. भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को महामारी से प्रभावित एमएसएमई और खुदरा ग्राहकों के ऋणों को पुनर्गठित करने की भी अनुमति प्रदान की. कामत समिति ने महामारी से प्रभावित ऐसे क्षेत्रों की पहचान की, जहां कॉर्पोरेट ऋणों का पुनर्गठन किया जा सकता है.

लॉकडाउन ने हमारे स्वास्थ्य संबंधी इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने का मौका दिया. सितंबर में चरम पर पहुंचने के बाद संक्रमितों की संख्या में भी कमी आने लगी. सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किए गए उपायों और अर्थव्यवस्था के खुलने से अक्टूबर 2020 से विकास दर में सुधार हुआ. दुनिया भर के वैज्ञानिकों ने वैक्सीन विकसित किए जो कोविड-19 के प्रति काफी कारगर साबित हुई. भारत भी उन कुछ देशों में से एक है जो स्वदेशी वैक्सीन की खोज करने में सफल रहा.

### बैंकिंग क्षेत्र - महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन

इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान बैंकिंग सेवाएं चालू रही हैं और बैंकों ने भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा घोषित विभिन्न आर्थिक उपायों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा भी महामारी से प्रभावित ग्राहकों को मॉरिटोरियम और पुनर्गठन की सुविधा उपलब्ध कराने में आगे रहा. बैंक ने सॉवरेन क्रेडिट लिंक्ड गारंटी के तहत ग्राहकों को ऋण सुविधा भी प्रदान की. बैंक ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित लाभार्थियों को धनराशि भी ट्रांसफर की.

### डिजिटलीकरण

डिजिटल रूप से बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की उतनी आवश्यकता कभी भी महसूस नहीं की गई जितनी कि यह वर्तमान समय में महसूस हुई. बैंक ऑफ़ बड़ौदा ग्राहक अनुभवों को बढ़ाने की योजना के तहत अपने परिचालनों और सेवाओं का डिजिटलीकरण कर रहा है. उदाहरण के लिए, शाखाओं द्वारा अधिकतम जमा खाते कागज रहित प्रक्रिया के माध्यम से

खोले गए हैं. मोबाइल हैंडसेट और मोबाइल ऐप्लिकेशन की सर्वव्यापकता को देखते हुए मोबाइल बैंकिंग अब हमारे ग्राहकों को डिजिटल समाधान उपलब्ध कराने के लिए केंद्र बिंदु के रूप में है. इस उद्देश्य से हमने अधिक से अधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने मोबाइल ऐप्लिकेशन में सुधार किए हैं.

बैंक ने अब एक डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म तैयार कर आस्ति पक्ष पर अपनी डिजिटल पेशकश का विस्तार किया है, जिसमें सोर्सिंग से लेकर मंजूरी और संवितरण तक की ग्राहक प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल किया जा रहा है. यह हमें बाजार में प्रतिस्पर्धी बने रहने और अपने ग्राहकों को बेहतर उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाएगा.

## हमारे प्रयासों की सराहना – ईएएसई (EASE)

भारत सरकार द्वारा सभी छह विषयों अर्थात् 'जिम्मेदारीपूर्ण बैंकिंग', 'गवर्नेंस एवं मानव संसाधन', 'एमएसएमई हेतु उद्यमी मित्र के रूप में पीएसबी', 'क्रेडिट ऑफ-टेक', 'वित्तीय समावेशन एवं डिजिटलीकरण' और 'ग्राहकों के प्रति उत्तरदायित्व' से संबंधित मानदंडों के आधार पर (मार्च 2019 से मार्च 2020 आज तक) ईएएसई 2.0 पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की रैंकिंग की गई है.

यह बड़े गर्व की बात है कि भारत सरकार के ईएएसई 2.0 इंडेक्स में बैंक को "प्रथम" स्थान प्राप्त हुआ है. उल्लेखनीय है कि ईएएसई 1.0 में हम दूसरे स्थान पर थे. बैंक में रूपांतरण के प्रयास अपने परिणाम दिखा रहे हैं और मैं इन्हें हासिल करने में हमारी मदद करने के लिए अपने सभी हितधारकों, विशेष रूप से कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूं.

## वित्तीय कार्यनिष्पादन

वित्त वर्ष 21 के दौरान चुनौतियों के बीच बैंक का वित्तीय कार्यनिष्पादन संतोषजनक रहा है. वर्ष-दर-वर्ष आधार पर आस्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है और जीएनपीए अनुपात पिछले वर्ष के 9.40% से घटकर 8.87% रहा है. वर्ष के दौरान आवास, ऑटो और कृषि जैसे चुनिंदा क्षेत्रों में ऋण वृद्धि बैंकिंग उद्योग से ऊपर रही है. 31 मार्च, 2021 को बैंक की घरेलू कासा जमा में 16.48% की वृद्धि हुई है और कासा अनुपात बढ़कर 42.87% हो गया है, जिसमें मार्च, 2020 की तुलना में 380 आधार अंकों की वृद्धि हुई है.

बैंक ने समामेलन के बाद अपने शाखा नेटवर्क में सुधार किया है. शाखाएं और एटीएम जो एक-दूसरे के बहुत नजदीक स्थित थे उन्हें मिलाकर एक जगह लाया गया है और इस प्रकार इस विलय की सहक्रियता का लाभ उठाया गया है. वर्ष के दौरान बैंक के अन्य परिचालन व्यय में गिरावट आई है.

बैंक ने आयकर की नई व्यवस्था के अंतर्गत अपेक्षाकृत कम टैक्स वाले स्ट्रक्चर को अपनाया है. तथापि, बैंक ने वित्त वर्ष 2020 में ₹ 546 करोड़ के मुकाबले ₹ 829 करोड़ का कर पश्चात लाभ दर्ज किया है.

बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) पिछले वर्ष के 13.30% से बढ़कर 31 मार्च, 2021 को 14.99% रहा है, क्योंकि बैंक ने वर्ष में इक्विटी पूंजी के माध्यम से रू. 4,500 करोड़ जुटाए थे. बैंक ने रू. 3,735 करोड़ के एटी-I बांड जारी कर अतिरिक्त निधियां भी जुटायी हैं.

## भविष्य के लिए रूपांतरण

भविष्य के बैंक के पास भौतिक और डिजिटल उपस्थिति का सही मिश्रण होगा. बैंक ने एक नई पहल "बॉब नाऊ– नई परिचालनगत संरचना एवं कार्य प्रणाली" की शुरूआत की है. इस पहल का उद्देश्य डिजिटल प्रारूपों और व्यवसाय प्रतिनिधि नेटवर्क के माध्यम से ग्राहक संपर्क बिंदुओं को बढ़ाकर अपने शाखा नेटवर्क को सही आकार देना है. ऋण प्रक्रिया सहित ग्राहक इंटरफेस अधिक डिजिटल होगा. नकदी प्रबंधन समाधान और सप्लाई चेन फाइनेंस जैसी बैंकिंग सेवाओं की क्रॉस बिक्री के माध्यम से संपूर्ण कॉर्पोरेट वैल्यू चैन को कैप्चर करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है. कर्मचारियों के लिए कार्य परिवेश अधिक लचीला होगा एवं चुनिंदा भूमिकाओं के लिए कहीं से भी काम करने का विकल्प होगा.

## आगे की राह

जब आर्थिक वृद्धि में तेजी आ रही थी, दुनिया और भारत दूसरी लहर की चपेट में आ गए. कई भारतीय राज्यों को महामारी के प्रसार को रोकने के लिए स्थानीय रोकथाम उपायों की घोषणा करनी पड़ी. भारतीय रिज़र्व बैंक दूसरी लहर से प्रभावित एमएसएमई, छोटे व्यवसायों और व्यक्तियों के लिए समाधान फ्रेमवर्क 2.0 की घोषणा पहले ही कर चुका है.

दूसरी लहर कुछ समय के लिए विकास की संभावनाओं को प्रभावित करेगी किंतु भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा बरकरार रहेगी. सरकार ने कई सुधारों और आर्थिक उपायों की घोषणा की है जैसे कि निजीकरण नीति, डिजिटलीकरण पर जोर और कई विकास क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन.

हम बैंक ऑफ़ बड़ौदा में, सरकार द्वारा घोषित पहलों में भाग लेने और आगे बढ़ने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं. हमने पूंजी जुटाई है और 31 मार्च, 2021 को 81.80% का उच्च प्रावधान कवरेज अनुपात बनाए रखा है. हम एक ऐसा दक्ष संगठन बनाने के लिए अपनी प्रक्रियाओं, उत्पादों और सेवाओं को रूपांतरित कर रहे हैं जहां कर्मचारियों के लिए मिश्रित कार्यप्रणाली उपलब्ध होगी एवं चुनिंदा भूमिकाओं के पास कहीं से भी काम करने का विकल्प होगा. इस यात्रा का सहभागी बनना मेरे लिए हर्ष का विषय है.

**हसमुख अढ़िया**
अध्यक्ष

# CHAIRMAN'S STATEMENT

Dear Stakeholders,

It gives me great pleasure to place before you the highlights of the Bank's performance during the financial year 2020-21 (FY 2021). FY 2021 was an extraordinary year in many respects. The outbreak of the COVID-19 pandemic threatened the health and livelihoods, in absence of a cure. We share the grief of our fellow citizens and employees of the bank who have lost their near and dear ones in this pandemic. I admire with a sense of pride the role played by bank employees in giving services to people during these difficult times.

Countries all over the world imposed lockdowns while health infrastructure and systems were being ramped up. Lockdowns meant economic activity took a backseat. Contact intensive services suffered the most. Consumers had to spend more time at home than outside. As a result, demand for household goods and digitally delivered services soared.

The output gap created by lockdowns was filled in by expansionary monetary and fiscal policies. Globally, central banks reduced interest rates led by US Federal Reserve and conducted asset purchase programmes to inject liquidity. Fiscal policy moved hand-in-hand in order to mitigate the economic impact left by the pandemic.

Government of India announced economic measures ranging from cash transfers to allocation of food grains to marginal households, increase in rural employment spends, higher capital investments and credit guarantee scheme for MSMEs and sectors most impacted by the pandemic. As a part of its counter cyclical fiscal policy, Centre expanded its fiscal deficit to 9.3% of GDP in FY 2021.

RBI not only reduced its policy rate by 115bps to 4% but also took measures such as liquidity injection. Overall ₹ 15.7 lakh crore support was provided by RBI amounting to 8% of GDP. It also advised banks to offer moratorium to customers impacted by the pandemic. RBI also allowed banks to restructure loans to MSME and retail customers who have been impacted by the pandemic. The Kamath Committee identified sectors impacted by the pandemic where corporate loans could be restructured.

The lockdown gave time to ramp up our health infrastructure. The number of infections also started

Dr. Hasmukh Adhia
Chairman

falling after the peak reached in September. The measures announced by the Government and RBI and the opening up of the economy led to growth recovery from October 2020 onwards. Scientists all over the world developed vaccines which proved quite effective against COVID-19. India was one of the few countries able to discover an indigenous vaccine.

## Banking sector - playing instrumental role

During these challenging times, banking services have been operational and have played a key role in implementing various economic measures announced by Government of India and RBI. Bank of Baroda was instrumental in offering moratorium and restructuring to customers impacted by the pandemic. The Bank also extended credit lines to customers under sovereign credit linked guarantee. Bank also transferred funds to beneficiaries identified by Government of India.

## Digitisation

The need for digitally delivering banking services has never been felt as much as during the current times. Bank of Baroda has been digitising its operations and services as part of enhancing customer experience. For instance, a large proportion of deposit accounts opened by branches are in paperless format. Given the

ubiquity of a mobile handset and mobile application, mobile banking is now the centrepiece for offering digital solutions to our customers. For this, we have revamped our mobile application to offer more and more services.

The Bank has now extended its digital offering on the asset side as well by building a digital lending platform wherein end-to-end customer journey from sourcing to sanction to disbursement is being completely digitised. This will enable us to compete in the marketplace and offer superior products and services to our customers.

## Recognition of efforts - EASE

Government of India has been ranking Public Sector Banks on the EASE 2.0 parameters across six themes namely 'Responsible Banking', 'Governance and HR', 'PSBs as Udyamimitra for MSMEs', 'Credit off-take', 'Financial Inclusion and Digitisation' and 'Customer Responsiveness' .

It is a matter of great pride that the Bank has been ranked "First" in the Government of India's EASE 2.0 index. Notably, in EASE 1.0 we were ranked "Second". The transformation effort at the Bank is showing results and I thank all our stakeholders, especially employees, for helping us achieve this.

## Financial Performance

During FY 2021, the Bank's financial performance was resilient amidst the challenges. The asset quality has improved with GNPA ratio trending down to 8.87% from 9.40% in the previous year. The credit growth in select segments such as housing, auto and agriculture was above industry during the year. Bank's domestic CASA deposits increased by 16.48% as on March 31, 2021 and CASA ratio increased to 42.87%, an increase of 380 bps over March 2020.

The Bank has also optimised its branch network after amalgamation. Branches and ATMs which were in close proximity to each other have been brought together under one roof thus reaping synergies from the merger. The Bank's other operating expenses declined over the year.

Bank moved to lower tax structure under the new regime of Income Tax Act. Still, the Bank reported profit after tax of ₹ 829 crore as against ₹ 546 crore in FY 2020.

Bank has increased its capital adequacy ratio (CRAR) to 14.99% as of March 31, 2021 from 13.30% last year as the Bank has raised ₹ 4,500 crore by way of equity capital in the year. The Bank also raised additional funds through AT-I bond issuances of ₹ 3,735 crore.

## Transforming for the future

The Bank of the future will have the right mix of physical and digital presence. Bank has introduced a new initiative "BOB NOWW—New Operating model and Ways of Working". The initiative is aimed at rightsizing our branch network by increasing customer touch points through digital formats and business correspondent network. Customer interface for lending will be more digital. The focus is on capturing the entire corporate value chain by cross-selling banking services such as cash management solution and supply chain finance. For the employees, the work environment will be more flexible with option to work from anywhere for select roles.

## Looking ahead

As the economic recovery was gaining ground, the world and India have been gripped by a second wave. A number of Indian states had to announce local containment measures to curtail the spread of the pandemic. RBI has already announced Resolution Framework 2.0 for MSMEs, small businesses and individuals impacted by the second wave.

While the second wave will impact growth prospects in the short-term, India's long-term growth trajectory remains intact. Government has announced a series of reforms and economic measures such as privatisation policy, thrust on digitisation and production linked incentives for a number of growth sectors.

We at Bank of Baroda are well placed to grow and participate in the initiatives announced by the Government. We have raised capital and maintained a high Provision Coverage Ratio of 81.80% as of March 31, 2021. We are transforming our processes, products and services to create an agile organisation where employees will have hybrid working formats with select roles having the option to work from anywhere. I am pleased to be part of this journey.

**Hasmukh Adhia**
Chairman

# प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का वक्तव्य

**संजीव चड्ढा**
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रिय हितधारकों,

हम सभी के लिए यह वर्ष चुनौतीपूर्ण रहा है. मैं आशा करता हूं और यह मेरी कामना है कि आप सभी स्वस्थ और सुरक्षित होंगे. पूरा विश्व महामारी से प्रभावित हो चुका है. आरंभ में, वायरस को रोकने का एकमात्र उपाय सामाजिक दूरी था. अतः सरकारों को आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने के लिए लॉक-डाउन घोषित करना पड़ा. तथापि, एक वर्ष के भीतर ही वैज्ञानिकों ने वायरस से लड़ने के लिए टीके विकसित कर लिए हैं. आबादी के बड़े हिस्से का टीकाकरण करने वाले देशों के शुरुआती परिणाम उत्साहवर्धक हैं.

बैंकिंग एक आवश्यक सेवा है और यह पूरे वर्ष परिचालनगत रही. हमारी शाखाओं ने लॉकडाउन और महामारी के सबसे बुरे दौर में भी निर्बाध रूप से कार्य किया. बैंक ने नकदी अंतरण, सॉवरेन क्रेडिट गारंटी के पेटे एमएसएमई ऋणकर्ताओं के खातों की पुनर्संरचना करके या ऋण देकर अर्थव्यवस्था को मजबूती देने हेतु सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक के राहत उपायों को कार्यान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. हमारे कर्मचारियों ने अदम्य साहस का परिचय दिया और ग्राहकों को सेवाएं प्रदान की. हम अपने स्टाफ सदस्यों के द्वारा किए गए बलिदानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते है जो इस कठिन दौर में हमारे बैंक के मजबूत स्तंभ रहे है. बैंक ने अपने कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य और हितों की रक्षा के लिए टीकाकरण अभियान चलाने सहित कई उपाय किए.

देश में अब दूसरी लहर का प्रभाव कम हो रहा है. इन चुनौतियों के बावजूद आस्ति गुणवत्ता, जमाराशियों, ऋण वृद्धि, लाभप्रदता और पूंजी के मामले में बैंक का प्रदर्शन सुदृढ़ रहा है. ग्राहकों को डिजिटल समाधान ऑफर करने के बैंक के प्रयासों से ग्राहकों को डिजिटल रूप से सेवा प्रदान करने में मदद मिली. बैंकिंग सेवाओं को ऑफर करने के लिए बैंक का मोबाइल ऐप्लिकेशन प्रमुख केंद्रबिंदु बन गया है. जमाकर्ता ग्राहकों को डिजिटल रूप से जोड़ा गया तथा बैंक डिजिटल रूप से ऋण मंजूर करने और संवितरित करने के लिए प्लेटफार्म तैयार कर रहा है.

विगत वर्ष की प्रमुख उपलब्धियां संक्षेप में निम्नानुसार हैं.

## सुदृढ़ आस्ति गुणवत्ता

महामारी के आर्थिक प्रभाव के बावजूद बैंक की आस्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है. बैंक का सकल अनर्जक अनुपात 31 मार्च, 2020 के 9.40% की तुलना में 31 मार्च, 2021 को गिरावट के साथ 8.87% हो गया है. यह उत्साहजनक है कि घरेलू कॉर्पोरेट ऋण चक्र में परिवर्तन के कारण घरेलू ऋण लागत पिछले वित्तीय वर्ष के 2.51% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान गिरावट के साथ 1.54% रही. 31 मार्च, 2021 को बैंक का समग्र प्रावधान कवरेज अनुपात (टेक्निकल राइट-ऑफ सहित) 81.80% पर स्थिर है.

## सुदृढ़ जमा फ्रैन्चाइज

वित्त वर्ष 2021 के दौरान बैंक के घरेलू कासा जमा में 16.48% की वृद्धि हुई. कासा जमाओं के तहत, बैंक की चालू खाता जमाओं में 24.09% और बचत जमाओं में 15.06% की वृद्धि हुई. इस प्रकार बैंक का कासा अनुपात 31 मार्च, 2020 के 39.07% से बढ़कर 31 मार्च, 2021 को 380बीपीएस की वृद्धि के साथ 42.87% हो गया. इसे ग्राहकों के डिजिटल ऑनबोर्डिंग, बैंक के अत्याधुनिक नकदी प्रबंधन समाधान की शुरूआत

और कई साझेदारियों, जिनमें से एक कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) के साथ की गई साझेदारी है, के कारण हासिल किया जा सका है.

### ऋण व्यवसाय में बढ़त

वित्त वर्ष 2021 में बैंक की घरेलू ऋण बढ़त औद्योगिक बढ़त के 5% के अनुरूप रही. यद्यपि कॉर्पोरेट उधारकर्ता अपनी निधियन आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु बॉन्ड बाजार की ओर अग्रसर रहे, तथापि बैंक अपने एमएसएमई, खुदरा और कृषि पोर्टफोलियो में दोहरे अंक की बढ़त बनाने में सफल रहा. सरकारी सोवरेन गारंटी के कारण एमएसएमई पोर्टफोलियो में अच्छी वृद्धि हुई. स्वर्ण ऋण में 32.64% की वृद्धि के कारण कृषि सेगमेंट में उछाल आया. रिटेल ऋण पोर्टफोलियो के तहत प्रतिभूत और गैर-प्रतिभूत दोनों ऋणों में व्यापक वृद्धि देखी गई. उदाहरणस्वरूप, वित्त वर्ष 2021 में हमारी ऑटो और वैयक्तिक ऋण बही में क्रमशः 27.79% और 27.21% की वृद्धि हुई.

### बेहतर लाभप्रदता

बैंक वित्त वर्ष 2021 में अपने परिचालनगत लाभ में 9.17% की वृद्धि दर्ज करते हुए इसे ₹ 20,630 करोड़ करने में सफल रहा. यह अधिक लागत व्यय को सख़्ती से नियंत्रित करने से संभव हुआ. परिणामस्वरूप, बैंक का कर-पूर्व लाभ वित्त वर्ष 2020 में ₹ 1,802 करोड़ की हानि के सापेक्ष बढ़कर ₹ 5,556 करोड़ हो गया. बैंक ने न्यून कर दर संरचना को भी अपनाया है. आस्थगित कर आस्ति (डीटीए) के रिवर्सल होने के बावजूद, बैंक ने वित्त वर्ष 2020 में ₹ 546 करोड़ के सापेक्ष वित्त वर्ष 2021 में ₹ 829 करोड़ का कर-पश्चात लाभ अर्जित किया. यदि डीटीए के एकमुश्त प्रभाव को समायोजित किया गया होता तो कर के पश्चात बैंक का लाभ ₹ 4,143 करोड़ होता.

### सुदृढ़ पूंजी स्थिति

बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 31 मार्च, 2020 के 13.30% के सापेक्ष 31 मार्च, 2021 को बढ़कर 14.99 % रहा. यह ₹ 4,143 करोड़ के आंतरिक उपचय, ₹ 4,500 करोड़ की नई इक्विटी जारी करने और ₹ 3,735 करोड़ के एटी-I बॉन्ड के कारण संभव हुआ. इसके परिणामस्वरूप, स्टैंडअलोन आधार पर बैंक का सीईटी-I अनुपात 31 मार्च, 2020 के 9.44% की तुलना में 31 मार्च, 2021 को बढ़कर 10.94% रहा. 31 मार्च, 2021 को समेकित आधार पर बैंक का सीआरएआर 15.74% और सीईटी-I 11.80% रहा.

### 'बॉब नाऊ' – नया परिचालन मॉडल और कार्यप्रणाली

पिछले वर्ष की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बैंक ने बॉब नाऊ नामक एक देशव्यापी रूपांतरण कार्यक्रम के अंतर्गत लाभप्रद तथा सुदृढ़ वृद्धि के लिए नया मार्ग प्रशस्त किया है. यह बैंक को भविष्य के लिए रूपांतरित करने का लक्ष्य रखता है. इसके मूल में, प्रत्येक ग्राहक को अनुकूल उत्पादों के साथ बेहतर सेवाएं प्रदान करना और ग्राहक केंद्रीयता को सुदृढ़ करना है. कर्मचारियों को कुछ भूमिकाओं तथा हाईब्रिड एम्प्लॉयमेंट फार्मेट के लिए दूरस्थ कार्य करने की सुविधा का विकल्प मिलेगा. बैंक द्वारा की जा रही पहलों का उद्देश्य सभी हितधारकों के लिए मूल्य सृजित कर बैंक की लागत को इष्टतम बनाना और विकास की संभावना को सुगम बनाना है.

### इसके अंतर्गत की जा रही महत्वपूर्ण पहलें निम्नानुसार है:

#### मोबाइल फर्स्ट

बैंक का मोबाइल ऐप्लिकेशन ग्राहकों के लिए प्राथमिक इंटरफेस होगा. हमारा मानना है कि शाखाओं में उत्कृष्टता के साथ प्रदान की जा रही कुछ सेवाओं को छोड़कर ग्राहक अपनी बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मोबाइल फोन का भरपूर उपयोग करेंगे. बैंक ने अपनी मोबाइल एप्लिकेशन और वर्धित सेवाओं को नया रूप दिया है ताकि ग्राहकों को अनावश्यक शाखा में न जाना पड़े. इससे ग्राहकों को डिजिटल और मोबाइल चैनलों की दिशा में माइग्रेट करने में मदद मिलेगी. यहां तक कि शाखा में ग्राहकों से अनुरोध किया जाएगा कि वे अपने अनुरोधों को डिजिटल रूप से प्रोसेस करें. साथ ही, प्रारंभ की गई नई वीडियो केवाईसी प्रक्रिया डिजिटल ऑन बोर्डिंग को सुदृढ़ बनाएगी.

#### डिजिटल लेंडिंग

महामारी के इस दौर में डिजिटल लेंडिंग का महत्व स्पष्ट रूप से उभरकर आया है. बैंक ऋण देने के कारोबार में ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधाओं को डिजिटल बना रहा है. यह प्रयास किया जा रहा है कि रिटेल एवं एमएसएमई क्षेत्रों में ऋण की सोर्सिंग से लेकर मंजूरी और संवितरण तक की सभी ऋण प्रक्रियाओं को पूर्ण रूप से डिजिटलीकृत किया जाए. छोटी राशियों वाले व्यक्तिगत ऋणों को पहले ही डिजिटलीकृत कर दिया गया है और अन्य क्षेत्रों को भी धीरे-धीरे इस प्लेटफॉर्म पर ले जाया जाएगा.

## पुनर्कल्पित नेटवर्क

बैंक ने पूर्ववर्ती देना और पूर्ववर्ती विजया बैंक के साथ एकीकरण का कार्य पूरा कर लिया है. एकीकरण के अंतर्गत बैंक ने वर्ष के दौरान 1,310 शाखाओं और 1,135 एटीएम का विलय किया है या उन्हें तर्कसंगत बनाया है. साथ ही, बैंक ने 31 मार्च, 2021 तक अपने व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) नेटवर्क को 5,200 से बढ़ाकर 23,320 किया है. पीएमजेडीवाई जमाराशियों में बैंक की बाजार हिस्सेदारी 16.24% है. बैंक की योजना आगामी 2 वर्षों में बीसी और नए प्रारूप (लघु शाखाएं और सर्विस आउटलेट) सहित 50,000 टच पॉइंट बनाने की है. ये टच पॉइंट देश भर में निर्बाध ग्राहक सेवा प्रदान करने हेतु आधुनिक, कॉम्पैक्ट और डिजिटल होंगे. इससे बैंक को उन भौगोलिक क्षेत्रों में अपने शाखा नेटवर्क को मजबूत करने में मदद मिलेगी जहां उसकी पहुंच कम है.

## बाधारहित कारोबारी अवसर

बैंक के ग्राहक आधार में व्यापार की अपार संभावनाएं हैं. उदाहरण के लिए, बैंक ग्राहकों की आवश्यकताओं को समग्र रूप से समझकर वित्तीय उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला ऑफर करने की पहल के साथ, पूर्ण-सेवा समाधान उपलब्ध करवाकर अपने कॉर्पोरेट व्यवसाय वॉलेट शेयर को बढ़ा सकता है. एमएसएमई और उच्च मालियत वाले ग्राहकों के बड़े आधार को देखते हुए बैंक के लिए धनसंपदा प्रबंधन व्यवसाय के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं व्याप्त हैं. बैंक अपने धनसंपदा व्यवसाय में बदलाव कर सुविधाओं की गुणवता बेहतर बनाने के प्रयास कर रहा है.

## नई कार्यप्रणाली

महामारी के दौरान कार्य परिवेश में आमूल-चूल परिवर्तन हुए. कर्मचारी घर और कार्यालय से निर्बाध रूप से कार्य करने में सक्षम रहे. बैंक का मानना है कि "कहीं से भी कार्य" एक नए प्रकार की अवधारणा है और यह कर्मचारियों को बेहतर कार्य-जीवन संतुलन प्रदान करेगी तथा आगे चलकर उत्पादकता को बढ़ावा देगी. बैंक कुछ भूमिकाओं और हाइब्रिड इम्लॉयमेंट फॉर्मेट्स के लिए दूरस्थ कार्य करने के विकल्पों हेतु एक ऑपरेटिंग मॉडल पर काम कर रहा है जो कर्मचारियों को बेहतर विकल्प प्रदान करेगा.

## आगे की राह

बैंक में चल रही रूपांतरण पहलों का प्रभाव भारत सरकार की ईज 2.0 रैंकिंग के अंतर्गत बैंक को प्राप्त "प्रथम" स्थान के रूप में दिखाई दे रहा है. पिछले वर्ष ईज 1.0 में बैंक "द्वितीय" स्थान पर रहा था. इस प्रगति को बॉब-नाऊ के तहत और सुदृढ़ किया जाएगा क्योंकि बेहतर ग्राहक केंद्रियता के साथ बैंक डिजिटल यात्रा में आगे बढ़ रहा है.

मैं निदेशक मंडल के अध्यक्ष डॉ. हसमुख अढ़िया और निदेशक मंडल के सभी सदस्यों के प्रति हमारे प्रयासों में प्रबंधन को अमूल्य समर्थन, मार्गदर्शन और इनपुट प्रदान करने के लिए आभार प्रकट करता हूं. मैं समय-समय पर सहयोग और समर्थन प्रदान करने के लिए वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक को भी धन्यवाद देता हूं.

मैं अपने सभी कर्मचारियों को विशेष रूप से इस कठिन समय में उनके कड़े परिश्रम, समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देता हूं. बैंक ऑफ बड़ौदा में हम उत्कृष्टता की दिशा में अपनी अविराम यात्रा में आप सभी के संरक्षण, सहयोग और सद्भावना की कामना करते हैं.

**संजीव चड्ढा**
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

# MD & CEO'S STATEMENT

**Sanjiv Chadha**
Managing Director and CEO

Dear Stakeholders,

It has been a difficult year for all of us. I hope and wish that each one of you is safe and well. Every corner of the world has been impacted by the pandemic. Initially, the only way to contain the virus was social distancing. Thus governments had to institute lockdowns to restrict movement. However, within a year scientists have developed vaccines to fight the virus. The initial results from countries which have been able to vaccinate a larger percentage of population are encouraging.

Banking is an essential service and was operational throughout the year. Our branches uninterruptedly functioned even during the lockdown and the most severe months of the pandemic. The Bank was instrumental in implementing Government's and RBI's relief measures to support the economy be it through cash transfers, restructuring or lending to MSME borrowers against sovereign credit guarantee. Our employees showed exceptional courage and served our customers. We gratefully acknowledge the sacrifices made by our staff members who have been the pillars of strength for our Bank in these trying times. The Bank took several measures to safeguard the health and well-being of its employees and their family members including conducting vaccination drives.

The country is now coming out of the second wave. Despite these challenges, the Bank's performance has been resilient in terms of asset quality, deposit franchise, credit growth, profitability and capital. The Bank's investments in offering digital solutions to customers helped it to serve customers digitally. The Bank's mobile application has become the centrepiece for offering banking services. Liabilities customers are on-boarded digitally and the Bank is investing in platforms to digitally sanction and disburse loans.

The highlights from the past year are summarised below.

## Resilient Asset Quality

The Bank's asset quality has improved despite the economic impact of the pandemic. Gross non-performing ratio of the Bank has declined to 8.87% as of March 31, 2021 from 9.40% as of March 31, 2020. Encouragingly, domestic corporate credit cycle seems to be turning because of which domestic credit cost has fallen to 1.54% during FY 2021 from 2.51% in the previous financial year. The Bank's overall provision coverage ratio (including technical write-offs) is stable at 81.80% as on March 31, 2021.

## Robust deposit franchise

The Bank's domestic CASA deposits increased by 16.48% during FY 2021. Within CASA deposits, the Bank's current account deposits increased by 24.09% and savings deposits by 15.06%. Thus Bank's CASA ratio increased to 42.87% as of March 31, 2021 from 39.07% as of March 31, 2020, an increase of 380bps. This has been achieved on the back of digital on boarding of customers, roll-out of Bank's state-of-the-

art cash management solution and partnerships such as the one with Ministry of Corporate Affairs (MCA).

### Growing the credit business

The Bank's domestic credit off-take was in line with industry growth of 5% in FY 2021. While corporate borrowers moved to bond markets to meet their funding requirements, the Bank was able to grow its MSME, retail and agriculture portfolio in double digits. MSME portfolio increased bolstered by the government's sovereign guarantee. Agriculture segment was catapulted by a 32.64% increase in gold loans. Retail loan portfolio saw a broad based increase in both secured and unsecured loans. For instance, our auto and personal loan book increased by 27.79% and 27.21% respectively in FY 2021.

### Improved Profitability

The Bank was able to increase its operating profit by 9.17% in FY 2021 to ₹ 20,630 crore. This was made possible by exercising strict control over cost overheads. As a result, Bank's profit before tax increased to ₹ 5,556 crore as against a loss of ₹ 1,802 crore in FY 2020. The Bank also moved to a lower tax rate structure. Despite reversal of Deferred Tax Asset (DTA), the Bank posted profit after tax of ₹ 829 crore in FY 2021 as against ₹ 546 crore in FY 2020. Adjusting for the one-time impact of DTA, Bank's profit after tax would have been at ₹ 4,143 crore.

### Strengthened capital position

The Bank's capital adequacy ratio (CRAR) increased to 14.99% as of March 31, 2021 as against 13.30% as of March 31, 2020. This was on account of internal accrual of ₹ 4,143 crore, fresh equity raise of ₹ 4,500 crore and AT-I bonds of ₹ 3,735 crore. As a result, Bank's CET-I ratio on a standalone basis rose to 10.94% as of March 31, 2021 as against 9.44% as on March 31, 2020. On a consolidated basis, the Bank's CRAR is at 15.74% and CET-I is at 11.80% as on March 31, 2021.

### 'BOB-NOWW' - New Operating model and Ways of Working

In order to build on the last year's achievements, the Bank has designed a new pathway for a profitable and sustainable growth under a Bank-wide transformation programme called BOB-NOWW. This envisages transforming the Bank for the future. At its core, the aim is to better serve every customer with tailored offerings and to enhance customer centricity. Employees will get remote working options for certain roles and hybrid employment formats. The initiatives being undertaken aim to help the Bank optimise costs and unlock growth potential by creating value for all stakeholders.

### The important initiatives being undertaken under this are:

### Mobile first

Bank's mobile application will be the primary interface with customers. Apart from a few services which are best delivered at a branch, we believe customers will increasingly be using mobile phones for meeting banking requirements. Bank has revamped its mobile application and added services so that customers don't have to visit the branch unless essential. This will help the customers to migrate to digital and mobile channels. Even at the branch, the focus will be to nudge customers to digitally process their requests. Further, the newly launched video KYC process will enable digital on boarding.

### Digital lending

A clear trend emerging from the pandemic is the importance of digital lending. The Bank is digitising customer journeys in the lending business. The endeavour is end-to-end digitisation of the loan process in retail and MSME segments from sourcing to sanction to disbursement. Small ticket personal loans have already been digitised and the other segments will be progressively moved to this platform.

## Reimagined network

The Bank completed the integration with erstwhile Dena and erstwhile Vijaya Bank. As part of the integration, the Bank has merged or rationalised 1,310 branches and 1,135 ATMs during the year. At the same time, the Bank has increased its Business Correspondent (BC) network by 5,200 to 23,320 as of March 31, 2021. The Bank has a market share of 16.24% in PMJDY deposits. In the next 2 years, the Bank plans to have 50,000 touch points – including BCs and new formats (mini branches and service outlets). These touch points would be new-age, compact and digital to offer seamless customer service across the country. This will help the Bank in strengthening its branch network in geographies where it is under-penetrated.

## Unlocked growth potential

There is immense business potential within the Bank's customer base. For instance, the Bank can grow its corporate business wallet share by offering full-service solutions, with initiatives to holistically understand customer needs and offer the entire gamut of financial products. The wealth management business too has immense potential within the Bank given the large base of MSME and high net worth clients. The Bank is overhauling its wealth business to enhance its value proposition.

## New ways of working

The work environment went through a sea change during the pandemic. Employees were able to seamlessly work from home and office. The Bank believes that "Work from Anywhere" is the new norm and will offer a better work-life balance to employees and boost productivity in the long run. The Bank is working on an operating model for remote working options for certain roles and hybrid employment formats which will offer greater flexibility to employees.

## Way forward

The impact of the transformation initiatives underway are visible with the Bank emerging at "First" position under the Government of India's EASE 2.0 rankings. In the previous year, Bank was ranked at "Second" position under EASE 1.0. These trends will be further strengthened under BOB-NOWW as the Bank is on a digital journey with enhanced customer centricity.

I would like to acknowledge and thank the Chairman of the Board, Dr. Hasmukh Adhia and all the members of the Board for their valuable support, guidance and inputs to the management in our endeavours. I also thank the Department of Financial Services, Ministry of Finance and the Reserve Bank of India for their support and guidance from time to time.

I acknowledge and thank all our employees for their hard work, dedication and commitment, particularly in these testing times. At Bank of Baroda, we look forward to your continued patronage, support and goodwill as we march ahead in our quest for excellence.

**Sanjiv Chadha**
Managing Director and CEO

# निदेशकों की रिपोर्ट

**"आपके निदेशकगण बैंक की एक सौ तेरहवीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष (वित्तीय वर्ष 2021) के लेखा-परीक्षित तुलनपत्र, लाभ एवं हानि लेखा और व्यवसाय तथा परिचालन संबंधी रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत कर रहे हैं."**

## वित्तीय कार्यनिष्पादन

₹ करोड़

| विवरण | 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|
| **जमा राशियां** | 9,45,984.4 | 9,66,996.9 |
| जिसमें से - अंतर्राष्ट्रीय जमा राशियां | 1,37,278.9 | 1,08,583.8 |
| **घरेलू जमा राशियां** | 8,08,705.5 | 8,58,413.1 |
| जिसमें से - चालू खाता जमा राशियां | 49,650.1 | 61,609.0 |
| बचत बैंक जमा राशियां | 2,66,301.3 | 3,06,418.5 |
| कासा जमा राशियां | 3,15,951.4 | 3,68,027.6 |
| **घरेलू जमाराशियों में घरेलू कासा (%)** | 39.07 | 42.87 |
| अग्रिम | 6,90,120.7 | 7,06,300.5 |
| जिसमें से - घरेलू अग्रिम | 5,70,340.8 | 6,05,615.8 |
| अंतर्राष्ट्रीय अग्रिम | 1,19,780.0 | 1,00,684.7 |
| **कुल आस्तियाँ** | 11,57,915.5 | 11,55,364.8 |
| **निवल ब्याज आय (एनआईआई)** | 27,451.3 | 28,809.0 |
| **अन्य आय** | 10,317.3 | 12,364.4 |
| जिसमें से - ट्रेडिंग अभिलाभ | 2,750.7 | 3,376.0 |
| **एनआईआई + अन्य आय** | 37,768.6 | 41,173.5 |
| **परिचालनगत व्यय** | 18,872.4 | 20,543.7 |
| **परिचालनगत लाभ** | 18,896.2 | 20,629.8 |
| **प्रावधान** | 20,698.3 | 15,073.8 |
| जिसमें से - एनपीए व बट्टाकृत अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान | 16,404.9 | 12,407.7 |
| **कर पूर्व लाभ** | -1,802.1 | 5,556.0 |
| **कर हेतु प्रावधान** | -2,348.3 | 4,727.0 |
| **निवल लाभ** | 546.2 | 829.0 |
| **विनियोजन / अंतरण** | | |
| सांविधिक प्रारक्षित निधि | 136.5 | 207.2 |
| पूंजी प्रारक्षित निधि | 822.3 | 676.9 |
| राजस्व और अन्य प्रारक्षित निधि | | |
| I) सामान्य प्रारक्षित निधि | -560.3 | -341.8 |
| II) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (I) (viii) के तहत विशेष प्रारक्षित निधि | 180.0 | 286.6 |
| III) निवेश प्रारक्षित खाता | -41.6 | 0.0 |
| IV) सांविधिक प्रारक्षित निधि (विदेशी) | 9.3 | 0.1 |
| प्रस्तावित लाभांश | 0.0 | 0.0 |

₹ करोड़

| महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक | वित्त वर्ष 2020 | वित्त वर्ष 2021 |
|---|---|---|
| निधियों की औसत लागत (%) | 5.11 | 4.11 |
| निधियों पर औसत आय (%) | 7.55 | 6.62 |
| औसत ब्याज अर्जक आस्तियाँ | 10,07,058.7 | 10,64,844.0 |
| औसत ब्याज वहन करने वाली देयताएं | 9,49,179.9 | 10,14,761.9 |
| निवल ब्याज मार्जिन (%) | 2.73 | 2.71 |
| लागत-आय अनुपात (%) | 49.97 | 49.90 |
| औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए) (%) | 0.06 | 0.07 |
| इक्विटी पर प्रतिफल (%) | 1.23 | 1.50 |
| प्रति शेयर बही मूल्य (रुपये) | 96.22 | 106.72 |
| मूल ईपीएस (रुपये) | 1.36 | 1.78 |

दिनांक 31 मार्च, 2021 तक बैंक की कुल जमा राशि बढ़कर ₹ 9,66,997 करोड़ हो गई. घरेलू खुदरा ऋण, कृषि और एमएसएमई ऋणों के योगदान से निवल अग्रिम बढ़कर ₹ 7,06,301 करोड़ हो गया. वित्त वर्ष 2021 में निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 2.71% रहा. बैंक का परिचालन लाभ वित्त वर्ष 2020 के ₹ 18,896 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2021 में ₹ 20,630 करोड़ हो गया, जिसमें 9.17% की वृद्धि हुई. वित्त वर्ष 2020 में कुल प्रावधान (कर के अतिरिक्त) और आकस्मिकताओं में 27.17% की गिरावट आई, जो वित्त वर्ष 2020 में ₹ 20,698 करोड़ से घटकर वित्त वर्ष 2021 में ₹ 15,074 करोड़ हो गई. वित्त वर्ष 2021 में गैर-निष्पादक आस्तियों (एनपीए) हेतु प्रावधान भी घटकर ₹ 12,408 करोड़ रहे, जो वित्त वर्ष 2020 में ₹ 16,405 करोड़ था. बैंक ने ₹ 829 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया है यानि इसमें पिछले वित्त से वर्ष 51.83% की बढ़ोत्तरी हुई है.

## पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर)

अनुपात %

| | 31.03.2020 को | 31.03.2021 को |
|---|---|---|
| पूंजी पर्याप्तता अनुपात-बासेल III | 13.30 | 14.99 |
| सीईटी-I | 9.44 | 10.94 |
| टीयर-I | 10.71 | 12.67 |
| टीयर-II | 2.59 | 2.32 |

बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) दिनांक 31 मार्च, 2020 के 13.30% से बढ़कर 31 मार्च, 2021 को 14.99% हो गया. इसी अवधि के दौरान सीईटी-1 अनुपात भी 9.44 % से बढ़कर 10.94% हो गया. समेकित समूह पूंजी पर्याप्तता अनुपात 15.74% के स्तर पर रहा.

वित्त वर्ष 2021 के दौरान, बैंक ने अर्हताप्राप्त संस्थागत प्लेसमेंट रूट (क्यूआईपी) के माध्यम से ₹ 4,500 करोड़ की पूंजी संग्रहित की. बैंक ने पात्र संस्थागत क्रेताओं को ₹ 81.70 प्रति इक्विटी शेयर मूल्य पर 55,07,95,593 इक्विटी शेयर जारी और आबंटित किए.

बैंक ने वित्त वर्ष 2021 के दौरान ₹ 3,735 करोड़ के अतिरिक्त टियर-I (एटी-I) पूँजीगत बॉन्ड जारी किए.

दिनांक 31 मार्च, 2021 को बैंक की निवल मालियत ₹ 55,191 करोड़ रही जिसमें प्रदत्त शेयर पूंजी ₹ 1036 करोड़ रही और प्रारक्षित निधि ₹ 54,155 करोड़ रही (पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधियों, विदेशी मुद्रा अंतरण प्रारक्षित निधियों और अन्य अमूर्त आस्तियों को छोड़कर). शेयर (₹ 2 के अंकित मूल्य) का बही मूल्य 31 मार्च 2021 को ₹ 106.72 रहा.

### सेवानिवृत्ति और अन्य लाभों के लिए प्रावधान

वित्त वर्ष 2021 के दौरान, बैंक ने ग्रेच्युटी (₹ 669 करोड़), पेंशन फंड (₹ 2,188 करोड़), छुट्टी नकदीकरण, अतिरिक्त सेवानिवृत्ति लाभ और अन्य लाभों (₹ 13 करोड़) में अंशदान हेतु प्रावधान किया है. वित्त वर्ष 2021 के दौरान इन श्रेणियों के तहत कुल प्रावधान राशि ₹ 2,870 करोड़ रही.

### लाभांश

इस उद्देश्य के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करने के कारण बैंक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लाभांश के भुगतान हेतु पात्र नहीं है.

## प्रबंधन के विचार-विमर्श एवं विश्लेषण

### वैश्विक अर्थव्यवस्था

वर्ष 2020 में विश्व महामारी के रूप में एक अभूतपूर्व स्वास्थ्य संकट के दौर से गुजरा. वर्ष 2020 की शुरुआत में लगभग सभी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं ने लॉकडाउन की घोषणा की. विश्व में व्यापक स्तर पर लॉकडाउन किया गया. इसके परिणामस्वरूप वर्ष 2020 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 3.3% की गिरावट आई है (स्रोत: आईएमएफ). वैश्विक गिरावट उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) के कारण हुआ है, जहां सकल घरेलू उत्पाद में 4.7% की गिरावट आई है. उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) के अंतर्गत यूके में 9.9% की सर्वाधिक गिरावट दर्ज की गई जबकि उसके बाद यूरो क्षेत्र में 6.6% और अमेरिका में 3.5% की गिरावट हुई. सभी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) ने संवृद्धि को सहयोग प्रदान करने के लिए राजकोषीय और मौद्रिक प्रोत्साहन की घोषणा की. परिणामस्वरूप, अमेरिका में राजकोषीय घाटा 2019 में सकल घरेलू उत्पाद के 4.6% से बढ़कर 2020 में सकल घरेलू उत्पाद के 14.9% होने का अनुमान लगाया गया. यूके और यूरो क्षेत्र ने भी विस्तारवादी राजकोषीय नीतियों का अनुपालन किया. विस्तारवादी राजकोषीय नीति मौद्रिक निभाव के साथ-साथ चली जिसमें महामारी के आर्थिक प्रभाव को कम करने के लिए ब्याज दरों में कमी, आस्ति खरीद कार्यक्रम और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में चलनिधि का प्रावधान शामिल था.

उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के सकल घरेलू उत्पाद का आकलन 2.2% तक लगाया गया है जिसमें लैटिन अमेरिका वर्ष 2020 में 7% की गिरावट के साथ आगे रहा है. उभरती और विकासशील एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के कारण एशिया अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है जिसमें वर्ष 2020 में 1% की गिरावट दर्ज की गई है.

वैश्विक जीडीपी में कमी और प्रतिबंधों ने सप्लाई चेन को बाधित किया जिसके फलस्वरूप वर्ष 2020 में वैश्विक व्यापार की मात्रा में 8.5% की कमी आयी. वर्ष 2020 में तेल के कारण वैश्विक कमोडिटी की कीमतों में भी भारी गिरावट आई है. हालांकि, टीकों की उपलब्धता और लॉकडाउन प्रतिबंधों के धीरे-धीरे हटने से मौजूदा आर्थिक स्थिति में अचानक परिवर्तन प्रतीत हुआ है. सरकारों और केंद्रीय बैंकों द्वारा दिए गए मौद्रिक और राजकोषीय प्रोत्साहन में, विशेष रूप से वस्तुओं की मांग फिर से बढ़ी है. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि टीकाकरण की महत्वपूर्ण प्रगति के कारण महामारी के फैलने में कमी आई है.

आईएमएफ को वर्ष 2021 में वैश्विक विकास दर 6% तक बढ़ने की उम्मीद है. जबकि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) से वर्ष 2021 में 5.1% की वृद्धि अपेक्षित है, उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से 6.7% की वृद्धि का अनुमान है. उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) के अंतर्गत, अमेरिका द्वारा 6.4% की वृद्धि जबकि यूरो क्षेत्र द्वारा 4.4% वृद्धि की संभावना है. उभरती अर्थव्यवस्थाओं के अंतर्गत, एशियाई अर्थव्यवस्थाओं द्वारा 8.6% की वृद्धि जबकि लैटिन अमेरिका द्वारा 4.6% वृद्धि की संभावना है.

वैश्विक मांग में आई अचानक तेजी के कारण, वैश्विक कमोडिटी कीमतों और दीर्घकालीन विकास में वृद्धि हुई है. वर्ष 2022 में भी वैश्विक विकास, औसत से अधिक 4.4% पर रहने का अनुमान है.

### भारतीय अर्थव्यवस्था

भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वित्त वर्ष 2020 में 4.0% की वृद्धि के सापेक्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था में देखी गई गिरावट के अनुरूप वित्त वर्ष 2021 में 7.3% की गिरावट होने का अनुमान है. यह गिरावट कोविड-19 महामारी को फैलने से रोकने के लिए वित्त वर्ष के आरंभ में ही लगाए गए देशव्यापी लॉकडाउन का परिणाम है. वित्त वर्ष 2020 में 5.4% की वृद्धि दर से निवेश की मांग थी जबकि इसमें 10.8% की कमी के कारण गिरावट आई है. वित्त वर्ष 2020 में खपत में 5.5% की वृद्धि के पश्चात उमसें भी 9.1% की गिरावट आने की उम्मीद है. इस वर्ष कृषि क्षेत्र में कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं देखा गया.

भारतीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था में आए व्यवधान के फलस्वरूप वित्त वर्ष 2021 के दौरान भारत के औद्योगिक उत्पादन में 8.7% तक की गिरावट हुई. विनिर्माण और खनन क्षेत्र में क्रमश 9.8% और 7.8% की तेज गिरावट आयी. वित्त वर्ष 2021 के दौरान बिजली उत्पादन में केवल 0.5% की गिरावट हुई जोकि काफी बेहतर स्थिति थी. लॉकडाउन और प्रतिबंधों ने सेवा क्षेत्र को भी प्रभावित किया है. वित्त वर्ष 2021 में सेवा क्षेत्र में 8% से अधिक की गिरावट होने का अनुमान है. संपर्क प्रधान सेवाओं जैसे यात्रा, पर्यटन और शिक्षा में अधिकतम प्रभाव महसूस किया गया है.

महामारी के प्रभाव को कम करने हेतु, सरकार ने पूंजीगत खर्चों पर बड़े परिव्यय सहित एक विकास समर्थक बजट प्रस्तुत किया. केंद्र सरकार ने न केवल सीमित सुविधायुक्त परिवारों को प्रत्यक्ष नकदी अंतरण किया है, अपितु खाद्य सब्सिडी और रोजगार कार्यक्रमों पर परिव्यय भी बढ़ाया है. इससे वित्त वर्ष 2021 में राजकोषीय घाटा बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद का 9.3% हो गया, जो वित्त वर्ष 2020 में सकल घरेलू उत्पाद का 4.6% था.

महामारी को रोकने हेतु लगाए गए प्रतिबंधों के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुए व्यवधानों का प्रभाव आपूर्ति पक्ष और मांग पक्ष दोनों पर पड़ा. इसके फलस्वरूप, वित्त वर्ष 2021 में खुदरा मुद्रास्फीति 6.2% तक बढ़ गई, जोकि वित्त वर्ष 2020 में 4.8% थी. खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों के कारण मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई. वित्त वर्ष की पहली छमाही में खाद्य मुद्रास्फीति

में 9.8% की वृद्धि हुई, जबकि वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही में केवल 5.8% की वृद्धि देखी गई. यहां तक कि खुदरा ईंधन की उच्च कीमतों के कारण गैर-खाद्य मुद्रास्फीति या मूल मुद्रास्फीति में भी वृद्धि हुई.

संक्रमण के प्रसार में कमी के साथ ही पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान कई प्रतिबंध हटा लिए गए थे. तथापि, वित्त वर्ष 2020 के अंत तक और इस वित्तीय वर्ष में कोविड-19 के संक्रमण में वृद्धि हुई. राष्ट्रीय लॉकडाउन के बजाय राज्य सरकारों ने वायरस के प्रसार को रोकने के लिए स्थानीय लॉकडाउन लगाया है. इससे आर्थिक गतिविधियों में गिरावट हुई जिसे पिछले वित्त वर्ष के अंत में देखा गया. भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्त वर्ष 2022 के अपने विकास पूर्वानुमान को संशोधित कर 9.5% कर दिया है. वैश्विक अर्थव्यवस्था के पुनः बहाल होने के साथ ही, भारत की सॉफ्टवेयर सेवाओं और वाणिज्यिक वस्तुओं की मांग में वृद्धि की संभावना है. सरकार स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है और न्यूनतम समय में अधिकांश आबादी को टीका लगाने की दिशा में कार्य कर रही है.

## भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में विकास

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की ऋण वृद्धि मार्च 2021 को घटकर 5.6% रह गई, जो मार्च 2020 में 6.1% थी. महामारी का आर्थिक प्रभाव कमजोर ऋण वृद्धि को दर्शाता है. कृषि क्षेत्र के अपेक्षाकृत किसी भी व्यवधान से मुक्त रहने के साथ ही, मार्च 2021 में कृषि क्षेत्र के ऋण में 12.3% की वृद्धि हुई. दूसरी तरफ, उद्योग में ऋण वृद्धि कमजोर रही. इसके अंतर्गत मार्च 2021 तक मध्यम उद्योग के ऋण में 28.8% की वृद्धि दर्ज हुई. यह महामारी के आर्थिक प्रभाव से उबरने के लिए एमएसएमई को वृद्धिशील ऋण प्रदान करने हेतु भारत सरकार द्वारा दी गई ऋण गारंटी के कारण संभव हुआ. सेवा क्षेत्र और उपभोक्ता क्षेत्र में भी ऋण वृद्धि में गिरावट देखी गई. यद्यपि, मार्च 2021 तक उपभोक्ता ऋणों में 10.2% की वृद्धि हुई, तथापि इस सेगमेंट में यह वृद्धि पिछले वर्ष के 15% की तुलना में कम रही.

बैंक ऋण के लिए अपेक्षाकृत कम मांग का कारण कॉरपोरेट संस्थानों द्वारा अपने धन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए बॉन्ड बाजार का उपयोग करना रहा. वस्तुतः वित्तीय वर्ष 2021 में वित्तीय संस्थानों सहित कॉरपोरेट संस्थान बॉन्ड बाजार से वित्तीय वर्ष 2020 के ₹ 6.7 लाख करोड़ की तुलना में ₹ 7.7 लाख करोड़ जुटाने में सफल रहे.

अर्थव्यवस्था पर महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने मार्च 2020 और मई 2020 के बीच रेपो दर में 115 आधार अंकों की कमी की. रिवर्स रेपो दर में पूर्वनिर्धारित 135 आधार अंकों के बजाय 155 आधार अंकों के रूप में तेजी से गिरावट हुई. भारतीय रिज़र्व बैंक ने लक्षित दीर्घकालिक पुनर्खरीद परिचालन (टीएलटीआरओ), खुला बाजार परिचालन (ओएमओ) और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कमी के रूप में चलनिधि भी बढ़ायी है.

इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को कोविड-19 से प्रभावित ग्राहकों के लिए अधिस्थगन की घोषणा करने हेतु सूचित किया. इससे बैंकों को आहरण शक्ति बढ़ाकर कार्यशील पूंजी ऋण विस्तार के लिए सहायता प्राप्त हुई. इसने बैंकों को भी राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी), राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) आदि को उधार देने के लिए ऋण व्यवस्था उपलब्ध करायी है. कामत समिति ने कुछ शर्तों के तहत महामारी से प्रभावित छब्बीस दबावग्रस्त क्षेत्रों की पुनर्संरचना की अनुमति दी.

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए उपायों ने बांड और मुद्रा बाजारों का व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया. राजकोषीय घाटे में भारी वृद्धि और भावी सरकारी उधारों में अत्यधिक वृद्धि के बावजूद प्रतिफल सीमित दायरे में रहा. वित्तीय वर्ष के दौरान 10-वर्षीय बेंचमार्क प्रतिफल 5.8% से 6.5% के बीच रहा. भारतीय रुपये में वित्तीय वर्ष 2020 में 8.5% की गिरावट के बाद वित्त वर्ष 2021 में 3.3% की वृद्धि हुई. अर्थव्यवस्था में कम ब्याज दर प्राप्त करने हेतु नए रुपये ऋण के लिए एससीबी हेतु भारित औसत उधार दर 79 आधार अंकों की गिरावट के साथ बेहतर हुआ. एससीबी के भारित औसत सावधि जमा दर में 100 आधार अंकों की गिरावट आई है.

महामारी के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने कई आर्थिक उपायों और सुधारों की घोषणा की. निजीकरण की दिशा में बड़े प्रयास के रूप में सरकार ने दो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एक बीमा कंपनी के निजीकरण की घोषणा के साथ-साथ एयर इंडिया और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की रणनीतिक बिक्री की घोषणा की. उन्होंने अशोध्य ऋणों के निपटान के लिए आस्ति पुनर्संरचना और प्रबंधन कंपनी स्थापित करने की भी घोषणा की. इन्फ्रास्ट्रक्चर वित्तपोषण के लिए प्रमुख विकास वित्तीय संस्थान (डीएफआई) के रूप में इन्फ्रास्ट्रक्चर वित्तपोषण और विकास के लिए राष्ट्रीय बैंक स्थापित करने का प्रस्ताव है.

देश में महामारी की दूसरी लहर आने के साथ विभिन्न राज्य सरकारों ने स्थानीय नियंत्रण उपायों की घोषणा की है. स्थानीय प्रतिबंधों के कारण आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हुई हैं. भारतीय रिज़र्व बैंक ने ₹ 50 करोड़ तक के एक्सपोजर वाले एमएसएमई, लघु व्यवसायों और वैयक्तिक ऋण के लिए निपटान फ्रेमवर्क की घोषणा की. इसके अलावा, इसने बैंकों और लघु वित्त बैंकों को स्वास्थ्य सेवा, ग्रामीण और अनौपचारिक क्षेत्र ऋण को आगे उधार देने के लिए पर्याप्त चलनिधि प्रदान की.

## एकीकरण

बैंक ने समामेलन यात्रा के दौरान प्रमुख उपलब्धि हासिल की और पूर्ववर्ती देना बैंक और पूर्ववर्ती विजया बैंक के आईटी एकीकरण का कार्य पूरा किया. बैंक के कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) में पूर्ववर्ती देना बैंक की 1,770 शाखाओं और पूर्ववर्ती विजया बैंक की 2,128 शाखाओं के आईटी एकीकरण से समामेलन यात्रा पूरी हुई.

व्यवसाय निरंतरता और सेवाओं में न्यूनतम व्यवधान सुनिश्चित करते हुए संपूर्ण आईटी एकीकरण प्रक्रिया ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ पूरी की गई. आईटी एकीकरण के पश्चात ग्राहकों के पास भारत और विदेशों में बैंक के सुविधा संपन्न डिजिटल चैनलों और 8,214 शाखाओं के विस्तृत नेटवर्क तक पहुंच है. व्यापार वित्त बैंक ऑफिस (टीएफबीओ), रिटेल देयता बैंक ऑफिस (आरएलबीओ) के माध्यम से कासा संबंधी खाता खोलने, टैब बैंकिंग के माध्यम से खाता खोलने और ऋण ऑरिजिनेशन और प्रोसेसिंग एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर (एलएलपीएस) का उपयोग कर ऋण प्रोसेसिंग जैसी बैक-ऑफिस प्रोसेस के केंद्रीकरण के कारण टर्नअराउंड टाइम (टीएटी) सर्विस में कमी आई है.

## ईज 2.0

भारत सरकार के ईज 2.0 सूचकांक में, बैंक ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों में "प्रथम" स्थान प्राप्त किया है. इस सूचकांक के अनुसार, बैंक में छह मानकों 'जिम्मेदार बैंकिंग', 'गवर्नेंस और मानव संसाधन', 'एमएसएमई के लिए उद्यमी मित्र के रूप में पीएसबी', 'क्रेडिट ऑफ–टेक', 'वित्तीय समावेशन और डिजिटलीकरण' तथा 'त्वरित ग्राहक सेवा' पर महत्वपूर्ण प्रगति देखी गई है.

## प्रोजेक्ट बॉब–नाऊ

### भावी बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निर्माण की सामूहिक अभिलाषा

बैंक ने सभी हितधारकों के लिए मूल्य सृजन की प्रतिबद्धता के साथ एक नई रूपान्तरण यात्रा, बॉब–नाऊ की शुरुआत की है. नाऊ शब्द 'नया परिचालन मॉडल और नई कार्यप्रणाली' को आकार देने और अपनाने की बैंक की अभिलाषा को दर्शाता है.

इसका उद्देश्य कार्य करने के नए तरीकों के माध्यम से उद्योग में अपनी तरह का एक ऐसा परिचालनगत मॉडल तैयार करना और रिटेल नेटवर्क को पुर्नकल्पित करना है जो सभी व्यवसायों में वृद्धि की संभावनाओं को खोलेगा. यह प्रत्येक स्तर पर डिजिटलीकरण को भी अपनाएगा ताकि लागत को कम किया जा सके और उत्पादकता को बढ़ाया जा सके.

बैंक को भविष्य के लिए तैयार करने हेतु की जा रही मौजूदा पहलें निम्नानुसार है:.

**व्यावसायिक संभावनाओं को खोलना:** बैंक पूरे राजस्व श्रेणी में कॉर्पोरेट, एमएसएमई, अंतर्राष्ट्रीय और धन – संपदा वर्टिकलों पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने के साथ बाजार में अपने व्यावसायिक उत्पादों में संवर्धन कर रहा है. बैंक अपने ग्राहकों को कॉर्पोरेट बैंकिंग सोल्यूशन की पूर्ण श्रृंखला की पेशकेश करने पर विचार कर रहा है. बैंक ने कई पहलें जैसे कॉर्पोरेट शुल्क बूस्टर अभियान, सेल्स वार रूम का शुभारंभ और ट्रेड फाईनेंस तथा सप्लाई चेन फाईनेंस व्यवस्था में सुधार किया है. साथ ही, बैंक मौजूदा ग्राहकों के साथ अपने सम्बन्धों को बनाए रखने, सक्रिय रखने और प्रगाढ़ करने के लिए धन – संपदा नीति को पुनर्गठित कर रहा है. बैंक अपने धन – संपदा के ऑफरों को बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रतिभाओं की भर्ती कर रहा है.

**रिटेल वितरण नेटवर्क को पुर्नकल्पित करना:** बैंक 'हर जगह बॉब' के ध्येय का पालन करते हुए व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) सहित अपने नेटवर्क में विस्तार कर रहा है और बड़े भौगोलिक क्षेत्रफल की बड़ी आबादी को सेवाएं दे रहा है. बैंक ने पूरे देश में निर्बाध ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए नए युग की कॉम्पैक्ट और डिजिटल शाखा का शुभारंभ किया है. इससे विभिन्न माध्यमों से बैंकिंग सेवाओं को सहजता से एक्सेस करने में सहायता मिलेगी. नए माध्यम और बड़े नेटवर्क से ग्रामीण क्षेत्र में बैंक की उपस्थिति सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी.

**डिजिटल समर्थित अनुभव एवं मोबाइल प्रथम:** बैंकिंग प्रक्रियाओं और सेवाओं में डिजिटलीकरण को बढ़ाना बॉब नाऊ का एक महत्वपूर्ण भाग है. इसके लिए बैंक एक संस्थागत संरचना और परिचालन मॉडल का निर्माण कर रहा है जिसमें बैंक के महत्वपूर्ण विभागों के प्रतिनिधित्व के साथ अंतर कार्यात्मक ऊर्जावान कार्यदल शामिल है ताकि डिजिटल बैंकिंग सेवाओं और प्रक्रियाओं की गति में उसी स्तर की तेजी लायी जा सके जिस रूप में उन्हें आरंभ किया गया है.

बैंक सर्वश्रेष्ठ और आधुनिकतम सेवाएं देने के लिए अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप में मौजूदा ग्राहक सुविधाओं में सुधार कर उसे सुदृढ़ करने की योजना बना रहा है. मोबाइल फ़्लैटफार्म उपभोक्ताओं को बीमा प्रीमियम का भुगतान और म्यूच्यूल फंड में निवेश करने का विकल्प देगा. इसके अतिरिक्त बैंक, सेल्फ सर्विस कियोस्क के माध्यम से शाखा स्तर पर ग्राहक इंटरफेस को डिजिटलीकृत करने पर विचार कर रहा है जिसके परिणामस्वरूप लेन–देनों के लिए त्वरित और सीधी प्रक्रिया अपनायी जा सके.

**कार्य करने के नए तरीके:** बैंक कुछ चयनित भूमिकाओं में अपने कर्मचारियों के लिए 'कहीं से भी कार्य करने' की संभवाना तलाश रहा है. इससे कार्य–जीवन शैली में बेहतर संतुलन बनेगा और कर्मचारियों की उत्पादकता में सुधार होगा. बैंक ने पहले से ही प्रायोगिक तौर पर हाइब्रिड कार्य मॉडल को कार्यान्वित कर दिया है. इससे प्राप्त अनुभवों को कार्यक्रम की डिजायनिंग में शामिल किया जाएगा.

बड़ी संख्या में सुझाव प्राप्त करने के लिए बैंक स्तर पर एक अभियान 'लेट्स सिम्प्लिफ़ाई' का शुभारंभ किया गया जिसमें लगभग 2,500 सुझाव प्राप्त हुए तथा उनमें से जो सबसे अधिक प्रभावी सुझाव थे उन्हें लागू करने पर विचार किया जा रहा है.

## व्यावसायिक कार्यनिष्पादन

बैंक के व्यावसायिक कार्यनिष्पादन की मुख्य विशेषताएँ निम्नानुसार है:

### परिचालनगत कार्यनिष्पादन

बैंक के परिचालनगत कार्यनिष्पादन की मुख्य विशेषताएँ निम्नानुसार है:

₹ करोड़

| विवरण | 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष | 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|
| अर्जित ब्याज | 75983.7 | 70495.1 |
| दिया गया ब्याज | 48532.4 | 41686.0 |
| **निवल ब्याज आय (एनआईआई)** | 27451.3 | 28809.0 |
| **अन्य आय** | 10317.3 | 12364.4 |
| ट्रेडिंग अभिलाभ | 2750.7 | 3376.0 |
| परिचालनगत आय (एनआईआई + अन्य आय) | 37768.6 | 41173.5 |
| **परिचालनगत व्यय** | 18872.4 | 20543.7 |
| कर्मचारी व्यय | 9564.7 | 11445.5 |
| अन्य परिचालनगत व्यय | 9307.7 | 9098.1 |
| **परिचालनगत लाभ** | 18896.2 | 20629.8 |
| **प्रावधान** | 20698.3 | 15073.8 |
| जिसमें से – एनपीए और बट्टे खाते में डाले गये अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान | 16404.9 | 12407.7 |
| मानक अग्रिमों हेतु प्रावधान | 3085.5 | 2158.0 |
| निवेश पर मूल्यह्रास हेतु प्रावधान | 986.7 | 309.9 |
| अन्य प्रावधान | 221.2 | 198.2 |
| **कर पूर्व लाभ** | -1802.1 | 5556.0 |
| **कर हेतु प्रावधान** | -2348.3 | 4727.0 |
| **निवल लाभ** | 546.2 | 829.0 |

| महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक | वित्त वर्ष 2020 | वित्त वर्ष 2021 |
|---|---|---|
| जमाराशियों की लागत – वैश्विक – (%) | 4.98 | 4.01 |
| जमाराशियों की लागत – घरेलू – (%) | 5.39 | 4.44 |
| जमाराशियों की लागत–अंतर्राष्ट्रीय–(%) | 2.03 | 0.95 |
| अग्रिम पर प्रतिफल – वैश्विक – (%) | 7.99 | 6.98 |
| अग्रिम पर प्रतिफल – घरेलू – (%) | 8.82 | 7.83 |
| अग्रिम पर प्रतिफल – अंतर्राष्ट्रीय – (%) | 3.77 | 2.48 |
| निवल ब्याज मार्जिन – वैश्विक – (%) | 2.73 | 2.71 |
| निवल ब्याज मार्जिन –घरेलू – (%) | 2.85 | 2.79 |
| निवल ब्याज मार्जिन –अंतर्राष्ट्रीय – (%) | 1.34 | 1.29 |
| लागत–आय अनुपात (%) | 49.97 | 49.90 |
| औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए) (%) | 0.06 | 0.07 |
| इक्विटी पर प्रतिफल (%) | 1.23 | 1.50 |

बैंक की ब्याज आय वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान ₹ 70,495 करोड़ पर संकुचित रही. अग्रिमों पर वैश्विक अर्जन 7.99% से घटकर 6.98% रहा तथा घरेलू अग्रिमों पर अर्जन 8.82% से घटकर 7.83% रहा.

वित्तीय वर्ष 2021 में कुल ब्याज व्यय भी कम होकर ₹ 41,686 करोड़ रहा. जमाराशियों पर लागत घरेलू बही में 4.44% एवं अंतर्राष्ट्रीय बही में 0.95% तक के स्तर पर कम हुई है. वित्त वर्ष 2021 के दौरान बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) बढ़कर ₹ 28,809 करोड़ हो गई. वैश्विक एनआईएम 2.71% पर स्थिर रहा.

ट्रेजरी अभिलाभ में ₹ 3,376 करोड़ की वृद्धि के कारण बैंक की अन्य आय बढ़कर ₹ 12,364 करोड़ रही. बट्टे खाते में डाले गए खातों से वसूली ₹ 2,985 करोड़ के उच्च स्तर पर रही.

कर्मचारी व्यय के कारण वित्तीय वर्ष 2021 में परिचालन व्यय बढ़कर ₹ 20,544 करोड़ रहा. वर्ष के दौरान कर्मचारी व्यय ₹ 11,446 करोड़ था जबकि अन्य परिचालन व्यय ₹ 9,098 करोड़ थे. अत: वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान बैंक का परिचालन लाभ बढ़कर ₹ 20,630 करोड़ रहा. कुल प्रावधान (कर के अलावा) और आकस्मिकता घटकर ₹ 15,074 करोड़ रही. वित्तीय वर्ष 2021 में बैंक को ₹ 829 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ.

वर्ष के दौरान, बैंक ने मौजूदा कर दर 34.95% की तुलना में कराधान कानून (संशोधन) अधिनियम, 2019 द्वारा यथालागू आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115 बीएए के तहत अनुमत निम्न कर दर 25.17% व्यवस्था में ट्रांजीशन के विकल्प का चयन किया. तदनुसार, बैंक ने 31 मार्च, 2020 को आस्थगित कर आस्ति एवं देयताओं का पुन: मूल्यांकन किया. इन परिवर्तनों का प्रभाव वर्ष के दौरान लाभ एवं हानि खाते में एकबारगी प्रभारित किए गए ₹ 3,837 करोड़ के रूप में दिखा.

## संसाधन संग्रहण

₹ करोड़ में

| विवरण | 31.03.2020 को | 31.03.2021 को |
|---|---|---|
| जमा राशियां | 9,45,984.4 | 9,66,996.9 |
| जिसमें से – अंतर्राष्ट्रीय जमा राशियां | 1,37,278.9 | 1,08,583.8 |
| घरेलू जमा राशियां | 8,08,705.5 | 8,58,413.1 |
| जिसमें से – चालू खाता जमा राशियां | 49,650.1 | 61,609.0 |
| बचत बैंक जमा राशियां | 2,66,301.3 | 3,06,418.5 |
| कासा जमा राशियां | 3,15,951.4 | 3,68,027.6 |
| घरेलू जमाराशियां में घरेलू कासा (%) | 39.07 | 42.87 |
| अग्रिम | 6,90,120.7 | 7,06,300.5 |
| जिसमें से – घरेलू अग्रिम | 5,70,340.8 | 6,05,615.8 |
| अंतर्राष्ट्रीय अग्रिम | 1,19,780.0 | 1,00,684.7 |
| कुल आस्तियां | 11,57,915.5 | 11,55,364.8 |

31 मार्च, 2021 को बैंक का घरेलू कासा जमा 16.48 प्रतिशत बढ़कर ₹ 3,68,028 करोड़ रहा. 31 मार्च, 2021 को बैंक का घरेलू कासा अनुपात 42.87% था, जो 31 मार्च, 2020 के 39.07% की तुलना में 3.80% अधिक है. चालू जमाओं में 24.09% की वृद्धि दर्ज की गई और यह ₹ 61,609 करोड़ तक पहुंच गया, जबकि बचत बैंक जमा 15.06% की वृद्धि के साथ ₹ 3 लाख करोड़ से अधिक रहा.

वर्ष के दौरान, बैंक ने 1.24 करोड़ नए कासा खाते खोले. इसके तहत टैबलेट (टैब) का उपयोग कर पेपरलेस तरीके से खाते खोलने पर जोर दिया गया था.

बैंक ने सैन्य सेवाओं के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए एक विशेष वेतन खाता उत्पाद– बड़ौदा डिफेंस सैलरी पैकेज का शुभारंभ किया. यह विशेषीकृत उत्पाद 50 लाख रुपये (कार्यरत) तक का व्यापक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा और 1 करोड़ रुपये तक का हवाई दुर्घटना बीमा कवर प्रदान करता है. इसके अलावा, बैंक ने पीएसबी एलायंस डोरस्टेप बैंकिंग सर्विस के तहत वर्ष के दौरान 16,000 से अधिक डोरस्टेप अनुरोधों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया.

बड़ौदा सरकारी कर्मचारी वेतन खाता योजना के तहत, लगभग 30,000 वेतन खाते खोले गए और ₹ 1.41 लाख प्रति खाता औसत शेष के साथ ₹ 397 करोड़ जुटाए गए. निगमित नई कंपनियों के ऑनलाइन चालू खाता खोलने के लिए कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) पोर्टल के साथ एकीकरण के फलस्वरूप बैंक ने इस प्लेटफॉर्म के जरिए 7000 से अधिक चालू खाते खोले जिनमें 2.50 लाख प्रति खाता औसत शेष राशि प्राप्त हुई.

बैंक ने टाटा एआईजी, मैक्स बूपा और स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के साथ साझेदारी में बीमा उत्पादों से लिंक्ड बचत बैंक खातों की शुरुआत की और वित्त वर्ष 2021 के दौरान 1.73 लाख बीमा लिंक्ड एसबी खाते खोले. बैंक ने 2020 के दौरान जारी किए गए 2.47 लाख क्रेडिट कार्ड की तुलना में वित्त

वर्ष 2021 के दौरान सफलतापूर्वक 2.55 लाख क्रेडिट कार्ड जारी किए. बैंक ने डिजिटल और सोशल मीडिया चैनल के माध्यम से ग्राहकों को अपने साथ जोड़ने के लिए लीड जनरेशन मॉड्यूल शुरू किया है.

### बड़ौदा नकदी प्रबंधन सेवाएं

बैंक का नकदी प्रबंधन व्यवसाय बड़ौदा डिजीनेक्स्ट ग्राहकों के लिए नकदी प्रवाह और तरलता के प्रबंधन के लिए ओमनी–चैनल डिजिटल समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराता है. बड़ौदा डिजीनेक्स्ट कैश मैनेजमेंट ने वित्त वर्ष 2021 में रिकॉर्ड 1,300+ नए बड़े कॉर्पोरेट और सरकारी विभागों को अपने साथ जोड़ते हुए तेजी से अपना विस्तार करना जारी रखा. बैंक के 3,500 से अधिक बड़े ग्राहकों ने वर्ष के दौरान 5 करोड़ से अधिक लेनदेन के लिए नकदी प्रबंधन सेवाओं का उपयोग किया.

बैंक का नकदी प्रबंधन समाधान इलेक्ट्रॉनिक, चेक और अपनी शाखाओं में नकद जमाओं के रूप में प्राप्त सभी रसीदों पर वास्तविक समय में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है. इस समाधान का उपयोग प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण और कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) संग्रह जैसी प्रमुख सरकारी पहलों में किया जाता है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा केवल दो प्रमुख बैंकों में से एक है जो एकीकृत वित्तीय प्रबंधन और मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (आईएफएचआरएमएस), जो राज्य सरकार की ट्रेजरी के खजाने के प्रबंधन के लिए एक प्रमुख पहल है, के साथ पूरी तरह से एकीकृत है.

### ऋण विस्तार:

31 मार्च, 2021 तक बैंक का शेष अग्रिम बढ़कर ₹ 7,06,301 करोड़ हो गया, जिसमें घरेलू अग्रिम ₹ 6,05,616 करोड़ रुपये था. घरेलू अग्रिमों में वृद्धि मुख्यतः खुदरा ऋण, एमएसएमई और कृषि ऋण के कारण हुई. ऑटो और वैयक्तिक ऋण के कारण ऑर्गेनिक रिटेल ऋण बढ़कर ₹ 1,20,256 करोड़ हो गया. इसके साथ, कुल घरेलू ऋणों में खुदरा ऋणों का अनुपात वर्ष के दौरान बढ़कर 20.68% हो गया. 31 मार्च, 2021 को अंतरराष्ट्रीय ऋण बही ₹ 1,00,685 करोड़ की हो गयी.

बेहतर ग्राहक अनुभव उपलब्ध कराने के लिए बैंक 'डिजिटल फर्स्ट ऑपरेटिंग मॉडल' अपनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है. इस उद्देश्य के लिए बैंक ने 'डिजिटल लेंडिंग' नाम से एक विशिष्ट वर्टिकल का गठन किया है जो बैंक के ऋण उत्पादों विशेष रूप से खुदरा और एमएसएमई ऋणों के लिए डिजिटल प्रक्रिया विकसित करेगा. इसे शुरू करने की एक प्रक्रिया के रूप में वैयक्तिक ऋण, कार ऋण और गृह ऋण जैसे रिटेल उत्पादों का डिजिटाईजेशन किया जा रहा है. एमएसएमई ऋण के ₹ 25 लाख तक के नवीनीकरण हेतु ऋण की प्रक्रिया को डिजिटल रूप से शुरू किया गया. बैंक ने स्ट्रीट वेंडरों को ऑनबोर्ड कराने और उन्हें यूनिफ़ाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) क्विक रिस्पॉन्स (क्यूआर) कोड उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर की आत्म–निर्भर निधि योजना (पीएम स्वनिधि) पोर्टल को एकीकृत किया.

31 मार्च, 2021 तक बैंक की कुल आस्तियां बढ़कर ₹ 11, 55, 365 करोड़ हो गई.

### कॉर्पोरेट क्रेडिट

बैंक में कॉर्पोरेट ऋण सेवाएं, 15 कॉर्पोरेट वित्त सेवा शाखाओं (सीएफएस) द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं जो बैंक के कुल कॉर्पोरेट क्रेडिट पोर्टफोलियो के लगभग 73% का प्रबंधन करती हैं. 31 मार्च, 2021 को बैंक का कॉर्पोरेट क्रेडिट पोर्टफोलियो बढ़कर ₹ 2,91,615 करोड़ हो गया.

कॉर्पोरेट क्रेडिट संवितरण की दिशा में नवीन दृष्टिकोण के साथ वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान इस पोर्टफोलियो के जोखिम प्रोफाइल में सुधार दर्ज किया गया है जो कि घरेलू ऋण पोर्टफोलियो में निम्नानुसार रेटिंग डिस्ट्रिब्यूशन के निर्धारण से प्रतीत होता है :

| क्रेडिट रेटिंग डिस्ट्रिब्यूशन* | 31.03.2020 को | 31.03.2021 को |
|---|---|---|
| ए और उससे ऊपर | 62% | 63% |
| बीबीबी | 13% | 11% |
| बीबीबी से नीचे | 13% | 9% |
| अनरेटेड | 11% | 16% |

* ₹ 5 करोड़ से अधिक के अग्रिमों का बाह्य रेटिंग डिस्ट्रिब्यूशन.

वित्तीय वर्ष 2021 में 'ए' और उससे ऊपर का कुल पोर्टफोलियो पिछले वर्ष के 62% के मुकाबले 63% रहा.

कोविड–19 से प्रभावित उधारकर्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए, बैंक ने उदारीकृत कार्यशील पूंजीगत मूल्यांकन की शुरुआत की और निधि–आधारित राशि वाले उधारकर्ताओं को ₹ 4,931 करोड़ की सहायता प्रदान की. बैंक ने बड़ौदा कोविड आपातकालीन क्रेडिट लाइन (बीसीईसीएल) की भी शुरुआत की जिसके अंतर्गत 31 मार्च, 2021 तक कुल मिलाकर ₹ 2,417 करोड़ मंजूर किए गए और ₹ 1,398 करोड़ का संवितरण किया गया. सरकार की गारंटीकृत आपातकालीन क्रेडिट लाइन के अंतर्गत बैंक ने वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान ₹ 849 करोड़ मंजूर किए और ₹ 382 करोड़ संवितरित किए.

इसके अलावा, बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरु की गई टीएलटीआरओ योजना के अंतर्गत कॉरपोरेट्स और एनबीएफसी को निधियां उपलब्ध करायी. ₹ 6,519 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई और 31 मार्च, 2021 तक समग्र राशि का नियोजन किया गया.

आंशिक क्रेडिट गारंटी योजना के अंतर्गत, एनबीएफसी को ₹ 3,078 करोड़ उधार दिए गए.

### एमएसएमई क्रेडिट

31 मार्च, 2021 को एमएसएमई पोर्टफोलियो ₹ 96,200 करोड़ रहा. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2021 में 2.72 लाख नए एमएसएमई ग्राहकों को जोड़ा है. बैंक ने विशेष एसएमई प्रोसेसिंग केंद्रों के नेटवर्क को 27 से बढ़ाकर 71 एसएमई लोन फैक्ट्री (एसएमईएलएफ) कर दिया. इसके अलावा, ग्राहकों की सभी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एकल समाधान केंद्र के रूप में 15 नई एसएमई शाखाएं खोली गईं जिनमें व्यक्तिगत ऋण, जमा, फॉरेक्स संबंधी सेवाएं और प्रवर्तकों के लिए वित्तीय समाधान शामिल हैं. इन लोन फैक्ट्री और एसएमई शाखाओं द्वारा कवर नहीं किए गए भौगोलिक क्षेत्रों के लिए बैंक ने एसएमई खातों की निगरानी के साथ–साथ केंद्रित दृष्टिकोण सहित कोविड राहत पैकेज के अंतर्गत ऋण प्रस्तावों को प्रोसेस करने के लिए 49 विशेषीकृत एसएमई कक्ष की स्थापना की.

बैंक ने कोविड–19 महामारी से प्रभावित एमएसएमई को चलनिधि सहायता उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित किया:

- आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के अंतर्गत, बैंक ने 31 मार्च, 2021 तक ₹ 8,725 करोड़ रुपये मंजूर किए और ₹ 7,765 करोड़ संवितरित किए. इसके अलावा, बैंक ने एमएसएमई ग्राहकों को किसी भी चलनिधि असंतुलन को पूरा करने के लिए अस्थायी क्रेडिट लाइन प्रदान किया. इस योजना के अंतर्गत बैंक ने ₹ 3,013 करोड़ मंजूर किए और ₹ 983 करोड़ संवितरित किए.
- इसके अतिरिक्त, बैंक ने अधीनस्थ ऋण योजना ऋण गारंटी योजना के तहत 799 एमएसएमई उधारकर्ताओं को ऋण स्वीकृत किए. बैंक ने कोविड–19 के कारण किसी भी चलनिधि आवश्यकता को पूरा करने के लिए अंतर्निहित नकदी प्रवाह के आधार पर चालू खाताधारकों के लिए पूर्व–अनुमोदित ऋण भी उपलब्ध कराया.
- बैंक ने महामारी के कारण आवश्यकता के आधार पर एमएसएमई उधारकर्ताओं की कार्यशील पूंजीगत आवश्यकता को भी पुनर्जीवित किया. बैंक ने माइक्रो युनिट्स डेवलपमेंट एण्ड रिफाइनांस एजंसी (मुद्रा) के तहत 1,05,793 शिशु मुद्रा ग्राहकों के लिए ब्याज अनुदान भी प्रदान किया.
- बैंक ने संपूर्ण डिजिटल समाधान के साथ सबसे पहले पीएम स्वनिधि योजना की शुरूआत की.

बैंक ने एमएसएमई उद्यमों को सहयोग प्रदान करने के लिए पुनरसंरचना प्रस्तावों की प्रस्तुति हेतु ऑनलाइन सुविधा हेतु सिडबी के साथ एक वेब आधारित प्लेटफॉर्म 'एसेट रिस्ट्रक्चरिंग मॉड्यूल फॉर एमएसएमई (एआरएम – एमएसएमई)' के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं.

बैंक ने पब्लिक डिलिवरी प्रणाली में उपयोग किए जाने हेतु वाणिज्यिक वाहन खरीदने के लिए बेरोजगार युवाओं को मुद्रा ऋण उपलब्ध कराने हेतु आंध्र प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. इस समझौता ज्ञापन के तहत बैंक ने 9,100 लाभार्थियों को ₹ 476 करोड़ संवितरित किए.

बैंक में 31 मार्च, 2021 को ₹ 915 करोड़ के पोर्टफोलियो के साथ वाणिज्यिक वाहनों एवं विनिर्माण उपकरणों के वित्तपोषण के लिए एक समर्पित सेल है. बैंक ने इस सेगमेंट में कारोबार को बढ़ाने हेतु प्रमुख मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के साथ करार किया है. वर्ष के दौरान बैंक ने डाइमलर इंडिया कमर्शियल व्हिकल प्राइवेट लिमिटेड (भारत बेंज) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.

बैंक में एमएसएमई को तरलता सहयोग प्रदान करने हेतु सप्लाई चेन कारोबार के लिए एक विशेषीकृत वर्टिकल है. बैंक का सप्लाई चेन कारोबार एक डिजिटलीकृत सप्लाई चेन सोल्यूशन है, जो रियल टाइम अलर्ट, रिपोर्ट्स एवं एंड–टू–एंड ऑटोमेटेड रिकंसीलिएशन उपलब्ध कराता है. 31 मार्च, 2021 को सप्लाई चेन वित्तपोषण पोर्टफोलियो ₹ 1,430 करोड़ रहा.

## रिटेल ऋण

बैंक की रिटेल आस्तियां 31 मार्च, 2020 के ₹ 1,20,822 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2021 को 9.72% की समग्र वृद्धि के साथ ₹ 1,32,565 करोड़ रही. तथापि, ऑरगेनिक रिटेल ऋण (पोर्टफोलियो खरीद को छोड़कर) पिछले वर्ष की तुलना में 14.35% की वृद्धि के साथ ₹ 120,256 करोड़ रहा. 31 मार्च, 2021 को रिटेल आस्तियों में घरेलू अग्रिमों का हिस्सा 20.68% रहा.

वित्तीय वर्ष 2021 में रिटेल कारोबार की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:–

- बैंक की बंधक आधारित ऋण बही (आवास, बंधक एवं किराया प्राप्य) 31 मार्च, 2021 को ₹ 99,630 करोड़ रही.
- रिटेल खंड के अंतर्गत वैयक्तिक, आवास और शिक्षा ऋण में क्रमशः 27.21%, 11.10% और 9.06% की वृद्धि दर्ज की गई.
- 9.50% की उद्योग वृद्धि के सापेक्ष बैंक के ऑटो ऋण में 27.79% की वृद्धि हुई.
- बैंक ने –27– नए विशेषीकृत मोर्टगेज स्टोर (एसएमएस) खोले हैं जिससे 31 मार्च, 2021 को एसएमएस की कुल संख्या 126 हो गई है. ये स्टोर विशेषीकृत एवं तत्काल रूप से मोर्टगेज आधारित क्रेडिट प्रदान करने के लिए पूरे देश में स्थित हैं.
- डिजिटल लैंडिंग प्लेटफॉर्म के तहत रिटेल ऋण उत्पादों जैसे आवास ऋण, व्यक्तिगत ऋण एवं वाहन ऋण का सैद्धान्तिक अनुमोदन अब ऑनलाइन किया जा रहा है. बैंक अपने देयता ग्राहकों को ₹ 50,000 तक एंड–टू–एंड ऑनलाइन सूक्ष्म व्यक्तिगत ऋण ऑफ़र कर रहा है.

वर्ष के दौरान वैयक्तिक मौजूदा उधारकर्ताओं के लिए कोविड–19 योजना के तहत वैयक्तिक ऋण, वेतन खाताधारक सरकारी कर्मचारी ग्राहकों के लिए बड़ौदा वैयक्तिक ऋण तथा देयता ग्राहकों के लिए पूर्व–अनुमोदित ऋण जैसे नए रिटेल आस्ति उत्पादों का शुभारंभ किया गया.

## ग्रामीण और कृषि ऋण

बैंक के पास ग्रामीण क्षेत्रों में 2,852 और अर्द्ध–शहरी क्षेत्रों में 2,090 शाखाओं का नेटवर्क है जो प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और कृषि क्षेत्र ऋण के लिए लाभप्रद है. वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान बैंक के कृषि अग्रिम बढ़कर ₹ 99,543 करोड़ हो गए.

बैंक 3 राज्यों अर्थात् उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) और 1 केंद्र शासित प्रदेश अर्थात दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय बैंकर्स समिति (यूटीएलबीसी) का संयोजक है और पूरे देश के 67 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहा है.

बैंक कृषि क्षेत्र को ऋण देने में लगातार अग्रणी बना हुआ है जिसे वित्तीय वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने के सरकार के लक्ष्य से और गति मिली है. छोटे किसानों और समुदायों के लिए बैंक अपने सर्वोत्कृष्ट उत्पाद किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के साथ सामान्य कृषि ऋण प्रदान करने से आगे बढ़कर व्यापक ऋण की नीति पर कार्य करते हुए सभी ग्रामीण ग्राहक वर्ग के लिए जैसे कृषि यांत्रिकीकरण (ट्रैक्टर ऋण), बागवानी ऋण, गोदाम रसीद के पेटे वित्त पोषण, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को वित्तपोषण, खाद्य और कृषि प्रसंस्करण, स्वर्ण ऋण उपलब्ध करा रहा है. बैंक ने अपने ट्रैक्टर ऋण पोर्टफोलियो में वृद्धि के लिए ग्रोमेक्स एग्री इक्विपमेंट लिमिटेड, आइशर मोटर्स, ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड (टीएएफई) तथा महिंद्रा एंड महिंद्रा ट्रैक्टर लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.

वर्ष के दौरान, बैंक ने 3.91 लाख नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं और पशुपालन एवं मत्स्य पालन गतिविधियों से संबद्ध किसानों को केसीसी प्रणाली से जोड़ने के लिए नई योजनाएं लागू की हैं. बैंक ने अपनी माइक्रोफाइनेंस पहलों के हिस्से के रूप में, वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान ₹ 1,671 करोड़ की राशि के ऋण प्रदान कर 77,722 एसएचजी को क्रेडिट लिंक किया है.

1 अक्टूबर, 2020 से 15 अक्टूबर, 2020 तक पूरे देश में बैंक द्वारा विशिष्ट वार्षिक किसान आउटरिच कार्यक्रम 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य कोविड के समय डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को वर्चुअली जोड़ना था. 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के दौरान कुल 13,811 गतिविधियों/ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें 3.57 लाख किसानों ने सहभागिता की.

बैंक ने एग्रिकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ), एनिमल हसबेंडरी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड स्कीम (एएचआईडीएफ), पीएम फॉरमलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज़ (पीएमएफएमई), प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा और उत्थान महाभियान योजना (पीएम कुसुम), प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) और कंप्रेसड बायो गैस जैसी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास योजनाएं भी शुरू की हैं ताकि कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के विकास को प्रोत्साहित किया जा सके.

वर्टिकल ने एसएचजी, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड (बीकेसीसी) एवं निवेश ऋण उधारकर्ताओं को ऋण सहयोग प्रदान करने के लिए कई पहलें की हैं. वित्तीय वर्ष 2021 में कोविड-19 योजनाओं के तहत विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ₹ 2,378 करोड़ की राशि मंजूर की गई.

### प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण

बैंक का प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण 31 मार्च, 2020 के ₹ 2,26,336 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2021 को 10.14% बढ़कर ₹ 2,49,285 करोड़ रहा. बैंक ने दिनांक 31 मार्च, 2021 को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण सेगमेंट की सभी श्रेणियों के अंतर्गत अनिवार्य लक्ष्यों को प्राप्त किया है.

### अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति समुदायों को ऋण

अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति (एससी/ एसटी) समुदायों को बकाया ऋण 31 मार्च, 2021 को 12,633 करोड़ हो गया. बैंक द्वारा कमजोर वर्गों को मंजूर किए गए अग्रिम का 18.68% हिस्सा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजातियों को प्रदान किया गया.

इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), मुद्रा ऋण, स्टार्ट-अप इंडिया एवं स्टैंड-अप इंडिया जैसी विभिन्न प्रकार की सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति समुदायों के वित्त पोषण के लिए बैंक द्वारा विशेष बल दिया गया. बैंक ने महिला सशक्तिकरण मिशन को आगे बढ़ाने हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों को वित्त उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न राज्यों की राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के साथ करार करने की संभावनाएं तलाश रहा है.

### स्वर्ण ऋण

बैंक का स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो पिछले वर्ष के ₹ 17,393 करोड़ के मुकाबले 31 मार्च, 2021 को 35.64% बढ़कर ₹ 23,593 करोड़ रहा. वित्तीय वर्ष 2021 में स्वर्ण ऋण के अंतर्गत कृषि स्वर्ण ऋण 32.64% बढ़कर ₹ 22,492 करोड़ रहा. रिटेल स्वर्ण ऋण 31 मार्च, 2020 के ₹ 436 करोड़ की तुलना में दोगुने से भी अधिक होकर 31 मार्च, 2021 को 1,101 करोड़ रहा. यह बढ़ोतरी स्वर्ण ऋण शोपी में बढ़त के कारण हुई जो इस अवधि में 185 से बढ़कर 984 हो गई.

कृषि ऋणों में स्वर्ण ऋणों का हिस्सा वित्तीय वर्ष 2020 के 19.13% से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021 में 22.30% रहा. औसत स्वर्ण ऋण टिकट साइज़ ₹ 1.05 लाख से बढ़कर ₹ 1.36 लाख रहा. यह बढ़ोतरी दक्षिण भारत के अलावा पूरे देश के भौगोलिक हिस्से से हुई जो पिछले वर्ष के 18.96% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021 में 22.65% रही. 31 मार्च, 2021 को केवल 0.19% के जीएनपीए अनुपात के साथ पोर्टफोलियो की ऋण गुणवत्ता अच्छी रही.

### वित्तीय समावेशन (एफआई)

किफायती लागत पर समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से ग्रामीण, अर्द्ध शहरी और शहरी गरीबों को यूनिवर्सल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक ने वित्तीय समावेशन को सामाजिक बचनबद्धता के रूप में और कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल के माध्यम से कारोबार प्राप्त करने के लिए एक अवसर के रूप में अपनाया है. बैंक अपनी शाखा और बीसी नेटवर्क के माध्यम से पूरे देश में वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है. तकनीक के आगमन के साथ बैंकिंग रहित क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए अभिनव कदम उठाए जा रहे हैं. बैंक ने देश भर में ग्रामीण, अर्द्ध शहरी और शहरी क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए अपने बीसी नेटवर्क में 5,200 अतिरिक्त बीसी जोड़कर 31 मार्च, 2021 को 23,320 से अधिक बीसी नियुक्त किए हैं.

बैंक ने वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नलिखित पहलें आरंभ की हैः

- विभिन्न चैनलों जैसे कि मिस्ड कॉल/ नेट बैंकिंग/ मोबाइल बैंकिंग/ एसएमएस/ बीसी/ शाखा के माध्यम से माइक्रो इंश्योरेंस नामांकन.
- बीसी केन्द्रों पर विभिन्न सेवाओं जैसे कि एसएमएस सब्स्क्रिप्शन, ई-मेल से विवरणी प्राप्त करने एवं डेबिट कार्ड हॉट-लिस्टिंग की उपलब्धता. लेनदेन के दौरान बीसी एजेंट को आधार लुक-अप सुविधा एवं आधार ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण. बीसी केन्द्रों पर नामांकन के लिए आधार सीडिंग हेतु द्विभाषी सहमति-पत्र एवं सूक्ष्म बीमा के लिए तत्काल पॉप-अप की सुविधा.

### वित्तीय समावेशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021 के महत्वपूर्ण कार्य निष्पादन

- बेसिक बचत बैंक जमा (बीएसबीडी) खातों में 78.13 लाख (15.26%) से वृद्धि हुई है और जमाराशियों में ₹ 4,791 (25.58%) करोड़ से बढ़ोतरी हुई है.
- पीएमजेडीवाई खातों में 83.34 लाख (20.30%) से वृद्धि हुई है और पीएमजेडीवाई जमाराशियों में ₹ 4340 करोड़( 30.36%) से बढ़ोतरी हुई है.

- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तुलना में बैंक की हिस्सेदारी पीएमजेडीवाई खातों की संख्या में 14.79% और पीएमजेडीवाई खातों के अंतर्गत जमाराशियों में 16.47% रही.
- 31 मार्च 2021 को बैंक में शून्य शेष वाले पीएमजेडीवाई खातों के हिस्से को जो 31 मार्च 2020 को 7.88% था, घटाकर 5.30% पर लाया गया.
- वर्ष के दौरान माइक्रो इंश्योरेंस नामांकन में 48 लाख की वृद्धि हुई और 31 मार्च, 2021 को 2.60 करोड़ रहा.

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कार्यनिष्पादन**

बैंक ने तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) जिनके नाम बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण बैंक तथा बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक हैं, को प्रायोजित किया है. तीनों आरआरबी का समग्र व्यवसाय 31 मार्च, 2020 के ₹ 76,278 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2021 को 123,579 करोड़ रहा. तीनों आरआरबी ने समेकित रूप से वित्तीय वर्ष 2021 में ₹ 322 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया. तीनों आरआरबी की समेकित निवल संपत्ति 31 मार्च, 2021 को बढ़कर ₹ 4289 करोड़ हो गई है.

भारत सरकार की अधिसूचना संख्या एफ़. संख्या 7/8/2017–आरआरबी (उत्तरप्रदेश III) दिनांक 26 नवंबर 2019 के संदर्भ में दिनांक 1 अप्रैल 2020 से बैंक ऑफ़ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया और भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित क्रमशः बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (बीयूपीजीबी), काशी गोमती समयुत ग्रामीण बैंक (केजीएसजीबी) और पूर्वान्चल बैंक (पीबी) के समामेलन को प्रभावी किया गया है और नई संस्था बड़ौदा उत्तरप्रदेश बैंक ने अंतरिती संस्था के रूप में उसी तारीख से कार्य करना आरंभ कर दिया है. इसका प्रधान कार्यालय, गोरखपुर में है. बैंक की पूरे राज्य भर में 1,983 शाखाएं हैं.

## अंतर्राष्ट्रीय परिचालन

हमारे बैंक की 19 देशों में 96 विदेशी शाखाएं/ कार्यालय हैं, जिनमें 44 विदेशी शाखा/कार्यालय (यूएई में 9 इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग सेवा यूनिट, मॉरीशस में 1 मोबाइल यूनिट और गिफ्ट सिटी, गांधीनगर, गुजरात, भारत में 1 अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग यूनिट सहित) और बैंक की 7 विदेशी अनुषंगियों की 52 शाखाएं कार्यरत हैं. इसके अलावा, बैंक का एक संयुक्त उद्यम मलेशिया में इंडिया इंटरनेशल बैंक (मलेशिया) बीएचडी है और एक सहयोगी बैंक जांबिया में इंडो जांबिया बैंक लि. है जिसकी 30 शाखाएं हैं.

बैंक की विश्व के प्रमुख वित्तीय केंद्रों न्यूयॉर्क, लंदन, सिंगापुर और दुबई में उपस्थिति है. अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में हमारा बैंक भारतीय कॉर्पोरेट्स की अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करके, भारतीय और स्थानीय रूप से निगमित कंपनियों/ फर्मों के लिए इंडिया– लिंक्ड क्रॉस बार्डर व्यापार प्रवाह आवश्यकताओं को पूरा करके और अनिवासी भारतीय (एनआरआई) / भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) के लिए पसंदीदा बैंक बनकर संवृद्धि और मूल्यवर्धन की नीति अपना रहा है.

बैंक ने विदेशी केन्द्रों में एंड टु एंड व्यवसाय समाधान के लिए डिजिटाइजेशन और केन्द्रीकरण के उद्देश्य से आईटी उन्नयन में भी ठोस प्रगति की है ताकि उत्पादकता एवं ग्राहक सेवा में वृद्धि की जा सके.

बैंक ने व्यापक मूल्यांकन फ्रेमवर्क के आधार पर कार्यनीतिक दृष्टि से अपनी विदेशी उपस्थिति को युक्तिसंगत बनाया है. इस प्रक्रिया के एक भाग के रूप में वर्ष के दौरान बैंक ने चीन में होलसेल शाखा को बंद कर दिया है और सोहर शाखा को ग्रेटर मुटराह शाखा के साथ विलय कर दिया गया है और त्रिनिदाद और टोबैगो में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी अर्थात् बैंक ऑफ़ बड़ौदा (त्रिनिदाद और टोबैगो) लि. की पूरी हिस्सेदारी को अनसा मर्चेन्ट बैंक को बेचकर विनियोजित कर दिया.

बैंक अपने अंतर्राष्ट्रीय परिचालन को नए वैश्विक परिवेश के अनुरूप निरंतर समेकित और पुनर्गठित कर रहा है और जोखिम प्रबंधन, अल्प लाभ आस्तियों को कम करने और लाभप्रदाता में वृद्धि के उद्देश्य से पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है.

31 मार्च, 2021 तक अंतर्राष्ट्रीय शाखाओं से बैंक का कुल व्यवसाय (निवल) ₹ 2,09,269 करोड़ रहा जो वैश्विक व्यवसाय का 12.51% रहा. कुल जमाराशियां ₹ 1,08,584 करोड़ रहीं जबकि निवल अग्रिम ₹ 1,00,685 करोड़ रहा.

## ट्रेज़री परिचालन

हमारा बैंक मुंबई में स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में स्थापित अत्याधुनिक डीलिंग रूम से ट्रेज़री परिचालनों का संचालन करता है. ट्रेज़री विभिन्न बाजारों जैसे विदेशी विनिमय, ब्याज दर, स्थायी आय, मुद्रा बाजार, डेरिवेटिव्स, इक्विटी, मुद्रा एवं ब्याज दर फ्यूचर्स एवं अन्य वैकल्पिक आस्ति श्रेणियों में प्रमुख भूमिका निभा रही है. बैंक आधुनिक डीलिंग पद्धतियों और पूरे देश में विदेशी मुद्रा में डीलिंग करने के लिए प्राधिकृत शाखाओं के माध्यम से ब्याज दर स्वैप, मुद्रा स्वैप, मुद्रा विकल्प और वायदा संविदा जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान कर रहा है.

ट्रेज़री बैंक की सीआरआर / सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) संबंधी सांविधिक आवश्यकताओं की देखरेख करती है और निधि की आधिकता / कमी का प्रबंधन करती है. ट्रेज़री निधि प्रबंधन कार्यों के एक भाग के रूप में मनी मार्केट और कॉर्पोरेट मार्केट लिखतों में ऋण लेता/निवेश करता है.

31 मार्च, 2021 को बैंक की कुल घरेलू निवेश बही ₹ 2,51,708 करोड़ रही. कुल निवेश में एसएलआर प्रतिभूतियों का शेयर 81.10% रहा. 31 मार्च, 2021 को शुद्ध मांग एवं मीयादी देयताओं (एनडीटीएल) के सापेक्ष एसएलआर प्रतिभूतियां (भारमुक्त) 20.77% रहीं. बैंक यील्ड मूवमेंट द्वारा उपलब्ध कराए गए अवसरों को भुनाने में सक्षम रहा है. बैंक ने अपने पोर्टफोलियो को कुशलता से प्रबंधित किया है और वित्त वर्ष 2021 के लिए ब्याज–युक्त निवेश पर 7.69% (बिक्री पर लाभ सहित) औसत लाभ बनाए रखा है. वित्त वर्ष 2021 के दौरान बैंक द्वारा निवेश की बिक्री पर लाभ और विदेशी मुद्रा आय क्रमशः ₹ 3326 करोड़ और ₹ 658 करोड़ रही.

महामारी के कारण लॉकडाउन अवधि के दौरान निर्बाध व्यावसायिक परिचालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न आकस्मिक उपाय किए गए हैं. कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) के अलावा मुंबई में एक वैकल्पिक साइट सेट– अप किया गया और कर्मचारियों को रिमोट एक्सेस प्रदान किया गया जिससे ट्रेज़री के बैक और फ्रंट ऑफिस के सभी कार्य कवर हो गए. अतः इन व्यवस्थाओं के साथ संपूर्ण ट्रेज़री परिचालन को सफलतापूर्वक और कुशलतापूर्वक चलाया गया.

### सरकारी कारोबार

सरकारी कारोबार बैंक की व्यावसायिक रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. यह कम लागत जमाराशि और शुल्क आधारित आय में उल्लेखनीय रूप से योगदान करता है. यह अखिल भारत स्तर पर केन्द्र/ राज्य सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करता है.

बैंक अपनी नामित शाखाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष कर संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है और यह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं विधि कार्य मंत्रालय का एक मान्य सहयोगी बैंकर है. बैंक वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा शुरू की गई विभिन्न लघु बचत योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का कार्यान्वयन/ प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करता है. बैंक भारत सरकार की डिजिटल पहल के अनुरूप ई-सोल्यूशन विकसित करने में केंद्र और राज्य स्तर पर विभिन्न विभागों के साथ भागीदार है.

वर्ष के दौरान बैंक ने भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक के साथ डिफेंस सैलरी पैकेज के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया. बड़ौदा डिफेंस सैलरी पैकेज में संवर्धित विशेषताओं के साथ भारतीय सेना से समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण किया गया. बैंक ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के प्रतिष्ठित खाते को भी कैनवास किया.

वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) योजना के कार्यान्वयन में बैंक के सराहनीय कार्यनिष्पादन की वित्त मंत्रालय द्वारा प्रशंसा की गई. साथ ही, बैंक ने अटल पेंशन योजना कैनवास करने हेतु पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा आरंभ किए गए विभिन्न अभियानों में अर्हता प्राप्त की है.

### धनसंपदा प्रबंधन

पूर्ववर्ती देना और विजया बैंक की शाखाओं के निर्बाध एकीकरण के साथ धन सम्पदा संबंधी उत्पादों के वितरण के लिए बैंक के ग्राहक आधार में बड़ी वृद्धि देखी गई. धनसंपदा प्रबंधन वितरण प्लैटफ़ार्म को 14 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए शाखाओं के व्यापक वितरण नेटवर्क को विकसित करने के उद्देश्य से रिटेल वितरण (क्रॉस-सेल) और रेडियंस चैनल (उच्च मालियत वाले व्यक्तियों के लिए आकर्षक खंड) को अलग-अलग किया गया है. इस व्यवसाय मॉडल को समृद्ध करने का अंतर्निहित सिद्धांत, विकास के अवसरों का लाभ लेने और डिजिटल रूपान्तरण के अनुरूप आगे बढ़ने और शुल्क आय को बढ़ाने के लिए 'भविष्य के लिए तैयार' होना है. इस व्यवसाय मॉडल में विभिन्न संपर्क केन्द्रों जैसे शाखाओं, मोबाइल और नेट बैंकिंग के माध्यम से निवेश और बीमा उत्पादों को वितरित करने की परिकल्पना की गई है ताकि सभी भौगोलिक क्षेत्रों में सभी ग्राहकों तक पहुंचा जा सके.

साथ ही, रिलेशनशिप मैनेजर-आधारित व्यापार मॉडल, रेडियंस, इंडस्ट्री बेंचमार्क के अनुसार इस उत्पाद ऑफ़र को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाकर समृद्ध किया गया और इसमें विभिन्न प्रगति निम्नानुसार है :

- ग्राहकों को विभिन्न निवेश और बीमा उत्पादों को ऑफ़र करने के लिए आवश्यक कौशल के साथ वैल्थ पेशेवरों को जोड़ा गया है.
- डिजिटल बैक-एंड प्रक्रियायों को रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंटों (आरटीए) के साथ धन सम्पदा व्यवसाय प्लैटफ़ार्म को एकीकृत कर तथा मोबाइल और नेट बैंकिंग पर म्यूचुअल फंड निवेशों के वर्तमान मूल्य की उपलब्धता से मजबूत किया गया है.
- बैंक ने बीमा भागीदारों के माध्यम से प्रतिस्पर्धी मूल्य पर व्यापक स्तर पर ग्राहकों को मूलभूत स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध करने के लिए कोविड 19 सहित विभिन्न स्वास्थ्य बीमा उत्पाद ऑफ़र किए हैं.
- वेतन खातों के अंतर्गत उत्पाद ऑफ़र के रूप में निवेश और बीमा उत्पाद डिफेंस कार्मिकों को उपलब्ध कराये गए हैं.
- ग्राहक रिलेशनशिप प्रबंधन (सीआरएम) टूल को सभी ग्राहकों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने और व्यापार के अवसरों को कैप्चर करने के लिए किया जाता है.

### दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन

बैंक यह मानता है कि निरंतर दैनिक निगरानी अनर्जक ऋणों में कमी और अच्छी वसूली सुनिश्चित करने के प्रति पहला चरण है. इस के लिए बैंक ने विभिन्न कार्रवाई की है तथा वसूली बढ़ाने और स्लिपेज को कम करने के लिए रणनीति बनाई है.

बैंक के पास ने सभी एनपीए खातों की निगरानी के लिए 'दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल' है. एनपीए खातों की बेहतर निगरानी और वसूली के लिए, पांच दबावग्रस्त आस्ति शाखाओं की स्थापना की गई और एनसीएलटी के तहत सभी खातों को इन विशेष शाखाओं में अंतरित कर दिया गया. इसके अलावा, ₹ 5 करोड़ से अधिक बकाया शेषराशि के साथ राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के इतर एनपीए खातों को संभालने के लिए अंचल स्तर पर 16 दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखाओं (एसएआरबी शाखा) की स्थापना की गई.

पिछले दो वर्षों के दौरान एनपीए की स्थिति निम्नानुसार है:

**₹ करोड़ में**

| **विवरण** | **वित्त वर्ष 2020** | **वित्त वर्ष 2021** |
|---|---|---|
| सकल एनपीए | 69,381 | 66,671 |
| सकल एनपीए (%) | 9.40 | 8.87 |
| निवल एनपीए | 21,577 | 21,800 |
| निवल एनपीए (%) | 3.13 | 3.09 |
| एनपीए में जोड़ | 23,315 | 20,005 |
| वसूली/ उन्नयन | 7,942 | 7,290 |
| टीडबल्यूओ सहित बट्टे खाते | 15,806 | 14,878 |
| बट्टे खातों में वसूली | 1,532 | 2,985 |
| प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ सहित) (%) | 81.33 | 81.80 |
| प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ को छोड़कर) (%) | 68.90 | 67.30 |

आस्ति वर्गीकरण के अनुसार, ऋण बही का विभाजन निम्नानुसार है:

**₹ करोड़ में**

| **आस्ति वर्गीकरण** | **वित्त वर्ष 2020** | **वित्त वर्ष 2021** |
|---|---|---|
| मानक अग्रिम | 6,68,715 | 6,84,919 |
| सकल एनपीए | 69,381 | 66,671 |
| कुल सकल अग्रिम | 7,38,096 | 7,51,590 |
| सकल एनपीए जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं | | |
| अवमानक | 14,311 | 15,056 |
| संदिग्ध | 37,005 | 35,527 |
| हानि | 18,065 | 16,088 |
| कुल सकल एनपीए | 69,381 | 66,671 |

बड़ी संख्या में छोटे एनपीए खातों का निपटान करने के उद्देश्य से बैंक ने इन खंडों में एनपीए के निपटान के लिए अपनी मौजूदा विशेष एकबारगी निपटान (ओटीएस) योजना "लक्ष्य- II – एमएसएमई, रिटेल और कृषि को जारी रखा है. बैंक द्वारा इन योजनाओं के तहत ₹ 694 करोड़ की राशि के एनपीए खातों में वसूली और अपग्रेड किया गया.

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्संरचना एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम के तहत **संपत्तियों की बिक्री के लिए नया ई-नीलामी मंच, ई-बिक्रय का उपयोग किया गया.**

भारतीय रिज़र्व बैंक ने दिनांक 27 मार्च, 2020, 17 अप्रैल, 2020 और 23 मई, 2020 के अपने परिपत्र द्वारा कोविड-19 के लिए विनियामक पैकेज के तहत उपायों की घोषणा की है. इन दिशानिर्देशों के तहत मौजूदा ऋणकर्ताओं को अधिस्थगन अवधि का विकल्प दिया गया. दिनांक 17 अप्रैल, 2020 के भारतीय रिज़र्व बैंक दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक को ऋणकर्ता खाते जहां आस्ति वर्गीकरण लाभ प्रदान किया गया है, के संबंध में बकाया अग्रिमों का न्यूनतम 10% प्रावधान करना अपेक्षित था. बैंक ने दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही के दौरान ₹ 811 करोड़ और साथ ही, दिनांक 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही के दौरान ₹ 1,065 करोड़ की राशि का कोविड-19 के लिए पर्याप्त प्रावधान किया और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही के दौरान ₹ 1,309 करोड़ के शेष प्रावधान की राशि को बट्टे खाते में डाला गया/समायोजित किया गया.

उपर्युक्त अधिस्थगन अवधि के तहत कार्यशील पूंजी सुविधाओं के संबंध में बैंक ने वित्तपोषित ब्याज मीयादी ऋण में दिनांक 31 अगस्त, 2020 तक की इस अधिस्थगन अवधि के लिए संचित ब्याज को परिवर्तित कर दिया, जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार मार्च 2021 तक चुकाया जा सकता था.

बैंक ने रिजॉल्यूशन फ्रेमवर्क 1.0 समाधान – कोविड-19 से संबंधित दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान के तहत पुनर्संरचना लागू की और दिनांक 6 अगस्त, 2020 के भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र के अनुसार ₹ 3,774 करोड़ औसत एक्सपोजर वाले 7,861 खातों में प्रावधान किया. बैंक ने एमएसएमई के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की एकबारगी पुनर्संरचना सुविधा का विस्तार किया जिसमें कुल ₹ 9,039 करोड़ की कुल राशि के साथ 1,25,906 ऋणकर्ताओं को एमएसएमई आस्ति पुनर्संरचना सुविधा प्रदान की गई.

बैंक में शुरुआती दौर में दबावग्रस्त आस्तियों की पहचान करने के लिए सुदृढ़ स्वचालित अर्ली वार्निंग प्रणाली है जिससे दबाव को दूर करने के लिए समय पर सुधारात्मक उपाय किए जा सकें. बैंक के पास सशक्त संग्रहण प्रणाली भी है.

### डिजिटल बैंकिंग उत्पाद

बैंक डिजिटलीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और नियमित रूप से लेनदेन को डिजिटल चैनलों में माइग्रेट करने का प्रयास करता है जिससे बेहतर ग्राहक अनुभव प्राप्त होता है. डिजिटल बैंकिंग का प्रमुख उद्देश्य डिजिटल और वैकल्पिक वितरण चैनलों के माध्यम से ग्राहकों को बैंक के उत्पाद उपलब्ध कराना है. डिजिटल बैंकिंग में प्रमुख सुविधाएं भीम बड़ौदा पे, बड़ौदा एम-कनेक्ट प्लस, बड़ौदा कनेक्ट, डेबिट कार्ड, प्री-पेड कार्ड, भीम आधार, एटीएम और कैश रिसाइक्लर मशीन, सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर, टैब बैंकिंग, इंटरनेट पेमेंट गेटवे (आईपीजी), भारत बिल भुगतान सेवाएं (बीबीपीएस), बड़ौदा फास्टैग, भारत क्यूआर, पॉइंट ऑफ़ सेल (पीओएस) आदि हैं.

- **मोबाइल बैंकिंग:** बैंक ने अपने मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन में वर्ष के दौरान 40 नई सुविधाएँ और सेवाएँ जैसे पूर्व-अनुमोदित सूक्ष्म वैयक्तिक ऋण, यूपीआई सुविधा, पासबुक, डेबिट कार्ड प्रबंधन, लोक भविष्य निधि (पीपीएफ) खाता खोलना, आवक चेक के लिए पॉज़िटिव पे पुष्टि, खर्च विश्लेषक, बिना लॉगिन किए मिनी-स्टेटमेंट, कॉन्टैक्टलेस पेमेंट मोड को सक्षम/ अक्षम करना, इंटरेक्टिव कस्टमर फीडबैक, अन्य बैंक ट्रांसफर के लिए तत्काल सकल निपटान (आरटीजीएस) पेमेंट मोड, डिपॉजिट के पेटे ऋण, डिपॉजिट कैलकुलेटर, मुद्रा और एमएसएमई ऋण के लिए आवेदन आदि शुरू किया है.

  उपर्युक्त के अलावा दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या में 2.84 गुना वृद्धि हुई, जो अप्रैल 2020 में 11 लाख से बढ़कर मार्च 2021 में 31 लाख हो गई. इसके अलावा, वित्तीय लेनदेन में 44% की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि गैर-वित्तीय लेनदेन में 96% की वृद्धि दर्ज की गई.

- **एटीएम:** यूजर-फ्रेंडली ग्राफिक स्क्रीन और ग्राहकों की पसंद की भाषा में अनुदेशों के पालन की सहजता, बैंक के एटीएम के उपयोग को आरामदायक बनाता है. एटीएम को ग्रीन-पिन जनरेशन, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (एनईएफटी), बिल भुगतान आदि जैसी सुविधाओं से समृद्ध किया गया है. बैंक ने सफलतापूर्वक 9,578 एटीएम के लिए एटीएम जीएल वार प्रोजेक्ट को पूरा किया. 31 मार्च, 2021 को बैंक के पास कैश रिसाइक्लर्स सहित 11,633 एटीएम है.

- **डेबिट कार्ड:** 31.03.2021 को बैंक के पास सक्रिय कार्ड आधार 21% की वृद्धि के साथ 6.54 करोड़ रहा, ई-कॉमर्स/पीओएस संव्यवहारों को बढ़ाने और ग्राहकों के लिए बैंक के डेबिट कार्ड को

वरीयतः, पसंदीदा कार्ड बनाने के लिए बैंक ने डेबिट कार्ड ग्राहकों को आकर्षक ऑफ़र उपलब्ध करवाने हेतु विविध मर्चेंटों के साथ टाई अप किए. पांच माह की अवधि (नवंबर 2020 से मार्च 2021) के अंदर विभिन्न प्रचलित मर्चेंटों जैसे जियो मार्ट, इक्सिगो, मिंत्रा, स्विगी, ईज़ माई ट्रिप, यात्रा, ज़ोमैटों, ऊबर, ग्रोफर्स, गोआईबीबो, फ़्लिपकार्ट, सिनियॉरिटी आदि के साथ मिलकर कुल 31 अभियान चलाए गए.

- **इंटरनेट पेमेंट गेटवे (आईपीजी)** अपने ग्राहकों को अपनी वेबसाइट / ई– कॉमर्स व्यवसाय के माध्यम से क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग का उपयोग कर भुगतान संग्रहण को सक्रियकरण द्वारा भुगतान प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक प्लैटफार्म, बड़ौदा ई–गेटवे उपलब्ध करवाने हेतु बैंक ने आईपीजी नेटवर्क की स्थापना की है. बाधारहित और अनुकूलित सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक ने 18 एग्रीगेटरों/ मास्टर मर्चेन्टों के साथ टाई–अप किए हैं और लगभग 1500 मर्चेंटों को ऑनबोर्ड किया है. बैंक ने वित्त वर्ष 20–21 में आईपीजी मर्चेंट ऑन–बोर्डिंग में 57% की वृद्धि हासिल की.
- **बड़ौदा फास्टैग (नेशनल इलेक्ट्रानिक टोल कलेक्शन – NETC):** बैंक ने फास्टैग की बिक्री बढ़ाने के लिए वित्त वर्ष 2021 के दौरान विभिन्न अभियान चलाए जिनके परिणामस्वरूप 2.68 लाख फास्टैग जारी किए. बैंक का फास्टैग अब अन्य बैंकों के ग्राहकों के लिए ऑनलाइन मोड और टैब बैंकिंग के माध्यम से उपलब्ध है.
- **भीम बड़ौदा पे:** यूपीआई एक ऐसा सिस्टम है जो विभिन्न बैंक खातों को एक मोबाइल एप्लिकेशन (किसी भी भागीदार बैंक का) पर संग्रहित करता है, विभिन्न बैंकिंग विशेषताओं, बाधारहित निधि रुटिंग एवं मर्चेंट भुगतान को एक प्लैटफार्म पर समेकित करता है. यह 'पीयर टू पीयर' संग्रहण अनुरोध को भी पूरा करता है जिसे आवश्यकता और सुविधा अनुसार शेड्यूल कर भुगतान किया जा सकता है. वित्त वर्ष 2021 के दौरान यूपीआई के अंतर्गत वित्तीय लेन–देन (आउटवर्ड), बढ़कर ₹ 110 करोड़ रहा, जिसमें 100% की वृद्धि हुई.
- **यूपीआई ऑटो पे:** यूपीआई 2.0 के अंतर्गत शुरू की गई इस नई सुविधा के साथ ग्राहक आवर्ती भुगतान जैसे मोबाइल बिल, बिजली बिल, ईएमआई भुगतान, मनोरंजन/ ओटीटी सब्स्क्रिप्शन, म्यूचुअल फंड आदि के लिए किसी भी यूपीआई ऐप्लिकेशन का उपयोग कर आवर्ती ई–मैंडेट को सक्रिय कर सकता है. वर्तमान में बैंक यूपीआई ऑटो पे में इश्यूर के तौर पर लाइव है.
- **यूपीआई इंटरनेशनल:** यूपीआई ऐप्लिकेशन के माध्यम से सिंगापुर डॉलर (एसजीडी) में क्यूआर आधारित भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए यूपीआई इंटरनेशनल को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और एनईटीएस (नेटवर्क फॉर इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसफर) सिंगापुर ने संयुक्त रूप से विकसित किया है. खाते से कटौती भारतीय रूपया (आईएनआर) में होगी लेकिन मर्चेंट को भुगतान एसजीडी में होगा. वर्तमान में बैंक जारीकर्ता के रूप में लाइव है और उन छः बैंकों में से हैं जो इस सुविधा में लाइव हैं.
- **यूपीआई के माध्यम से जीएसटी भुगतान:** डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डायनमिक क्यूआर कोड के माध्यम से बिजनेस टू कस्टमर (बी2सी) लेनदेन करने का बहुत बड़ा निर्णय लेते हुए, भारत सरकार ने यूपीआई में माल और सेवा कर (जीएसटी) सक्षम करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं. यह निर्देश दिया गया है कि कार्पोरेट मर्चेंट जिनका वार्षिक टर्नओवर रू. 500 करोड़ और अधिक है उन्हें ग्राहकों को जीएसटी घटकों के साथ डायनमिक क्यूआर कोड इनवॉयसिंग सॉल्यूशन के लिए क्यूआर कोड के प्रावधानों को अपनाना होगा.

  बैंक के अधिग्रहित मर्चेंट जीएसटी घटक के साथ डायनमिक क्यूआर कोड की सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं. भीम बड़ौदा पे एप्लिकेशन जीएसटी संबंधी परिवर्तनों के साथ अनुपालित है और जीएसटी समर्थित क्यूआर कोड को स्कैन, डीकोड कर सकता है और अनुरोध संदेश में एनपीसीआई द्वारा अपेक्षित जानकारी प्रदान करता है.
- **व्हाट्सैप बैंकिंग:** बैंक ने अपने ग्राहकों और अन्य बैंक के ग्राहकों को बैंकिंग सेवाएं देने के लिए नए युग के डिलीवरी चैनल के रूप में व्हाट्सैप बैंकिंग प्रारंभ की है जो सोशल मीडिया प्लैटफार्म अर्थात् व्हाट्सैप मैसेंजर एप्लिकेशन का उपयोग करता है. इसके प्रारंभ के तीन माह के अंदर 6.25 लाख उपयोगकर्ताओं को व्हाट्सैप बैंकिंग पर ऑनबोर्ड किया गया है. वर्ष के दौरान, बैंक ने अपने ग्राहकों को 13 सेवाएं और अन्य बैंकों के ग्राहकों को 5 सेवाएं उपलब्ध करवायी. अगले चरण में इस प्लेटफार्म पर 11 अतिरिक्त सेवाओं को शामिल किए जाने का प्रस्ताव है जो ग्राहक सुविधा में और अधिक संवर्धन होगा और उनके बैंकिंग अनुभव में सुधार होगा.
- **बड़ौदा कनेक्ट:** वर्ष के दौरान अतिरिक्त सुविधाओं, क्षमताओं और ग्राहक अनुकूल इंटरफेस के साथ इंटरनेट बैंकिंग (एफ़ईबीए) का एक नया संस्करण कार्यान्वित किया गया. वर्ष के दौरान बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म पर 11.65 लाख उपयोगकर्ताओं को जोड़ा है.
- **बड़ौदा टैबिट :** बैंक ने अपने टैब बैंकिंग प्लेटफॉर्म–बड़ौदा टैबिट के माध्यम से विभिन्न सेवाओं (वैयक्तिक चेक बुक, वैयक्तिक डेबिट कार्ड, एमपिन के साथ मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई आदि) के साथ त्वरित रूप से बचत खाता और चालू खाता खोलने हेतु टैबलेट के माध्यम से अपनी ग्राहक ऑन–बोर्डिंग प्रक्रिया को डिजिटलीकृत करने की शुरुआत की. बैंक ने वर्ष के दौरान इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से लगभग 27 लाख बचत खाते खोले हैं. अब टैब बैंकिंग के माध्यम से वैयक्तिकों, स्वामित्व और साझेदारी फर्मों के चालू खाते खोले जा रहे हैं. टैब ऑन–बोर्डिंग प्लेटफॉर्म पर अब फास्टैग जारी करने और यूपीआई सेवाओं का लाभ उठाने के लिए मर्चेन्टों की ऑन–बोर्डिंग के लिए भी उपलब्ध है.

## एनालिटिक्स सेंटर ऑफ़ एक्सिलेंस (एसीओई)

एसीओई ने बिग डेटा लेक (बीडीएल) प्लैटफार्म का पेटा बाइट स्थापित किया है जिसे जनवरी 2020 में और अधिक विस्तार दिया गया. यह बिग डेट लेक प्लैटफार्म वर्तमान में विभिन्न स्रोत सिस्टमों से डेटा प्राप्त कर रहा है जिसमें प्रमुख आंतरिक स्रोत जैसे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय कोर बैंकिंग, ट्रेजरी प्रबंधन सिस्टम, एलएलपीएस, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग आदि तथा बाह्य

स्रोत जैसे भारतीय साख सूचना ब्यूरो लिमिटेड (सिबिल), सीआरआईएफ हाई मार्क क्रेडिट इनफॉरमेशन सर्विस पाइवेट लिमिटेड (सीआरआईएफ), कार्पोजिटरी, कैपिटल लाइन आदि शामिल हैं.

विभिन्न वर्टिकलों को समृद्ध दृष्टिकोण, बृहद प्रमुख कार्यनिष्पादक सूचक (केपीआई) और आयामों के माध्यम से कार्रवाई योग्य इनसाइट प्रदान करने के लिए विविध डैशबोर्ड विकसित किए गए. ये डैशबोर्ड शाखा स्तर तक व्यवसाय और नियामक/ अनुपालन दोनों से संबन्धित आवश्यकताओं को पूरा करते हैं.

एसीओई कार्यक्रम का मुख्य कार्य विश्लेषण आधारित भावी और विस्तृत दृष्टिकोण प्रदान करना है जिससे रिटेल / एमएसएमई / धन संपदा क्रॉस सेल, वसूली प्रबंधन, एटीएम पूर्वानुमान, ट्रेजरी अस्ति एवं देयता प्रबंधन (एएलएम) और वित्तीय लिखतों से संबंधित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) 109 के लिए विभिन्न भावी मॉडलों के साथ बैंक को राजस्व, लागत और जोखिम पहलों में सहायता की जा सके. एसीओई ने ग्राहकों के लिए क्रॉस-सेल आस्ति (आवास ऋण, वैयक्तिक ऋण, कार ऋण) और देयता उत्पादों (बचत बैंक खाता, सावधि जमा) मॉडल विकसित किए हैं.

## सूचना प्रद्यौगिकी (आईटी)

बैंक ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अपने उत्पादों, प्रणालियों और संरचनाओं में लगातार सुधार कर रहा है. डिजिटलीकरण में आईटी संबंधी आधारभूत सुविधाओं को लगातार विकसित और अपग्रेड करना आवश्यक है. वर्ष के दौरान शुरू की गई कुछ प्रमुख पहलें निम्नानुसार हैं :

- बैंक ने कोविड 19 की चुनौतियों के बावजूद पूर्ववर्ती देना बैंक और विजया बैंक के तकनीकी एकीकरण के कार्य को निर्धारित समय मार्च, 2021 से काफी पहले पूरा कर लिया.
- बैंक ने सभी 17 अंतर्राष्ट्रीय टेरीटरीज के सीबीएस ऐप्लिकेशन को फिनेकल 10 में अपग्रेड करने के कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है.
- बैंक ने चेक ट्रंकेशन प्रणाली (सीटीएस) क्लीयरिंग के लिए केन्द्रीकृत पॉजिटिव पे प्रणाली (सीपीपीएस) का शुभारंभ किया है. ग्राहक जारी चेकों के प्रमुख विवरणों की पुनः पुष्टि विभिन्न वैकल्पिक चैनलों के माध्यम से कर सकते हैं.
- सभी चैनलों पर लेनदेन में खासी वृद्धि के बावजूद वित्त वर्ष 2020 में 0.67% के सापेक्ष वित्त वर्ष 2021 में सभी चैनलों में समग्र तकनीकी गिरावट में 0.42% की लगातार कमी आ रही है, विशेषकर मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई में.
- यूपीआई के अंतर्गत विभिन्न तकनीकी मानदंडों पर कार्यनिष्पादन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है, जो इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में बैंक के स्कोरकार्ड में परिलक्षित होता है.

## साइबर सुरक्षा

आज की दुनिया में दिन में हर घंटे में एक नया जोखिम उत्पन्न होता है. साइबर अपराध के बढ़ते जोखिमों के कारण उभरते साइबर जोखिम को कम करने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया जा रहा है. मौद्रिक और साख जोखिम अधिक है और इसे साइबर सुरक्षा नीति और साइबर सुरक्षा संकट योजना के माध्यम से कम किया गया है. बैंक के पास पूर्ण परिभाषित साइबर सुरक्षा कार्यनीति फ्रेमवर्क है जो प्रबंधन संरचना, नीतिगत फ्रेमवर्क और परिचालन नियंत्रण के समन्वय में परिचालित होता है. बैंक एनआईएसटी (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइन्स एंड टेक्नोलोजी, यूएसए) साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क और भारतीय रिज़र्व बैंक के साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क दोनों का अनुपालन करता है.

मौजूदा जांच और नियंत्रण के अतिरिक्त बैंक ने साइबर सुरक्षा के संवर्धन के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं:.

- डिसेप्शन तकनीक, जिसका उद्देश्य है साइबर अपराधी, जो बैंक के नेटवर्क में अवैध रूप से प्रवेश करते हैं उनको बैंक को किसी भी प्रकार का नुकसान करने से रोकना.
- सुरक्षा में कमी और इसके प्रभावों के बारे में महत्वपूर्ण और उद्देश्यपरक दृष्टिकोण प्रदान करने और पहले से स्थापित नियंत्रणों को कम करने के लिए नियमित रूप से रेंडम अर्ली डिटेक्शन (आरईडी) टीम प्रक्रिया की जाती है.
- इंटरनेट आधारित जोखिम और धोखाधड़ी से व्यवसाय और व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए प्रतिष्ठित बीमाकर्ता से साइबर बीमा पॉलिसी.

## फिनटेक

बैंक फिनटेक साझेदारी विकसित करने, नए उत्पादों के शुभारंभ और व्यावसायिक प्रक्रियाओं को पुनर्गठित करने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है.

वर्ष के दौरान प्रमुख उपलब्धियां और पहलें

- ऑनलाइन बिल डिस्काउंटिंग टीआरईडीएस प्लेटफार्म पर बैंक की बाजार हिस्सेदारी 11% है. बैंक इस प्लेटफार्म के माध्यम से 3000 से अधिक एमएसएमई की क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा करता है.
- ऋण प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बैंक ने रिटेल, मुद्रा और एमएसएमई उत्पादों के लिए ऑनलाइन पीएसबी 59 लोन पोर्टल को अपने आंतरिक ऋण प्रोसेसिंग सिस्टम अर्थात् एलएलपीएस के साथ इंटीग्रेट किया है. यह सभी सूचनाओं का निर्बाध प्रवाह सक्षम करता है जिससे वस्तुतः टीएटी में सुधार होता है.
- फरवरी 2020 में शुरू किया गया बड़ौदा स्टार्टअप कार्यक्रम अब गति पकड़ रहा है. बैंक ने उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) पंजीकृत स्टार्टअप में 4% की बाजार हिस्सेदारी के साथ अपनी विशिष्ट सेवाओं की श्रृंखला के माध्यम से मार्च, 2021 तक लगभग 1500 स्टार्टअप को ऑनबोर्ड किया है. बैंक स्टार्टअप की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विनिर्दिष्ट क्रेडिट उत्पाद डिजाइन पर भी कार्य कर रहा है.
- आईआईटी मुंबई के सहयोग से उनके पवई कैम्पस में बॉब इनोवेशन सेंटर (बॉबआईसी) की स्थापना की गई है जो लगातार संतोषजनक प्रगति दिखा रहा है. यह बैंकिंग, फाइनेंसिएल सर्विस एंड इंश्योरेंस (बीएफएसआई) स्पेस में किसी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और तकनीकी

संस्थान के बीच ऐसी पहली साझेदारी है. आईआईटी प्रोफेसरों द्वारा रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए बैंकिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में पांच बड़ी परियोजनाओं की पहचान की गई है. वर्ष के दौरान बैंक ने आईआईटी, मुंबई में "डिजिटल उद्यमिता" पर एक चेयर प्रोफेसरशिप भी स्थापित किया है.

## विपणन

बैंक ने नियमित टीवी और रेडियो अभियानों के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रभावशाली उपस्थिति सुनिश्चित की है. बैंक ने उदयस्वर – पृथ्वी कंसर्ट, 'फेसबुक लाइव म्यूजिकल इवेंट्स' ऑफ़ सृजन–द स्पार्क, जश्न–ए–रेख्ता सीजन 1 और इंडिया बनाम इंग्लैंड क्रिकेट सीरीज जैसे सिग्नेचर कार्यक्रमों पर अपना फोकस बढ़ाया जिसमें 4 टेस्ट मैच, 5 टी20 और 3 वनडे शामिल थे.

अभियान अवधि और त्यौहारों के अवसर पर बैंक के लोकप्रिय उत्पादों जैसे कार ऋण, आवास ऋण, बचत खाते, एनआरआई खाते, स्वर्ण ऋण और डिजिटल ऋण योजनाओं के लाभों पर आधारित विज्ञापन जारी किए गए थे. बैंक ने एक बड़े अभियान 'हम करें मुमकिन' का आयोजन किया जिसे बैंक के ब्रांड एंडोर्सर पी.वी. सिंधु द्वारा प्रचारित किया गया. यह अभियान त्यौहारों के अवसर पर सकारात्मकता का सृजन करने के लिए डिजाइन किया गया था.

कोविड–19 महामारी के प्रभाव और डिजिटल विपणन चैनलों की बढ़ती मांग के साथ, बैंक ने सभी डाटा और ग्राहक जुड़ाव के लिए कन्वर्जन्स प्वाइंट के रूप में बैंक के सोशल मीडिया चैनलों और वेबसाइट के साथ भौतिक से डिजिटल मार्केटिंग तक अपनी रूपान्तरण यात्रा को जारी रखा है.

कार ऋण, आवास ऋण, शिक्षा ऋण और अन्य डिजिटल उत्पादों के लिए विशेष डिजिटल अभियान 'एक फॉरइवर रिश्ता' शुरू किया गया. इसके अतिरिक्त कार ऋण और आवास ऋण लीड जनरेशन के लिए विशेष लीड जनरेशन डिजिटल अभियान शुरू किए गए. बैंक के डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग कर लीड एकत्रित की जाती हैं. इस अभियान में फेसबुक, इंस्टाग्राम, गूगल सर्च एंड डिस्प्ले, हॉटस्टार, इनशॉर्ट्स, टाइम्स, हिंदुस्तान टाइम्स और अन्य न्यूज़ वेबसाइट्स, वेबसाइट एग्रीगेटर्स, नेटिव और एफिलिएट चैनल्स जैसे विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया गया है.

बैंक की सोशल मीडिया उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

| सोशल मीडिया माध्यम | 31 मार्च, 2021 तक के आंकड़े (लाइक / फॉलोअर्स की संख्या) |
|---|---|
| फेसबुक लाइक | 16,80,000+ |
| ट्विटर फॉलोअर्स | 1,37,000+ |
| यूट्यूब सब्सक्राइबर | 69,000+ |
| लिंक्डइन फॉलोअर्स | 1,23,000+ |
| इन्स्टाग्राम फॉलोअर्स | 1,65,000+ |

बैंक ने कोविड –19 महामारी के दौरान जनता के लिए कई जागरूकता संदेश जारी किए.

## ग्राहक सेवा

बैंक का निरंतर प्रयास रहा है कि हम इस उद्योग में बेंचमार्क स्थापित करें तथा उत्पादों की प्रक्रियाओं एवं सेवा सुपुर्दगी के रूप में अग्रणी नवोन्मेषी बनें जो कि हमारे ग्राहकों को निर्बाध सेवा प्रदान करने के लिए अनिवार्य है. सभी चैनलों में ग्राहक संवाद की लगातार निगरानी की जाती है और चैनल की क्षमताओं (फंक्शनैलिटी और उपयोगकर्ता अनुभव) को संवृद्ध किया जाता है ताकि घर से बैंकिंग की सरलता सुनिश्चित की जा सके जो महामारी के कारण समय की मांग बन गई है. बैंक ने यह सुनिश्चित किया कि ग्राहकों द्वारा अक्सर उपयोग की जाने वाली फंक्शनैलिटी डिजिटल चैनलों और संपर्क केंद्र के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए.

24x7 कार्यरत संपर्क केंद्र ग्राहकों से उनकी पसंदीदा भाषा में संवाद करने की क्षमता रखता है. अंग्रेजी एवं हिंदी के अलावा 9 क्षेत्रीय भाषाओं में भी सुविधा उपलब्ध करायी गई है. इस संपर्क केंद्र ने वर्ष के दौरान 3.95 करोड़ ग्राहक कॉल हैंडल किए.

विभिन्न क्षेत्रों में ग्राहकों की संतुष्टि के स्तर का आकलन करने के लिए संपर्क केंद्र द्वारा विविध सर्वेक्षण किए जाते हैं.

समयबद्ध ऑटो एस्केलेशन, दस्तावेजों को संलग्न करने के विकल्प, निपटान गुणवत्ता पर फीडबैक उपलब्ध कराने और शिकायतों को दोबारा शुरु करने के साथ ग्राहक शिकायत निवारण प्रणाली (सीआरएम पैकेज का मॉड्यूल) का ग्राहकों द्वारा अब बड़े पैमाने पर प्रयोग किया जा रहा है. वित्त वर्ष 2021 के दौरान, बैंक ने शिकायतों के प्रबंधन के लिए रिमोट चैनलों के उपयोग में महत्वपूर्ण सुधार देखा. लगभग 80% शिकायतों का समाधान पूर्व–निर्धारित समय में किया गया था. बैंक ने न केवल शिकायत निवारण के मात्रात्मक प्रदर्शन संकेतकों में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया बल्कि ग्राहकों की संतुष्टि में सुधार के लिए समाधान की गुणवत्ता में सुधार करने पर भी ध्यान केंद्रित किया.

सभी शाखाओं के सेवा संबंधी स्तर की निगरानी मिस्ट्री शॉपिंग / सेवा लेखा परीक्षा और कार्यशालाओं के माध्यम से की जाती है, महामारी के कारण ये ऑडिट वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किए गए. महाप्रबंधक (परिचालन एवं सेवाएं) बैंक में ग्राहकों की शिकायतों हेतु प्रमुख नोडल अधिकारी के रूप में नामित हैं. इसके अलावा, सभी अंचल प्रमुखों और क्षेत्रीय प्रमुखों को उनके संबंधित अंचलों और क्षेत्रों के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है. इसके अलावा, बैंक की सभी शाखाओं में संबंधित नोडल अधिकारियों के नाम उनके संपर्क नंबर के साथ प्रदर्शित किए गए हैं.

बैंक ने एक आंतरिक लोकपाल की नियुक्ति की है जो ग्राहकों के लिए उपलब्ध ऐसा फोरम है, जिसका उपयोग बैंकिंग लोकपाल को संपर्क करने से पहले शिकायत निवारण के लिए किया जा सकता है. ऐसी सभी शिकायतें, जो बैंक द्वारा अस्वीकृत या आंशिक रूप से स्वीकृत की जाती हैं, उन्हें समीक्षा के लिए आंतरिक लोकपाल को व्यवस्थित रूप से एस्कलेट किया जाता है. यह बैंक की व्यवस्था में ग्राहक के विश्वास को बढ़ाता है और शिकायत निवारण की प्रक्रिया में गति लाता है और फलस्वरूप इसे अधिक पारदर्शी बनाता है.

विविध उत्पादों, सेवाओं और नीतियों में पारदर्शिता बरतते हुए निष्पक्ष बैंकिंग प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए ग्राहकों एवं एमएसएमई के प्रति बैंक की

प्रतिबद्धता का कोड, नागरिक चार्टर, शिकायत निवारण नीति और बैंकिंग लोकपाल योजना बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं.

निदेशक मण्डल स्तर पर, ग्राहक सेवा के लिए निदेशक मण्डल की उप-समिति ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सतत सुधार के उद्देश्य के साथ नीतियां बनाने संबंधी मामलों का निपटान करती है और उसके अनुपालन का मूल्यांकन करती है. उप समिति वॉयस ऑफ़ कस्टमर्स के माध्यम से ग्राहकों से प्राप्त फीडबैक का विश्लेषण भी करती है और ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के लिए विभिन्न मापदंडों पर अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ बैंक की तुलना करती है.

वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान, बैंक ने यह सुनिश्चित किया कि सभी शाखाओं, एटीएम और ई-लॉबी में रैंप सुविधा, व्यापक नोटिस बोर्ड (संबंधित और अद्यतन जानकारी प्रदर्शित करना), वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष कतार की उपलब्धता हो. शाखाओं का भी नवीनीकरण किया गया और बेहतर माहौल, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग ग्राहकों पर विशेष ध्यान देते हुए बैठने की बेहतर व्यवस्था के माध्यम से ग्राहक अनुभव की वृद्धि के लिए इसे डिज़ाइन किया गया.

## शाखा नेटवर्क

31 मार्च, 2021 को बैंक का शाखा नेटवर्क निम्नानुसार है:

| | 31 मार्च, 2020 | | 31 मार्च, 2021 | |
|---|---|---|---|---|
| घरेलू शाखाएँ | शाखाओं की संख्या | कुल में% हिस्सा | शाखाओं की संख्या | कुल में% हिस्सा |
| मेट्रो | 2,163 | 22.81 | 1,794 | 21.84 |
| शहरी | 1,860 | 19.62 | 1,478 | 17.99 |
| अर्ध शहरी | 2,525 | 26.63 | 2,090 | 25.44 |
| ग्रामीण | 2,934 | 30.94 | 2,852 | 34.72 |
| कुल | 9,482 | 100.00 | 8,214 | 100.00 |
| विदेशी शाखाएं / कार्यालय (विदेशी अनुषंगियों की शाखाओं सहित) | 101 | | 96 | |

वित्त वर्ष 2021 के दौरान बैंक ने 13 नई घरेलू शाखाएं खोली और 1,281 शाखाओं को मौजूदा शाखाओं के साथ विलय किया गया.

## करेंसी चेस्ट

दिनांक 31 मार्च, 2021 को करेंसी चेस्ट की संख्या 145 थी. ये चेस्ट बैंक में प्रभावी नकदी प्रबंधन के साथ-साथ भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से नकदी को तिजोरी में रखने में सहयोग प्रदान करते हैं. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप सभी करेंसी चेस्टों के साथ-साथ शाखाओं को भी नोट सॉर्टिंग मशीन (एनएसएम) उपलब्ध करवाई गई है.

## जोखिम गवर्नेंस एवं आंतरिक नियंत्रण

जोखिम पर अधिक ध्यान केंद्रण और गवर्नेंस फ्रेमवर्क का समर्थन के तहत जोखिम से निपटने और उसका प्रबंध करने हेतु बैंक के स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण करना शामिल है. प्राय: जिसका उल्लेख 'बचाव की तीन पंक्तियों' के रूप में किया जाता है, इन तीनों पंक्तियों में से प्रत्येक की महत्वपूर्ण भूमिका है. ये निम्नानुसार हैं:

i. बचाव की प्रथम पंक्ति – इसमें बैंक के सभी कर्मचारियों का समावेश है, क्योंकि उन्हें जोखिम का प्रभावी प्रबंधन एवं विनियमों, बैंक की पॉलिसियों और दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना है.

ii. बचाव की दूसरी पंक्ति – इसमें जोखिम नियंत्रण के स्वामियों, जोखिम प्रबंधन कार्यों एवं अनुपालन कार्यों का समावेश है. यह बचाव की प्रथम पंक्ति से स्वतंत्र रूप से इंटरप्राइज़ आधार पर जोखिम की पहचान, आकलन, निगरानी एवं रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार है.

iii. बचाव की तीसरी पंक्ति – यह आंतरिक जोखिम आधारित और अन्य लेखापरीक्षा कार्य द्वारा उपलब्ध कराया गया स्वतंत्र आश्वासन है. इसकी समीक्षा निदेशक मंडल को यह आश्वासन देती है कि जोखिम गवर्नेंस फ्रेमवर्क सहित समग्र गवर्नेन्स फ्रेमवर्क प्रभावी है और पॉलिसियां और प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं तथा उन्हें निरंतर लागू किया जाता है. लेखापरीक्षा कार्य की भूमिका सुपरिभाषित है और उनका निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति द्वारा अवलोकन किया जाता है.

## जोखिम प्रबंधन और अनुपालन

जोखिम बैंकिंग व्यवसाय का एक अविभाज्य अंग है और बैंक का लक्ष्य जोखिम और रिटर्न के बीच एक उचित संबंध स्थापित करना है. सतत एवं निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए, बैंक ने एक सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन ढांचा विकसित किया है ताकि बैंक द्वारा माने गए जोखिमों का सही मूल्यांकन और निगरानी की जा सके. बैंक परिभाषित जोखिम क्षमता सीमा और बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अंदर ही व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करता है. विभिन्न जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करने की सुविधा हेतु निदेशक मंडल ने निदेशक मंडल जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया है. इसमें क्षेत्र विशेष से जुड़े विशेषज्ञों की सहायता ली जाती है. प्रत्येक प्रकार के जोखिम के लिए निदेशक मंडल अथवा निदेशक मंडल की समिति द्वारा समय – समय पर गवर्निंग फ्रेमवर्क बनायी जाती है.

बैंक की एक व्यापक आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया और दबाव परीक्षण नीति है. पिलर 2 जोखिम जैसे तरलता जोखिम, ब्याज दर जोखिम, संकेन्द्रण जोखिम, व्यवसाय और नीतिपरक जोखिम, साख संबंधी जोखिम, पेंशन दायित्व जोखिम आदि और सामान्य एवं दबावग्रस्त दोनों स्थितियों के तहत पूंजी पर्याप्तता का आकलन मौजूदा नीतियों के अनुसार किया जाता है. बैंक के भीतर विभिन्न जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और प्रबंधन के लिए तैयार की गई व्यवस्था की संक्षिप्त रूपरेखा निम्नानुसार है:

### उद्यम जोखिम प्रबंधन

बैंक के व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं के लिए सशक्त जोखिम प्रबंधन संस्कृति को बढ़ावा देने, सभी जोखिमों की जल्द पहचान, मूल्यांकन, मापन, एकत्रीकरण और प्रबंधन में मदद करने और पूंजी आबंटन की सुविधा के लिए एक व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण की आवश्यकता है. सभी जोखिम अति महत्वपूर्ण जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क द्वारा स्वीकृत हैं और पर्याप्त रूप से सुरक्षित किए गए हैं.

बैंक सभी स्तरों पर कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करके और विभिन्न स्थानीय कार्यशालाओं का आयोजन करके एक मजबूत जोखिम जागरूकता संस्कृति विकसित करने का प्रयास कर रहा है.

### ऋण जोखिम

ऋण जोखिम का प्रबंधन निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित फ्रेमवर्क के माध्यम से किया जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सर्वोत्तम पद्धतियों के अनुरुप नीतियां, प्रक्रियाओं तथा रिपोर्टिंग पद्धति को निर्धारित करते हैं. बेहतर ऋण संस्कृति और एक सुगठित ऋण अनुमोदन प्रक्रिया की स्थापना के लिए जोखिम मूल्यांकनकर्ताओं और व्यावसायिक कार्यों की स्वतंत्रता पर पर्याप्त ध्यान दिया जाता है.

बैंक को इन कुछ वर्षों में आंतरिक रेटिंग में अच्छा अनुभव रहा है, जिससे 31 मार्च, 2013 से बेसल II दिशानिर्देशों के तहत क्रेडिट जोखिम के लिए फाउंडेशन आंतरिक रेटिंग – आधारित दृष्टिकोण (एफ–आईआरबी) को चलाने के लिए नियामक की स्वीकृति प्राप्त करना संभव हुआ. आईआरबी दृष्टिकोण के अंतर्गत बैंक ऋण जोखिम के लिए पूंजी आवश्यकता के निर्धारण हेतु अपना अनुभव सिद्ध मॉडल विकसित करते हैं.

बैंक ने उधारकर्ताओं को आंतरिक रेटिंग देने के लिए सुदृढ़ मॉडल स्थापित किया है और इन मॉडलों को समय–समय पर समर्पित आंतरिक टीम के साथ–साथ बाहरी एजेंसियों द्वारा सत्यापित कराया जाता है. बैंक ने क्रेडिट संकेन्द्रण प्रबंधन करने हेतु उद्योगों, क्षेत्रों और ऋणकर्ताओं के लिए विवेकशील उच्च सीमाएं तय कर रखी हैं. पोर्टफोलियो समीक्षा कक्ष, क्षेत्रवार एक्सपोजर, ऋण संकेन्द्रण, रेटिंग विभाजन तथा माइग्रेशन की समीक्षा करता है. बैंक ने देशगत जोखिम मूल्यांकन के लिए आंतरिक रेटिंग मॉडल विभिन्न मापदंडों पर मूल्यांकन करके उधारकर्ता की जोखिम का मूल्यांकन करने हेतु राज्य सरकार एक्सपोजर मॉडल विकसित किया है तथा इन मॉडलों द्वारा अनुमानित जोखिम को ध्यान में रखते हुए एक्सपोजर कैप निर्धारित किए जाते हैं.

बैंक ने शेयरधारकों को 'आर्थिक मूल्यवर्धन' की दृष्टि से ऋण जोखिम एक्सपोज़र का मूल्यांकन करने के लिए कॉर्पोरेट क्रेडिट एक्स्पोज़र के लिए 'रिस्क अडजस्टेड रिटर्न ऑन कैपिटल (आरएआरओसी)' फ्रेमवर्क को क्रियान्वित किया है.

बैंक ने बैंक के जोखिम वर्टिकल द्वारा क्रेडिट प्रस्तावों की जोखिम आधारित स्वतंत्र समीक्षा के लिए इन्हेंस एक्सेस एंड सर्विस एक्सिलेंश (ईज) जोखिम स्कोरिंग मॉडल भी लागू किया है जिसमें जोखिम लेने / नहीं लेने के निर्णयों के साथ–साथ ऋण प्रस्तावों का उच्च / मध्यम / निम्न जोखिम में वर्गीकरण शामिल है.

### बाजार जोखिम

बाज़ार जोखिम का अर्थ बाजार दरों या ट्रेडिंग पोर्टफोलियो के मूल्यों में प्रतिकूल परिवर्तन के कारण अर्जन या आर्थिक मूल्य के नुकसान का जोखिम है. विभिन्न बाजार उत्पादों के आर्थिक मूल्य में बदलाव के मुख्य कारकों में ब्याज आदि की दरें, विनिमय दरें, आर्थिक विकास तथा कारोबार विश्वास में परिवर्तन शामिल हैं. बैंक ने अपने ट्रेजरी–कार्यो को नियंत्रित करने और उनकी निगरानी करने के लिए व्यवस्थित नीतियां बनाई हैं जो बाजार जोखिम स्थितियों को सम्हालती है.

बैंक दैनिक आधार पर अवधि, संशोधित अवधि, पीवी 01 और जोखिम पर मूल्य (वीएआर) के माध्यम से अपनी ट्रेडिंग बुक में ब्याज दर के जोखिम का आकलन करता है और निगरानी करता है. विदेशी मुद्रा जोखिम का दैनिक आधार पर नेटओवर नाईट ओपन पोजिशन लिमिट (एनओओपीएल), वीएआर सीमा, कुल गैप सीमाएं (एजीएल), इंडिविजुअल गैप लिमिट (आईजीएल) के संदर्भ में आकलन किया जाता है और निगरानी की जाती है. इक्विटी मूल्य जोखिम का वीएआर सीमाओं और पोर्टफोलियो आकार सीमाओं के माध्यम से आकलन किया जाता है और उसकी निगरानी की जाती है. लेनदेन स्तर पर, स्टॉप हानि सीमा और डीलर–वार सीमा निर्धारित और कार्यान्वित की गई है. अपने दबाव परीक्षण फ्रेमवर्क के तहत, बैंक त्रैमासिक आधार पर अपनी व्यापारिक बही–पोर्टफोलियो और ट्रेजरी ट्रेडिंग पोर्टफोलियो के रिस्क रिटर्न का व्यापक दबाव विश्लेषण करता है.

### आस्ति देयता प्रबंधन

तरलता जोखिम उचित लागत पर अपेक्षित और अप्रत्याशित नकदी और संपार्श्विक दायित्वों को पूरा करने में एक असमर्थता है. बैंक में प्रवाह दृष्टिकोण तथा स्टॉक दृष्टिकोण और भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अन्य विवेकपूर्ण माध्यमों से तरलता जोखिम निर्धारण किया जाता है एवं इसे मॉनीटर किया जाता है. बैंक ने तरलता मानकों पर बेसल III फ्रेमवर्क, तरलता कवरेज अनुपात(एलसीआर), तरलता जोखिम मॉनीटरिंग टूल्स और एलसीआर घोषणा मानकों को कार्यान्वित कर दिया है. एलसीआर मानकों का ध्येय यह सुनिश्चित करना है कि बैंक पर्याप्त भार रहित उच्च कोटि की आस्तियां रखे जिन्हें नकदी में बदला जा सके, जो महत्वपूर्ण गंभीर तरलता दबाव की स्थिति में 30 कैलेंडर दिनों की आवश्यकता को पूरा कर सके. बैंक हमेशा एकल के साथ–साथ समेकित आधार पर भी एलसीआर के निर्धारित स्तर से ऊपर रहा है.

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी) संवेदनशील आस्तियों और देयताओं के बीच अंतर के कारण उत्पन्न होता है, जो बाजार में ब्याज दरों में बदलाव के साथ बैंक की इक्विटी की आय / आर्थिक मूल्य पर काफी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है. बैंकिंग बहियों में ब्याज दर जोखिम के आकलन और निगरानी के लिए बैंक जोखिम प्रबंधन माध्यमों का उपयोग करता है जैसे कि पारंपरिक अंतर विश्लेषण, जोखिम पर आय और इक्विटी की परिवर्तित अवधि निवल ब्याज आय (एनआईआई) पर ब्याज दर संचलन का अल्पकालिक प्रभाव 'जोखिम पर आय' दृष्टिकोण के माध्यम से निर्धारित होता है, जिसमें आय वक्र जोखिम, बेसिस जोखिम और निहित ऑप्शन्स जोखिम में समानांतर रूप से परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए दृष्टिकोण को अपनाया जाता है. ब्याज दर संचलन के दीर्घकालीन प्रभाव को इक्विटि के

बाज़ार मूल्य (एमवीई) में परिवर्तन के माध्यम से आकलन किया जाता है एवं उसकी निगरानी की जाती है.

### परिचालन जोखिम

संगठन में परिचालन जोखिम के प्रभावी प्रबंधन के लिए बैंक के पास एक सुपरिभाषित परिचालन जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क (ओआरएमएफ) और परिचालन जोखिम प्रबंधन प्रणाली (ओआरएमएस) है. ओआरएमएफ में परिचालन जोखिम, शासकीय संरचना, नीतियां, प्रक्रिया और प्रबंधन के लिए संगठनात्मक संरचना शामिल है, जबकि ओआरएफएस में बैंक द्वारा परिचालन जोखिम की पहचान, आकलन, निगरानी, नियंत्रण और इसे कम करने संबंधी प्रणालियां शामिल हैं.

परिचालनगत जोखिम के व्यवस्थित और एकीकृत प्रबंधन के लिए हमारे बैंक ने वेब आधारित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन सिस्टम स्टैटिस्टिकल एनालिसिस सिस्टम (एसएएस) एंटरप्राइज गवर्नेंस, जोखिम और अनुपालन (एसएएस ईजीआरसी) को लागू किया है.

मुख्य जोखिम संकेतक कार्यक्रम (केआरआई), रिस्क कंट्रोल एंड सेल्फ असेसमेंट प्रोग्राम (आरसीएसए) की निगरानी और मूल कारण विश्लेषण ने नियंत्रण वातावरण को और मजबूत किया है. बैंक ने परिचालन जोखिम प्रबंधन के हिस्से के रूप में तथा मूलकारण विश्लेषण हेतु आंतरिक क्षति डेटा का भंडार बनाया है.

संव्यवहार स्तर पर परिचालनगत जोखिम को कम और नियंत्रित करने के लिए बैंक ने अपने ग्राहक को जानिए/धन-शोधन निवारण/ आतंकवाद वित्तपोषण का मुकाबला करने (केवायसी/एएमएल/सीएफटी) के दृष्टिकोण से सभी घरेलू संव्यवहारों की निगरानी करने के लिए सीटीएमयू की स्थापना की गयी है. बैंक ने कई बैक ऑफिस गतिविधियों को केंद्रीकृत कर संव्यवहारों के निष्पादन (बैक ऑफिस) को कार्यान्वित करते हुए ग्राहक इंटरफेस (फ्रंट ऑफिस) को अलग किया है. फॉरेक्स लेनदेन में परिचालनगत जोखिम को कम करने के लिए केंद्रीकृत ट्रेड फ़ाइनेंस बैक ऑफिस (टीएफबीओ) की स्थापना की गयी है.

बैंक ने उद्यम व्यापी स्तर पर जोखिम संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन योजना की व्यवस्था की है. जोखिम से बचाव (नियर मिस इवेंट) संबंधी रिपोर्टिंग के लिए कर्मचारियों हेतु वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहन की घोषणा की गई है.

परिचालनगत रिजिल्यंस सुनिश्चित करने के लिए बैंक के पास विभिन्न स्तरों पर मामलों के प्रभावी निपटान हेतु कारोबार निरंतरता योजना के रूप में एक सुपरिभाषित नीति है.

### जलवायु जोखिम

हाल के दिनों में जलवायु परिवर्तन जोखिम वित्तीय उद्योग के लिए महत्वपूर्ण चुनौती बन गया है. बैंक जलवायु परिवर्तन जोखिम के प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने बैंकिंग परिचालनों के सतत विकास की दिशा में सतर्कता के साथ काम कर रहा है ताकि पर्यावरण और समाजिक इकोसिस्टम की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए आर्थिक विकास को प्राप्त किया जा सके.

ग्रीनहाउस प्रभाव को कम करने के लिए, एक नीतिगत मामले के रूप में, बैंक ओजोन पराबैंगनी पदार्थ (ओडीएस) का उत्पादन / खपत करने वाली नई इकाइयों की स्थापना के लिए उधारकर्ताओं को और क्लोरोफ़्लोरोकार्बन (सीएफएस) जो ग्रीनहाउस प्रभाव को कम करने में सक्षम बनाता है, का उपयोग करते हुए एयरोसोल इकाइयों के निर्माण में कार्यरत सूक्ष्म/ लघु स्तर की इकाइयों को वित्तपोषण नहीं कर रहा है.

### अनुपालन

अनुपालन कार्य बैंक की कॉर्पोरेट गवर्नेंस संरचना में एक महत्वपूर्ण घटक है. बैंक में अनुपालन कार्य पर्याप्त रूप से सक्षम एवं स्वतंत्र कार्य है. अनुपालन कार्य बैंककारी विनियमन अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, और धन शोधन निवारण अधिनियम आदि के साथ-साथ समय-समय पर जारी किए गए अन्य विनियामक दिशानिर्देशों जैसे विभिन्न कानूनों में निहित सभी वैधानिक प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करता है. यह बैंक की आंतरिक नीतियों और निष्पक्ष व्यवहार संहिता के अनुपालन को भी सुनिश्चित करता है. बैंक के पास सुपरिभाषित अनुपालन नीति के साथ-साथ एक सुदृढ़ अनुपालन प्रणाली है जो बैंक के अनुपालन दर्शन, भूमिका और अनुपालन वर्टिकल के गठन, उसके स्टाफ की संरचना और उनकी विशेष जिम्मेदारियों को रेखांकित करती है.

अनुपालन प्रणाली वरिष्ठ प्रबन्धन और निदेशक मंडल को बैंक की अनुपालन स्थिति के साथ-साथ लागू कानूनों, नियमों और वैश्विक मानकों पर सलाह देती है तथा इस क्षेत्र में हो रही प्रगति से उनको अवगत कराती है. यह बैंक के व्यवसाय स्टाफ और नामित अनुपालन अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए आवधिक प्रशिक्षण एवं कार्यशाला के द्वारा अनुपालन के मामलों पर उन्हें शिक्षित करती है. इस उद्देश्य के लिए बैंक की वेबसाइट पर नॉलेज मैनेजमेंट टूल को भी अपलोड किया गया है. बैंक ने अनुपालन प्रणाली को और सुदृढ़ बनाने के लिए बैंक में प्रत्येक स्तर पर प्रमाणीकरण और विभिन्न विनियामक, सांविधिक और आंतरिक दिशानिर्देशों की निगरानी के लिए एक वेब आधारित अनुपालन प्रबन्धन समाधान को कार्यान्वित किया है. बैंक ने भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सेबी) के निष्पक्ष प्रकटीकरण और आचरण कोड में परिभाषित 'इंसाइडर्स' से जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया को भी स्वचालित किया है.

अन्य गतिविधियों के तहत क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारियों (आरसीओ) के माध्यम से केवाईसी-एएमएल से संबंधित 65 मानदंडों एवं अनुपालन के अन्य मानदंडो पर ऑन-साइट अनुपालन जांच संबंधी घरेलू अनुपालन कार्य पूरे किए गए. तिमाही आधार पर लगभग 25% शाखाओं का रैंडम रूप से चयन किया जाता है. बैंक छमाही आधार पर विभिन्न कार्यो की ऑन-साइट अनुपालन लेखा परीक्षा भी करता है. केवाईसी/एएमएल दिशानिर्देशों और अनुपालन के अन्य मानदंडों से संबंधित लगभग 30 मानदंडों पर वेब आधारित टूल-ऑफ़साइट कंप्लायंस रिपोर्टिंग एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (ओसीआरएमएस) के माध्यम से मासिक आधार पर ऑफ़ साइट अनुपालन जांच कार्य पूरा किया गया.

एक वार्षिक समूह व्यापी अनुपालन योजना तैयार की गयी है और इस योजना का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए इसकी नियमित निगरानी की जाती है. इसके अतिरिक्त, वार्षिक आधार पर अनुपालन जोखिम का मूल्यांकन किया जाता है और अनुपालन मूल्यांकन के लिए एक जोखिम उन्मुख गतिविधि योजना विकसित की गयी है.

क्षमता निर्माण की प्रक्रिया में, बैंक ने सभी अनुपालन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया और अपने अधिकारियों को अनुपालन के क्षेत्रों में नवीनतम बदलावों पर प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामित किया. पेशेवर दक्षता को बढ़ावा देने के लिए, बैंक ने स्टाफ सदस्यों को प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ बैंकिंग एंड फायनेंस-(आईआईबीएफ), एसोसिएशन ऑफ़ सर्टिफाइड एंटी-मनी लांड्रिंग स्पेशलिस्ट - (एसीएएमएस) आदि से पेशेवर पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया.

वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान अनुपालन की विफलता से संबंधित कोई महत्वपूर्ण घटना रिपोर्ट नहीं की गई.

### केवाईसी/एएमएल अनुपालन

बैंक के पास एक सुव्यवस्थित केवायसी-एएमएल-सीएफटी नीति है. इस नीति के आधार पर, धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के अंतर्गत बैंक के केवायसी मानदंडों, एएमएल मानकों एवं सीएफटी उपायों तथा बैंक के दायित्वों को कार्यान्वित किया जाता है. बैंक के पास वित्तीय आसूचना इकाई-भारत (एफआईयू-आईएनडी) को प्रस्तुत करने के लिए नकदी लेन-देन रिपोर्ट (सीटीआर) को इलेक्ट्रॉनिक रुप से जनरेट करने हेतु विस्तृत प्रणाली है. बैंक इलेक्ट्रॉनिक रुप से जाली मुद्रा रिपोर्ट (सीसीआर), गैर लाभकारी संगठनों की लेन-देन रिपोर्ट (एनटीआर) और क्रॉस बॉर्डर वायर ट्रांसफर (ईएफटी) रिपोर्ट को एफआईयू - आईएनडी, नई दिल्ली के पोर्टल पर प्रत्येक माह निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करता है. बैंक ने केन्द्रीय लेन-देन निगरानी इकाई (सीटीएमयू) की स्थापना की है और ग्राहकों के खातों में संदिग्ध लेन-देन पैटर्न की निगरानी और पहचान तथा सिस्टम में पूर्व निर्धारित अलर्ट मानदंडों के आधार पर सिस्टम आधारित लेन-देन अलर्ट जनरेट करने के लिए एक एएमएल सॉल्यूशन स्थापित किया है. ग्राहकों के खातों का अर्धवार्षिक आधार पर सिस्टम आधारित जोखिम वर्गीकरण (धन शोधन निवारण जोखिम वर्गीकरण) किया जाता है. भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुरूप धन शोधन जोखिम वर्गीकरण प्रकिया के पश्चात सभी पात्र ग्राहकों का अर्धवार्षिक आधार पर पुनः केवाईसी किया जाता है. इस उद्देश्य से, बैंक ने ऐसे ग्राहकों की पहचान एवं उनके लिए सूचना जनरेट करने/एसएमएस/ई-मेल भेजने तथा उन्हें अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज जमा करने संबंधी सूचना प्रेषित करने हेतु स्वचालित प्रक्रिया विकसित की है.

बैंक ने सेंट्रल केवाईसी रजिस्ट्री पर नए ऑन-बोर्ड वैयक्तिक ग्राहकों की केवायसी जानकारी के पंजीकरण के लिए सेंट्रल केवायसी (सीकेवायसी) प्रक्रिया को क्रियान्वित किया है. 31 मार्च, 2021 तक 399 लाख ग्राहकों को सीकेवायसी नंबर आवंटित किया गया.

### आंतरिक लेखा परीक्षा

बैंक का केंद्रीय आंतरिक लेखापरीक्षा प्रभाग (सीआईएडी) आंतरिक लेखापरीक्षा के लिए उत्तरदायी है. सीआईएडी शाखाओं और कार्यालयों की जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) के अलावा विभिन्न प्रकार की लेखापरीक्षा करता है. निदेशक मण्डल की लेखापरीक्षा समिति समग्र आंतरिक लेखापरीक्षा कार्यकलापों की निगरानी करती है और बैंक की आंतरिक लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा, आईएस लेखापरीक्षा और अन्य सभी लेखापरीक्षा कार्यकलापों को प्रभावी बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है. समिति बैंक में कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति और आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के कार्यकलापों की निगरानी करती है.

सीआईएडी जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) नीति द्वारा लिए गए निर्णय की आवधिकता के अनुसार अठारह अंचल आंतरिक लेखापरीक्षा प्रभागों के माध्यम से शाखाओं/कार्यालयों के आंतरिक लेखापरीक्षण का कार्य करता है. बैंक की सभी शाखाएं जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा के अंतर्गत कवर की जाती हैं. वित्त वर्ष 2021 के दौरान लेखापरीक्षित 8,214 शाखाओं में से 7,536 शाखाएं (91.87%) न्यूनतम जोखिम में थीं, 572 शाखाएं (6.57%) मध्यम जोखिम में थीं, 94 शाखाएं (1.15%) उच्च जोखिम में थीं, 1 शाखा (0.01%) अत्यधिक उच्च जोखिम वर्ग में थी. कुल शाखाओं में से 11 शाखाओं की कोई रेटिंग नहीं है क्योंकि वे नई शाखाएं/ट्रेजरी हैं.

बैंक ने प्रौद्योगिकी के प्रयोग, इमेजिंग सोल्यूशन और डिजिटलीकरण के उपयोग द्वारा गतिविधियों के केंद्रीकरण पर ध्यान केंद्रित करने के साथ लेखापरीक्षा की व्यापक समीक्षा के लिए नॉलेज पार्टनर के रूप में एक स्वतंत्र फर्म की सेवाएं ली हैं. लेखापरीक्षा रूपांतरण प्रक्रिया पूरी की गयी और वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान संशोधित व्यवस्था के अंतर्गत लेखापरीक्षा पद्धति की शुरुआत की गई तथा समय के साथ अब यह व्यवस्था स्थायी हो गई है.

वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान ऋण लेखापरीक्षा (01 सितम्बर 2019 से) और यूनिवर्सल शाखा (01 फरवरी 2020 से) के लिए स्वचालित रुप से लेखापरीक्षा शुरू की गई है और इसका स्थायीकरण किया गया है जिसके बाद संपूर्ण लेखापरीक्षा प्रक्रिया तकनीक, विश्लेषण, नमूना और उन्नत लेखापरीक्षा पद्धति के व्यापक उपयोग के साथ परिवर्तन के दौर से गुजर रही है.

### सतर्कता

बैंक में सतर्कता प्रशासन में विभिन्न सतर्कता कार्यों के नियंत्रण, निगरानी और पर्यवेक्षण के अलावा धोखाधड़ी की निगरानी/रिपोर्टिंग शामिल है. बैंक में सतर्कता तंत्र, सतर्कता कार्यों के बारे में सभी स्तरों पर मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराता है, विभिन्न अनुशासनात्मक अधिकारियों और नियुक्तिकर्ता अधिकारियों को धोखाधड़ी, शिकायतों और शाखाओं/ कार्यालयों की विभिन्न निरीक्षण रिपोर्टों में बताई गई गंभीर अनियमितताओं से उत्पन्न होने वाले मामलों की जांच में त्वरित और सही कार्रवाई करने की सुविधा उपलब्ध करवाता है.

बैंक ने नियमित अंतराल पर सभी शाखाओं की निवारक लेखा परीक्षा करवाने और प्राप्त सूचना पर पूरी सक्रियता से कार्य करते हुए क्षति को न्यूनतम स्तर पर नियंत्रित करने के लिए अंचल स्तर पर सतर्कता व्यवस्था को मजबूत बनाया है. सतर्कता टीम निवारक उपायों पर ही ध्यान केंद्रित करेगी.

बैंक में सतर्कता कार्यों के अंतर्गत तीन खंड होते हैं:

1. निवारक सतर्कता: भ्रष्ट और अन्य कदाचारों का पता लगाने और दंड की तुलना में क्षति को रोकने में निवारक उपायों का अधिक महत्व है. निवारक उपाय जैसे व्यवसाय के संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण, संवेदनशील पदों की पहचान और उन पर पदस्थ कर्मचारियों की जांच, आचरण नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना, शाखा विशिष्ट अतिसंवेदनशील विषयों पर चर्चा करने के लिए शाखा स्तर पर मासिक बैठकें, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, सतर्कता मामलों की संख्या को कम करने के लिए निरीक्षण और लेखा परीक्षा रिपोर्ट

की जांच और विभिन्न व्यावसायिक वर्टिकलों द्वारा नियमित रूप से निवारक सतर्कता परिपत्र जारी और परिचालित करना.

2. खोजी सतर्कता: खोजी सतर्कता में संवेदनशील क्षेत्र का नियमित और औचक निरीक्षण करना ताकि यह पता लगाया जा सके कि कर्मचारियों द्वारा कोई भ्रष्ट या अनुचित व्यवहार नहीं किया जा रहा है, वार्षिक संपत्ति रिटर्न की त्वरित जांच करना और यदि आवश्यक हो तो आगे की कार्रवाई करना, अपने स्रोत से गलत आचरण/कदाचार के बारे में खुफिया जानकारी एकत्र करना, उचित प्रक्रिया के बाद समुचित कार्रवाई के माध्यम से तार्किक निष्कर्ष के लिए उसकी जांच करना शामिल हैं.

3. दंडात्मक सतर्कता : यह सुनिश्चित करने के अलावा कि सभी स्तरों पर नियमों और प्रावधानों के जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण उल्लंघन में शामिल कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से दंडित किया जाए, बैंक यह भी सुनिश्चित करता है कि व्यवसाय के सामान्य संचालन के दौरान लिए गए वास्तविक निर्णयों का मूल्यांकन निष्पक्ष और आवश्यक विवेक के साथ किया जाता है.

बैंक में सतर्कता कार्य, निवारक सतर्कता प्रशासन के माध्यम से प्रणालियों और प्रक्रियाओं को मजबूत करने पर जोर देकर सक्रिय निर्णय लेने में सक्षम बनाता है. यह कमियों की पहचान करने और उन्हें दूर करने तथा धोखाधड़ी के निवारण के लिए नीतियों को तैयार करने में शीर्ष प्रबंधन को सुझाव प्रदान करने में भी एक प्रमुख भूमिका निभाता है. सक्रिय संप्रेषण के कारण अनुशासनात्मक मामलों के टर्नअराउंड समय में सुधार हुआ है जिसने त्वरित निवारण के साथ कर्मचारियों को प्रेरित करने में मदद की है.

## मानव संसाधन

बैंक के पास 82,000+ प्रतिभाशाली कर्मचारियों का समृद्ध समूह है. बैंक अपने मानव संसाधन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर नई पहलें करता है जैसे कि भर्ती, कर्मचारियों की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना, कर्मचारी नियोजन और क्षमता निर्माण.

बैंक नई अवधारणाओं, प्रथाओं और प्रक्रियाओं को अपनाने और कुछ नया करने में हमेशा अग्रणी रहा है. समामेलन के पश्चात समामेलित इकाई में मानव संसाधन नीतियों और योजनाओं को तैयार करने के लिए 'तीनों में श्रेष्ठ' दृष्टिकोण अपनाया गया था. सभी गतिविधियों के मूल में 'कर्मचारी' हैं जो प्रमुख व्यवसाय प्रवर्तक हैं. कर्मचारीयों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों की परिकल्पना करते हुए बैंक की संगठनात्मक रूपांतरण पहल के तहत, बैंक ने विभिन्न नवीन कर्मचारी केंद्रित पहलें शुरू की हैं और प्रमुख प्रणालियों और पद्धतियों को बेहतर बनाने के लिए गतिविधियां भी शुरू की हैं.

विभिन्न कर्मचारी केंद्रित पहलों के कारण बैंक को प्रतिष्ठित 'गोल्डन पीकॉक एचआर एक्सीलेंस अवार्ड 2020' से सम्मानित किया गया. यह पुरस्कार 'इंस्टीट्यूट ऑफ़ डायरेक्टर्स' द्वारा शुरु किया गया है और उन संगठनों को दिया जाता है जिन्होंने मानव संसाधन और लोक प्रबंधन पद्धतियों में समग्रतया उत्कृष्टता हासिल की है और इस प्रकार व्यवसाय, पेशे, कर्मचारियों, उद्योग और राष्ट्र की जरूरतों में योगदान किया है. वर्ष के दौरान निम्नलिखित पहलें की गईं जिनका हमारे बैंक के कार्यनिष्पादन पर प्रत्यक्ष एवं महत्वपूर्ण प्रभाव रहा:

### श्रमशक्ति योजना और भर्ती

बैंक ने विभिन्न स्तरों पर कौशल-आधारित श्रम शक्ति आवश्यकताओं के आकलन के लिए एक नया वैज्ञानिक श्रमशक्ति आयोजना मॉडल तैयार किया है. इससे बैंक को भर्ती, तैनाती, पदोन्नति, प्रशिक्षण आदि जैसे महत्वपूर्ण रणनीतिक फैसले लेने में मदद मिलेगी.

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान प्रत्यक्ष भर्ती के माध्यम से 63 अधिकारियों और 2,360 व्यवसाय सहयोगियों की भर्ती की है. बैंक ने विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अपनी क्षमताओं को सुदृढ़ और मजबूत करने के लिए मुख्य क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखने वाले विशेषज्ञ स्टाफ सदस्यों की भर्ती की है.

### बड़ौदा जेम्स 'विकास और सशक्तीकरण प्रबंधन प्रणाली'

बैंक ने अपनी मानव पूंजी की क्षमताओं को उजागर करने के लिए एक महत्वाकांक्षी यात्रा शुरू की थी. इस रूपान्तरण यात्रा में बड़ौदा जेम्स 'विकास और सशक्तीकरण प्रबंधन प्रणाली' नामक एक नई वैज्ञानिक और वस्तुनिष्ठ कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) शामिल थी जो विकासात्मक भी है और कर्मचारियों को सुधार के क्षेत्रों का सुझाव देने के लिए भी डिज़ाइन की गई है. इस मजबूत पीएमएस ने रूपांतरण पहलों के कई चरणों का मार्ग प्रशस्त किया है, इनमें से प्रत्येक का उद्देश्य अप्रयुक्त उत्पादकता को उभारना है:

- बिल्ट-इन बाजार दृष्टिकोण के साथ वैज्ञानिक और वैयक्तिक लक्ष्य निर्धारण
- इनसाइट (INSIGHT), उद्योग का पहला ऐसा टूल है जो कर्मचारियों को अपने कार्यनिष्पादन को बेहतर बनाने के लिए सिस्टम जनरेटेड फीडबैक प्राप्त करने हेतु वैयक्तिक कार्यनिष्पादन विश्लेषण और भविष्योन्मुखी प्राथमिकताएं उपलब्ध कराता है.
- जॉब फैमिली और कॅरियर पाथ डिजाइन कर्मचारियों के लिए अपनी पसंद के आधार पर करियर बनाने और एक केंद्रित कॅरियर पथ को सक्षम करने का अवसर है.
- ब्राइट एक समग्र पुरस्कार और सम्मान कार्यक्रम है जो निष्पादन को परिणाम से जोड़ता है.

### एम्पलॉयी असिस्टेंस प्रोग्राम

बैंक ने 'कार्यस्थल परामर्श' की शुरुआत की है जिसे 'एम्पलॉयी असिस्टेंस प्रोग्राम' (ईएपी) कहा जाता है. इस पहल के तहत, बैंक ने पेशेवर ईएपी सेवा प्रदाता की सेवाएं ली है, जो प्रत्यक्ष रूप से परामर्श, फोन-कॉल और वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग, ईमेल तथा चैट जैसे कई चैनलों के माध्यम से परामर्श सेवाएं प्रदान करते हैं.

कर्मचारी चिंता, अवसाद, तनाव, असुरक्षा, भय, अकेलापन, आत्मविश्वास की कमी, पारस्परिक संबंधों एवं संवाद संबंधी मुद्दे, पारिवारिक समस्याएं, शोक, किसी दर्दनाक स्थिति, बीमारी (जैसे कैंसर आदि), व्यसन, प्रेरणा, व्यक्तिगत विकास, कार्य-जीवन संतुलन या कोई अन्य समस्याएं जो मन को अशांत करती हों सहित किसी भी समस्या के लिए परामर्श सहायता प्राप्त कर सकते हैं.

### बड़ौदा अनुभूति कार्यक्रम

यह एक कर्मचारी इंगेजमेंट कार्यक्रम है, जिसे टीम एकजुटता की भावना और सहयोग तथा कार्यस्थल को खुशनुमा बनाने के लिए तैयार किया गया है. समग्र

रूप से कर्मचारी जुड़ाव के स्तरों को सशक्त बनाने हेतु विभिन्न पहलें जैसे सभी शाखाओं/कार्यालयों में माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी, स्पॉट रिकॉग्निशन–'वॉव' मूवमेंट को कैप्चर करना, मनोरंजन का समय, स्थानीय सामुदायिक सेवा/सामाजिक गतिविधियां आदि प्रारंभ की गईं हैं. सभी शाखाओं/कार्यालयों के माध्यम से छः महीनों में एक बार अनिवार्य रूप से सामुदायिक सेवा कार्यक्रम चलाए जाते हैं.

### विश्वव्यापी कोविड–19 महामारी के बीच उपाय

बैंकिंग को 'आवश्यक सेवाओं' के तहत वर्गीकृत करने के साथ ही, बैंक को कर्मचारियों को सुरक्षित रखने, ग्राहकों / सामान्य जनता को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने और व्यावसायिक परिचालनों की निरंतरता को बनाए रखने जैसे तत्काल मुद्दों पर ध्यान देने की आवश्यकता पड़ी.

बैंक की प्राथमिकता हमेशा से राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को महत्व देते हुए उन सभी देशों में, जहां बैंक परिचालित है अपने 82000 से अधिक की श्रमशक्ति के स्वास्थ्य और कल्याण की रक्षा करना रही है. इस चुनौतीपूर्ण समय में बड़ौदियनों ने एकजुट होकर कार्य किया है और **कोविड** के आकस्मिक प्रकोप के बीच संक्रमित होने संबंधी तनाव और चिंता के बावजूद भी अपनी ईमानदारी, समर्पित और अथक प्रयासों के माध्यम से राष्ट्र के आह्वान पर शानदार कार्य निष्पादन किया है.

महामारी के दौरान अपने कर्मचारियों को समय पर सहायता और सहयोग प्रदान करने हेतु बैंक द्वारा किए गए कुछ उपायों के विवरण निम्नानुसार हैं:–

- उन शहरों में कोविड पॉजिटिव स्टाफ सदस्यों के लिए आइसोलेशन रूम की व्यवस्था करना जहां गंभीर संक्रमण की स्थिति थी और अस्पताल में बिस्तरों की उपलब्धता में कमी का सामना कर रहे थे.
- कोविड–19 उपचार के लिए कर्मचारियों द्वारा हॉस्पिटलाइजेशन/ होम क्वारंटीन पर किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति करना.
- उपचार आदि हेतु किए गए विविध व्यय की चुकौती के लिए कोविड संक्रमित स्टाफ सदस्यों को ₹ 25,000/– की एकमुश्त राशि का भुगतान.
- कोविड–19 के कारण हुई मृत्यु के मामले में कर्मचारियों के आश्रितों को ₹ 30 लाख की अनुग्रह राशि/अतिरिक्त वित्तीय सहायता का भुगतान करना.
- उन कर्मचारियों के बच्चों के लिए स्नातक स्तर तक की छात्रवृत्ति, जिनकी सेवा के दौरान कोविड–19 के कारण मृत्यु हो गई है.
- कोविड से संबंधित किसी भी आपात स्थिति / स्पष्टीकरण के मामले में कर्मचारियों तक पहुंच स्थापित करने हेतु अंचल केंद्रों और कॉर्पोरेट कार्यालय में कोविड हेल्पलाइन स्थापित की गई है.
- बैंक ने अपने सभी कर्मचारियों के लिए सामान्य स्वास्थ्य और कल्याण से संबंधित किसी भी समस्या के लिए 'डॉक्टर–ऑन–कॉल' सुविधा उपलब्ध कराई है.

### ज्ञानार्जन और विकास

बैंक ने हमेशा माना है कि ज्ञानार्जन और विकास, किसी संगठन की मानव पूंजी को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. बड़ौदा गुरुकुल जोकि बैंक की व्यापक ज्ञानार्जन प्रबंधन प्रणाली है, ई–लर्निंग मॉड्यूल, बड़ौदा ट्यूब, बड़ौदा रेडियो, मार्गदर्शक, डिजिटल लाइब्रेरी, साप्ताहिक क्विज़ आदि जैसे विभिन्न चैनलों के माध्यम से ज्ञानार्जन सुविधा उपलब्ध कराती है.

बड़ौदा एपेक्स अकादमी ने निम्नलिखित पहलें करते हुए कोविड–19 महामारी के कठिन समय में भी अपने प्रशिक्षण प्रयासों को जारी रखा है और प्रशिक्षण प्रदान करने में उत्कृष्टता हासिल की है.

- बड़ौदा ई – अकादमी का शुभारंभ , माइक्रोसॉफ्ट टीम्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से वर्चुअल प्रशिक्षण.
- पीयर टू पीयर लर्निंग को अपनाने के लिए लर्नर डे पर बड़ौदा ट्यूबर 'इच वन टीच मेनी' अभियान का शुभारम्भ.
- एक नये ऑन–बोर्डिंग और मिड कैरियर कार्यक्रम का विकास.

### 'वी लीड' – एक व्यापक नेतृत्व विकास कार्यक्रम

- बैंक ऑफ़ बड़ौदा अपने कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर मानव संसाधन नीति एवं प्रक्रिया स्थापित करने में हमेशा अग्रणी रहा है. अपनी रूपांतरण प्रक्रिया के एक भाग के रूप में, बैंक ऐसे संभावित नेतृत्व की पीढ़ी तैयार करने के लिए प्रयासरत है जो नेतृत्व करने और बैंक के भावी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने में सक्षम हों.
